www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान


मां चंद्रघंटा

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 25 सितंबर 2025 | 10 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 268, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

सूर्योदय 6:11 सूर्यास्त 6:14

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 26 अधि |
| धर्मशाला | 19 न्यू | 27 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,715.63 |
| निफ्टी | 25,056.90 |

सोना 1,13,584 चांदी 1,34,089

## तृतीय चंद्रघंटा



**आज** शारदीय नवरात्र का तीसरा दिन है। नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां चंद्रघंटा को राक्षसों का वध करने वाला कहा जाता है। मां चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र हैं, जिसके कारण मां को चंद्रघंटा कहा जाता है। मान्यता है कि मां ने अपने भक्तों का कल्याण करने के लिए हाथों में त्रिशूल, तलवार और गदा रखी है।

**मां चंद्रघंटा का मंत्र:-**

*ॐ देवी चंद्रघंटायै नमः।*
*या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।*

# सीएम सुक्खू का हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संबोधन, निवेशकों को हिमाचल आने का न्योता

## शिखर सम्मेलन में इंडो-यूरोपियन बिजनेस फोरम ने लीडरशीप एंड गवर्नेंस अवॉर्ड से किया सम्मानित

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** लंदन स्थित हाउस ऑफ लॉर्ड्स में मंगलवार देर शाम हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इंडो-यूरोपियन बिजनेस फोरम के शिखर सम्मेलन को संबोधित किया।

अपने भाषण में उन्होंने निवेशकों को हिमाचल प्रदेश की ओर आकर्षित करते हुए स्वच्छ ऊर्जा, पर्यटन, बागवानी, सूचना प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में असीम संभावनाओं की ओर ध्यान दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वास और लचीलेपन पर आधारित निवेशक हितैषी नीतियों के चलते हिमाचल आज एक आकर्षक गंतव्य बन चुका है। उन्होंने राज्य की शत-प्रतिशत साक्षरता दर और हर मौसम में पर्यटकों के पसंदीदा गंतव्य के रूप में इसकी पहचान को रेखांकित किया। वहीं, मुख्यमंत्री को इंडो-यूरोपियन बिजनेस फोरम ने हिमाचल प्रदेश में उनके दूरदर्शी और परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए लीडरशीप एंड गवर्नेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया।

**कहा- निवेशक हितैषी नीतियों के चलते हिमाचल अब एक आकर्षक गंतव्य**

### व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर बन रहा हिमाचल

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार 'व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर हिमाचल' के संकल्प पर कार्य कर रही है। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी दृष्टिकोण है। प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों और योजनाओं के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश स्वच्छ और हरित ऊर्जा, पर्यटन, बागवानी, सूचना प्रौद्योगिकी, डेटा भंडारण और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हिमाचल देश में पहले ही जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इन क्षेत्रों में यूरोपीयन विशेषज्ञता और भारतीय आकांक्षाएं मिलकर मील पत्थर स्थापित कर सकती हैं।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में कई अवसर

**यूरोपीयन** निवेशकों से अपील करते हुए सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य, जैविक उत्पादों और सतत जीवनशैली के क्षेत्र में बड़े अवसर प्रदान करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यहां आने वाले निवेशकों को न सिर्फ व्यावसायिक अवसर मिलेंगे, बल्कि विश्वास, स्थिरता और साझा मूल्यों पर आधारित दीर्घकालिक साझेदारियां भी स्थापित होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल के सेब विश्व स्तर पर एक ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुके हैं। अब राज्य सब्जियों, फूलों और अन्य उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर भी विस्तार कर रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए तैयार हैं। उन्होंने जोर दिया कि प्राकृतिक खेती और डेयरी क्षेत्र में नई नीतियां विकास की राह खोल रही हैं।

इस मौके पर हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आईईबीएफ के संस्थापक विजय गोयल, लॉर्ड डेविड इवांस, मंत्री कनिष्क नारायण, सीमा मल्होत्रा, वीरेंद्र शर्मा, घाना से हिज एक्सीलैंसी सैमुअल महामा, श्रीलंका के पूर्व विदेश मंत्री डॉ. रोहितगा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


लंदन स्थित हाउस ऑफ लॉर्ड्स में इंडो-यूरोपियन बिजनेस फोरम को संबोधित करते सीएम सुक्खू।

# लेह में हिंसक प्रदर्शन, 4 की मौत

## लद्दाख को पूर्ण राज्य की मांग पर भाजपा ऑफिस और सीआरपीएफ की गाड़ी जलाई

**एजेंसी, लेह**

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में बुधवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। छात्रों ने भाजपा ऑफिस में आग लगा दी। पुलिस पर पत्थरबाजी की और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी। छात्रों की पुलिस और सुरक्षाबलों से झड़प हो गई, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। उधर, प्रशासन ने लेह में धारा 144 लगाकर बिना अनुमति रैली, प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है।

जानकारी के अनुसार, ये छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांगें पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को बंद बुलाया था, जिसमें ही यह हिंसा हुई। बता दें कि साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। (अनंत ज्ञान)


लद्दाख के लेह शहर में अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

### एक दिन पहले सोशल मीडिया पर बनी योजना

**सरकार** ने मांग को लेकर कोई तत्काल प्रतिक्रिया या बातचीत के संकेत नहीं दिए थे, इसलिए मंगलवार को सोनम के समर्थकों ने योजना बनाई की लेह में हिल काउंसिल के ऑफिस के सामने जाकर प्रदर्शन करेंगे। लद्दाख के यूटी बनने के बाद से हिल काउंसिल का दफ्तर सबसे प्रमुख प्रशासनिक केंद्र है। रात में ही सोशल मीडिया चैनल्स के जरिए प्रोटेस्ट कॉल किया गया था।

### लेह में 4 से अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध

**लेह** में चार से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार लेह में पूर्व लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने चार दिवसीय लद्दाख महोत्सव के अंतिम दिन का कार्यक्रम भी रद्द कर दिया है।

### वांगचुक ने अनशन तोड़ा हिंसा न करने की अपील



**प्रदर्शन** के हिंसक होने पर सोनम वांगचुक ने कहा, 'यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इसे रोक दें, यह लद्दाख के मुद्दे का समर्थन नहीं है। इससे स्थिति और गंभीर होती जाएगी। मैं अपील करता हूं प्रशासन गोलाबारी रोक दे। हम अपना अनशन तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं। हम चाहते हैं कि प्रशासन अपना दबाव छोड़ दें। युवा भी हिंसा रोक दें, हमारी यही अपील है। वहीं, जेएंडके के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में सरकार की विफलताओं की आलोचना करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार ने पूर्ण राज्य की मांग (स्टेटहुड) को बहाल नहीं किया है। यह जनता के साथ नाइंसाफी है।

# प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य संस्थानों के लिए स्वीकृत किए 24 .44 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों की इमारतों और अधोसंरचना को मजबूती देने के लिए 24.44 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की है। यह निर्णय स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार की मंशा है कि प्रदेश के लोग गुणवत्तापूर्ण विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का लाभ अपने घर-द्वार पर उठा सकें और उन्हें उपचार के लिए बाहर न जाना पड़े।



प्रदेश सरकार का मानना है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिल रही है। राज्य में चिकित्सा महाविद्यालयों और अस्पतालों में अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, ताकि मरीजों को बेहतर और विशेषज्ञ सेवाएं मिल सकें। सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इसका लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जता रही है।

**मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को उपलब्ध करवाए जा रहे अत्याधुनिक उपकरण**

### किन-किन संस्थानों के लिए कितनी धनराशि

**प्रदेश** सरकार की ओर से मंजूर की गई राशि में जिला कुल्लू में कैथ लैब की स्थापना के लिए 7.92 करोड़ रुपए शामिल हैं। नागरिक अस्पताल नादौन में टाइप-3 और टाइप-4 आवासों तथा अतिरिक्त खंड के निर्माण के लिए 2.64 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। नागरिक अस्पताल कंडाघाट के लिए 1.98 करोड़ रुपए और जिला ऊना के नागरिक अस्पताल अंब के लिए 3.30 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसके अतिरिक्त कांगड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हमीरपुर में चिकित्सकों के आवास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देहरा के भवन, देहरा नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों के आवास, कांगड़ा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनखंडी और ऊना जिले के गगरेट अस्पताल के लिए प्रत्येक को 1.32 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

## गुमला में मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**एजेंसी, रांची।** झारखंड के गुमला जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के लवादाग जंगल में बुधवार की सुबह झारखंड जगुआर और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने नक्सलियों के ठिकाने पर छापा मारा। इस मुठभेड़ में तीन कुख्यात नक्सली मारे गए, जबकि दो अन्य फरार हो गए। मुठभेड़ के बाद मौके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। इनमें एके-56 राइफल, एक एसएलआर और एक इंसास राइफल शामिल हैं। इसके अलावा कई मैगजीन और कारतूस भी पुलिस ने जब्त किए हैं। सुरक्षाबलों ने मारे गए तीन उग्रवादियों में से एक की पहचान बेलगड़ा गांव निवासी दिलीप लोहरा के रूप में की है। पुलिस के अनुसार वह कई मामलों में वांछित था। बाकी दो माओवादी की पहचान की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हमीरपुर कांग्रेस की बैठक में हुआ हंगामा, हाथापाई पेज 2
- सीमेंट पर केंद्र ने घटाया टैक्स कांग्रेस ने बढ़ा दिया बोझः जम्वाल -पेज 3
- बनोई-कुठमां के बीच एनएच का वीआईपी पैच बदहाल -पेज 4
- त्रिलोचन कोठी-वन्योरका सड़क बदहाल, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा -पेज 9
- लाहौल पहुंचे नेता प्रतिपक्ष, प्रभावितों से मिलकर बांटा दुख-दर्द -पेज 11


# रेलवे कर्मचारियों को केंद्र सरकार ने दिया तोहफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों को दिवाली पर बोनस देने का ऐलान किया। 24 सितंबर को हुई कैबिनेट मीटिंग में रेलवे कर्मचारियों के लिए प्रोडक्टिविटी-लिंक्ड बोनस को मंजूरी दी गई। इसके लिए 1,866 करोड़ रुपए का बजट दिया गया, जिसका फायदा 10.90 लाख रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा। यह बोनस नॉन गजेटेड रेलवे कर्मचारियों को दिया जाएगा, ताकि भारतीय रेलवे की कार्यकुशलता और प्रदर्शन में उनके योगदान को सम्मान मिले। पिछले साल करीब 11 लाख रेलवे कर्मचारियों को यह बोनस मिला था, जिससे न सिर्फ उनका हौसला बढ़ा, बल्कि त्योहारी सीजन में खरीददारी को भी बढ़ावा मिला। यह बोनस न केवल कर्मचारियों के लिए राहत की बात है, बल्कि बाजार के लिए भी अच्छी खबर है। दुकानदार और कारोबारी दिवाली के दौरान ज्यादा डिमांड की उम्मीद कर रहे हैं, खासकर हाल ही में जीएसटी में की गई कटौती के बाद उनकी उम्मीद बढ़ गई है। रेलवे कर्मचारी, जो शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में एक बड़ा उपभोक्ता वर्ग हैं, इस बोनस से इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े और अन्य सामान की खरीददारी बढ़ा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

- **1866 करोड़ के दिवाली बोनस का ऐलान**
- **10.90 लाख कर्मचारियों को मिलेगा फायदा**

## सीएम सुक्खू और उनकी माता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उनकी माता के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र व अपमानजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में साइबर क्राइम थाना शिमला में एफआईआर दर्ज की गई है। हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव डॉ. रंजीत सिंह वर्मा की शिकायत पर हुई इस एफआईआर में आरोप लगाया गया कि एक व्यक्ति ने फेसबुक पर मुख्यमंत्री और उनकी माता के लिए अशोभनीय और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया, जो न केवल मुख्यमंत्री और उनके परिवार की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि प्रदेश की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला भी है। शिकायत पर साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शिकायत की गंभीरता को देखते हुए बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

# जब तक किसी को फांसी न दी जा रही हो याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं : सुप्रीम कोर्ट

## वकीलों से किया सवाल-क्या आपको जजों की समस्याओं का है ख्याल?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस सूर्यकांत ने बुधवार को कहा कि वे किसी मामले को उसी दिन लिस्ट करने (सुनवाई के लिए लगाने) का आदेश तभी देंगे, जब किसी की फांसी होने वाली हो। उन्होंने वकीलों से यह भी सवाल किया कि क्या कोई जजों की स्थिति, उनके काम के घंटे और नींद की कमी को समझता है।

जस्टिस सूर्यकांत की यह टिप्पणी तब आई जब एक वकील ने तुरंत सुनवाई की मांग की। जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ में जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह भी शामिल थे। यह पीठ उन मामलों की मेनशनिंग (यानी तुरंत सुनवाई के लिए अनुरोध) सुन रही थी। (अनंत ज्ञान)

### वकील ने की थी घर की नीलामी रोकने की अपील



**सुनवाई** के दौरान वकील शोभा गुप्ता ने जस्टिस सूर्यकांत के सामने एक मामला रखा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में एक रिहायशी मकान की नीलामी आज ही होनी है, इसलिए इस केस को तुरंत सूचीबद्ध किया जाए। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा, 'जब तक किसी की फांसी होने वाली न हो, मैं उसी दिन केस लिस्ट नहीं करूंगा। आप लोग जजों की स्थिति नहीं समझते। आपको अंदाजा भी है कि हम कितने घंटे काम करते हैं और हमें कितनी कम नींद मिलती है? जब तक किसी की आजादी दांव पर न हो, उसी दिन केस लिस्ट नहीं होगा।'

### दो महीने तक सुनवाई की उम्मीद न करें

**जब** वकील ने आग्रह जारी रखा तो जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि नीलामी का नोटिस कब जारी हुआ था। इस पर शोभा गुप्ता ने बताया कि नोटिस पिछले हफ्ते ही जारी हुआ था और बकाया राशि का कुछ हिस्सा पहले ही जमा कर दिया गया है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि इस मामले की तुरंत सुनवाई की उम्मीद न रखें और इसे अगले दो महीने तक सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा। हालांकि, बाद में उन्होंने राहत देते हुए कोर्ट मास्टर को आदेश दिया कि इस केस को शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाए।

## युवती ने एसडीएम पर लगाया रेप का आरोप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एक युवती ने एसडीएम ऊना पर दुराचार करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही युवती का मेडिकल परीक्षण भी करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि उसकी एसडीएम से पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। इसके बाद बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ और अधिकारी कई बार उसे अपने कार्यालय बुलाते रहे। करीब डेढ़ माह पहले जब वह एसडीएम के ऑफिस पहुंची, तो कुछ देर बातचीत के बाद अधिकारी ने उसे निजी कक्ष में बुलाया, यहां उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने शिकायत करने की बात कही तो अधिकारी ने ऑफिस में बनाई गई वीडियो का हवाला देकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। एसपी अमित यादव ने बताया कि युवती की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## जम्मू-कश्मीर और पंजाब में राज्यसभा के लिए 24 अक्तूबर को होंगे उपचुनाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की 4 राज्यसभा सीटों और पंजाब की एक राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव कराने की घोषणा कर दी गई है। उपचुनाव 24 अक्तूबर को होगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर बताया कि इन चुनावों की मतगणना भी उसी दिन की जाएगी। ईसी ने बताया कि चुनाव की नोटिफिकेशन 6 अक्तूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 13 अक्तूबर रहेगी। नामांकन की जांच 14 अक्तूबर तक की जाएगी। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में फरवरी 2021 से ही राज्यसभा सीटें खाली थीं। 15 फरवरी 2021 को संसद के उच्च सदन से गुलाम नबी आजाद और नजीर अहमद लवाय का कार्यकाल खत्म हो गया था। वहीं, दो और सांसदों- फयाज अहमद मीर और शमशेर सिंह मन्हास का कार्यकाल 10 फरवरी 2021 को पूरा हुआ था। उधर, पंजाब में इसी साल जुलाई में सांसद संजीव अरोड़ा के इस्तीफे के बाद सीट खाली हुई थी। (अनंत ज्ञान)

**मानसून** | अगले दो-तीन दिन में हिमाचल प्रदेश से पूरी तरह लौट जाएगा मानसून

# तबाही के निशान छोड़ वापस लौटने लगा मानसून

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईएमडी ने बुधवार को जानकारी दी कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने हिमाचल प्रदेश से वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह वही मानसून है, जिसने जून से सितंबर तक राज्य को अभूतपूर्व आपदाओं की शृंखला में झोंक दिया। बाढ़, भूस्खलन और लगातार बारिश ने पहाड़ों का सीना छलनी कर दिया।

शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य के कई हिस्सों से मानसून विदा हो चुका है और शेष इलाकों में इसकी ताकत कमजोर पड़ गई है। आधिकारिक वापसी रेखा अब रामपुर बुशहर से होकर गुजर रही है और उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात व मध्य प्रदेश के हिस्सों तक फैल चुकी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो-तीन दिनों में हिमाचल और जम्मू-कश्मीर से मानसून पूरी तरह लौट जाएगा।



जानकारी के अनुसार कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री और ऊना में अधिकतम 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अधिकांश स्थानों पर दिन और रात का तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री अधिक रहा। 30 सितंबर तक मौसम साफ और शुष्क रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने किसी प्रतिकूल चेतावनी से इनकार किया है। हालांकि आसमान साफ होने की खबर राहत देती है, मगर इस बार का मानसून गहरी चोटें छोड़ गया है। 20 जून को शुरू हुई बारिश ने कई दशकों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। पुल और बांध बह गए, लगभग 15 हजार मकान व दुकानें जमींदोज हुईं और करीब 450 लोगों की जान चली गई। राज्य सरकार ने जान-माल के कुल नुकसान का आकलन लगभग 50 हजार करोड़ रुपए किया है।

### प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना जरूरी

**प्रदेश** के लिए इस वर्ष मानसून की वापसी केवल मौसम के बदलते चक्र का संकेत नहीं है, बल्कि हाल के इतिहास की सबसे बड़ी आपदा से उबरने का कठिन अध्याय भी है। यह वापसी आने वाली सर्दियों की दस्तक जरूर है, लेकिन बीते महीनों के जख्म आने वाले लंबे समय तक राज्य के लोगों को याद दिलाते रहेंगे कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना कितना आवश्यक है।

# एच-1बी वीजा लॉटरी सिस्टम को खत्म करेगा ट्रंप प्रशासन

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को एच-1बी वीजा चयन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया है। इसके तहत अमेरिका में एच-1बी वीजा पाने के नियम बदल सकते हैं। अभी तक यह वीजा लॉटरी सिस्टम के जरिए मिलता है, लेकिन नई योजना के मुताबिक अब ज्यादा वेतन वाली नौकरियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

इसका मतलब अगर किसी साल आवेदन 85,000 की तय सीमा से ज्यादा आते हैं, तो उन लोगों के चुने जाने की संभावना ज्यादा होगी, जिनकी नौकरी में वेतन ऊंचा है। नए नियम के तहत सभी उम्मीदवारों को लेबर डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के आधार पर चार सैलरी कैटेगरी में रखा जाएगा। सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले, जिन्हें लगभग 1,62,500 डॉलर (करीब 1.44 करोड़ रुपए) सालाना वेतन मिलता है, वे लॉटरी में चार बार शामिल होंगे। सबसे कम सैलरी वाले सिर्फ एक बार शामिल होंगे। इसका मकसद है कि हाई स्किल्ड और हाई सैलरी वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता मिले। हाई सैलरी सिस्टम के आधार पर वीजा देने का प्रस्ताव फेडरल रजिस्टर में जारी हो चुका है। इस पर 30 दिन तक जनता की राय ली जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**अब मोटी सैलरी वालों का होगा चयन, 1.44 करोड़ रुपए वाले को मिलेंगे चार मौके**

# हमीरपुर कांग्रेस की बैठक में हंगामा, हाथापाई

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान


हमीरपुर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक के दौरान आपस में उलझते कार्यकर्ता।

**हमीरपुर।** विकास पर चर्चा के लिए हमीरपुर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में कुछ कार्यकर्ता आपस में ही उलझ गए और उन्होंने जमकर हंगामा कर दिया। नौबत यहां तक आ पहुंची कि उन्हें बैठक के बाहर करना पड़ा। इस दौरान धक्का-मुक्की और हाथापाई भी हो गई। गनीमत यह रही कि इसमें कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई।

महत्वपूर्ण यह है कि बैठक में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया, हमीरपुर से पार्टी प्रत्याशी रहे डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील शर्मा सहित काफी तादाद में वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ता पहुंचे हुए थे। बैठक जैसे ही शुरू हुई तो किसी बात को लेकर कुछ कार्यकर्ताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया और यह हंगामा बैठक के बाहर रेस्ट हाउस के प्रांगण में भी धक्का-मुक्की में बदल गया। कुछ देर बाद सब कुछ शांत हो गया और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने इस पर जल्दी ही कंट्रोल पा लिया। उसके बाद बैठक शुरू हुई, लेकिन इस बैठक में हुई इस तरह की घटना को लेकर खूब चर्चा हो रही है। दरअसल में हमीरपुर जिला में सभी विधानसभा क्षेत्र में विकास पर चर्चा के नाम पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बुधवार को बारी हमीरपुर ब्लॉक की थी। बाद में इस बैठक में जिला में हो रहे अलग-अलग क्षेत्र के विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई। हमीरपुर ब्लॉक में जो कुछ हो रहा है व जो नए प्रोजेक्ट्स बेहतर तरीके से और कोई ऐसे थे जो बरसों से लटके हुए थे। उनके काम पर भी चर्चा हुई नेताओं का कहना था कि इन कार्यों की प्रशंसा होनी चाहिए जैन जनता तक इनका आभास होना चाहिए ताकि हमीरपुर में कांग्रेस और मजबूत हो।

**विकास पर होनी थी चर्चा लेकिन आपस में ही उलझ गए वर्कर्स**

## जिम्मेदारियों का दायित्व समझें कार्यकर्ता: बिट्टू

**सुनील** शर्मा बिट्टू का कहना था कि कार्यकर्ता जिम्मेदारियों का दायित्व समझें। आने वाले विधानसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होंगे। क्योंकि सुक्खू को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि मुझे टिकट नहीं मिलता, केवल जिम्मेदारियां मिलती हैं और बेहतर तालमेल के साथ वे इन्हें मुकम्मल करने में कार्यकर्ताओं के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि बहुत बेहतर तरीके से यह सरकार काम कर रही है और मुख्यमंत्री ने इस जिला में जो प्रोजेक्ट शुरू किए हुए हैं, उनको लोगों के बीच ले जाने के लिए कार्यकर्ताओं को बेहतर तालमेल के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। उनका बाद में कहना था कि अपने-अपने अंदाज में हर कार्यकर्ता अपनी बात रखता है। जो आज हुआ है, उसका भी तरीका अपना-अपना है। कोई प्रयोगात्मक तरीके से, तो कोई भावनात्मक तरीके से आकलन करता है। परिवार में ओपन तरीके से बात की जा सकती है और उसी को कार्यकर्ताओं ने शायद रखने का प्रयास किया है।

## आम आदमी की पार्टी है कांग्रेस: कुलदीप पठानिया

**पूर्व** विधायक कुलदीप पठानिया का कहना था कि हमीरपुर से भाजपा के दो बार मुख्यमंत्री बने। लेकिन बस अड्डा नहीं बना। कांग्रेस आम आदमी की पार्टी है और इसमें कार्यकर्ताओं को विजन और अनुशासन के साथ बैठक में आना चाहिए। आपस में टकराने या लड़ने की जरूरत नहीं समझनी चाहिए।

## बेवजह खलल डालने पहुंचे कुछ कार्यकर्ता: सुनील

**ब्लॉक** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार का कहना था कि कार्यकर्ता अपनी बात रखने के लिए आए थे लेकिन कुछ ऐसे भी थे जो शायद बेवजह का खलल डालने के लिए पहुंचे थे। कांग्रेस से उनका वास्ता नहीं था। उन्हें बैठक से बाहर किया गया, उसके बाद बैठक शुरू हो गई और यह बैठक बेहतर तरीके से आयोजित हुई है।

## सीएम ने वर्षों पुराने लटके कई प्रोजेक्ट्स किए शुरू: पुष्पेंद्र

**पार्टी** प्रत्याशी रहे डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा का कहना था कि हमीरपुर में मुख्यमंत्री ने लटके हुए वर्षों पुराने कई प्रोजेक्ट्स को शुरू किया। कई नए शुरू किए। इससे बड़ी और कोई बात नहीं हो सकती, लेकिन कुछ लोगों ने अपने अंदाज में बैठक में अपनी बात रखने का प्रयास किया है। ठीक है उनकी बात पर अमल हुआ है, पंचायत से आए हुए लोगों ने बात रखी है। इसे हंगामा नहीं कहा जा सकता।

## बैठक की जानकारी नहीं: रोहित



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और हमीरपुर से विधानसभा चुनाव में प्रमुख दावेदार रहे एडवोकेट रोहित शर्मा का कहना था कि उन्हें आज की बैठक की कोई जानकारी ही नहीं थी। अगर जानकारी होती तो निश्चित रूप में इस बैठक में पहुंचते। लेकिन शायद कुछ लोगों को ही इसकी जानकारी थी, ऐसी बैठकों में सभी कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ हों या कनिष्ठ, बुलाना चाहिए। तभी इनका महत्व सार्थक होगा।

# हमीरपुर कांग्रेस की बैठक में तमाचों में दिखा असली रिपोर्ट कार्ड: राजेंद्र

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने कहा है कि जिला कांग्रेस की बैठक में जिस तरह नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच थप्पड़ और लात-घूंसे चले, उससे कांग्रेस के असली वर्किंग स्टाइल का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी राजनीतिक दल की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा एक-दूसरे के चेहरे पर तमाचे जड़कर हुई। इससे साफ हो गया है कि धरातल पर विकास शून्य है और कांग्रेस नेता एक-दूसरे को थप्पड़ मारकर ही पार्टी की सेवा करने में जुटे हैं।

जारी प्रेस बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री के अपने जिले में ऐसी घटना होना पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश आपदा से जूझ रहा है, मगर मुख्यमंत्री बिना सरकारी कार्यक्रम जारी किए विदेश निकल गए और पीछे शायद अपने कार्यकर्ताओं को यही संदेश देकर गए कि आपस में लड़ते रहो और जनता को विकास की गाथा सुनाते रहो। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के पास जनता को दिखाने के लिए कोई ठोस उपलब्धि नहीं है। यही कारण है कि कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़कर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस को जनादेश विकास के लिए दिया था, लेकिन सरकार के ढाई साल बीतने के बावजूद आज प्रदेश की हालत बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बैठकें अब विचार-विमर्श का मंच न होकर अखाड़ा बन चुकी हैं। जिस पार्टी के नेता अपनी ही पार्टी में एक-दूसरे को थप्पड़ मारने पर उतारू हों, वह जनता की समस्याओं का हल कैसे निकाल सकते हैं। राणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार का 'विकास मॉडल' अब जनता के सामने खुलकर आ चुका है। कागजों में प्रोजेक्ट और मंचों पर वादे, जबकि जमीन पर केवल तमाचे और घूंसे। उन्होंने कहा कि अगर यही कांग्रेस की उपलब्धि है तो जनता आने वाले चुनाव में इन्हें भी वैसा ही 'जवाबी तमाचा' जरूर देगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मनवी में 120 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल, मनवी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच की गई। शिविर में काय चिकित्सा, स्त्री रोग, बाल रोग, ईएनटी (कर्ण-नाक-गला) रोग तथा नेत्र रोगों के लिए अलग-अलग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ. विजय कुमार ने किया। इस अवसर पर आसपास के आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों से आए चिकित्सक एवं स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया। शिविर में कुल 120 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। मरीजों को निःशुल्क परामर्श, चिकित्सा परीक्षण, आयुर्वेदिक जीवनशैली संबंधी जागरूकता एवं निःशुल्क औषधियां प्रदान की गईं। कुछ रोगियों के रक्त जांच भी मौके पर किए गए।

### एनसीसी कैडेट शायना का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महल की एनसीसी कैडेट शायना चौधरी ने ऑल इंडिया थल सेना कैंप, दिल्ली में भाग लेकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने पीबी, एचआर, एचपी और चंडीगढ़ डायरेक्टरेट की शूटिंग टीम में भाग लिया। चयन से पहले शायना ने इंटर ग्रुप प्रतियोगिता व तीन प्री-थल सेना कैंपों में कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यालय में लौटने पर प्रधानाचार्य सीमा डोगरा व एनसीसी अधिकारी सीमा ने उनका स्वागत किया। स्मृति चिन्ह और प्रोत्साहन राशि देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्टाफ, छात्र और माता-पिता उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने शायना को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### राज राजेश्वरी स्कूल का वैदिक मंत्रों से शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी कॉलेज शिक्षा महाविद्यालय भोटा में राज राजेश्वरी इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ वैदिक मंत्रों और हवन से किया गया। इस अवसर पर राज राजेश्वरी एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन मनजीत सिंह, सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, प्रिंसिपल डॉ राज कुमार धीमान, समस्त प्राध्यापक वर्ग, अभिभावक व कॉलेज के प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य पर कन्या पूजन किया गया व सभी उपस्थित मेहमानों को हलवा, चने व मिठाई बांटी गई।

### युवाओं ने लिया राष्ट्र सेवा का संकल्प

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों ने परिसर को सजाया और राष्ट्र सेवा की शपथ ली। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कहा कि शिक्षा और समाज सेवा एक-दूसरे के पूरक हैं और युवाओं को एनएसएस से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार ने 'मुझको नहीं, तुमको' के संदेश को समझाया और बताया कि यह योजना महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित है। स्वयंसेविका ख़ुशी चौहान ने कहा कि एनएसएस युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाता है और उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय के अध्यापकगण भी उपस्थित रहे और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। यह योजना युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करती है और देश के उज्ज्वल भविष्य की आशा है।

### पौष्टिक व्यंजनों से बताया पोषण का महत्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना हमीरपुर के सौजन्य से ग्राम पंचायत बाड़ी फरनोहल के गांव कलरी में राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर स्थानीय पौष्टिक व पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को सही पोषण के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत उपप्रधान अश्वनी कुमार ने की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने लोगों को पारंपरिक व्यंजनों तथा स्थानीय मौसमी फल-सब्जियों को अधिक से अधिक प्रयोग करने, जंक फूड से दूर रहने तथा नमक, चीनी, तेल और मैदे का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी। इस अवसर पर वृत पर्यवेक्षक तिलकराज, जिला पोषण समन्वयक साहिल परिहार और खंड पोषण समन्वयक रीता कुमारी ने भी संबंधित विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम में स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता देवी, सुमन कुमारी, पूनम कुमारी, सुषमा देवी, अनिता कुमारी और निर्मला, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, गर्भवती व धात्री माताएं और अन्य ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

### 64 रक्तदाताओं ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** दरिद्र नारायण कल्याण समिति घुमारवीं के सहयोग से कैरियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी, हमीरपुर में शैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत सम्मानित रक्तदाता पुनीत गुलेरिया ने तीसरी बार रक्तदान कर की। शिविर में कुल 135 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 64 ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। एम्स अस्पताल बिलासपुर के डॉ. आयुष और उनकी टीम ने शिविर में समुचित सहायता प्रदान की। रक्तदाताओं को समिति अध्यक्ष शहजाद सिंह चौहान, विद्यासागर धीमान, निखिल शर्मा, मनीष कुमार और यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार गुलशन संधू ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह आयोजन समाज में रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल नादौन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस गीत से हुई। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य मोहम्मद दिल्शी ने। कार्यक्रम में वालंटियरों ने पहाड़ी गीत 'कल कागा' प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। निशांत ने युवाओं में एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एनएसएस ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार व अरविंद कुमार ने स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कई शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# पुन: रोजगार वाले सेवाकाल को पेंशन योग्य न मानने के आदेश का हो संशोधन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

प्रदेश में बीच सत्र रिटायर हो रहे शिक्षकों की सेवाएं सत्र के अंत तक ली जा रही हैं। वित्त विभाग द्वारा 27 अगस्त को इसकी अधिसूचना जारी की गई थी। इस अधिसूचना अनुसार पुनः रोजगार वाले सेवाकाल को पेंशन योग्य नहीं माना जाएगा और इस अवधि में किसी भी प्रकार के अवकाश देय नहीं होगा। हिमाचल प्रदेश राजकीय टीजीटी कला संघ ने सरकार से इस आदेश में तुरंत संशोधन की मांग की है।

संघ ने कहा है कि सत्र के अंत तक कार्यरत शिक्षकों के लिए आकस्मिक या अर्जित अवकाश की स्पष्ट व्यवस्था की जाए और इस बढ़े हुए सेवाकाल को पेंशन गणना के लिए वैध माना जाए। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने जारी प्रेस बयान में तर्क दिया कि 58 वर्ष की आयु के बाद शिक्षकों को आकस्मिक या चिकित्सकीय अवकाश की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, ऐसे में अवकाश का पूर्ण अभाव न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने आग्रह किया कि शिक्षकों को इस अतिरिक्त सेवाकाल में पूर्ववत सभी सुविधाएं और पद की गरिमा यथावत दी जाए।

## वेतन कटौती के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**इसी** बीच वेतन रिकवरी के एक अन्य मुद्दे को लेकर भी विवाद गहराया है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि शिक्षा विभाग ने वर्ष 2014 से प्रभावी अधिसूचना को हाल ही में बदलते हुए ट्रांसफर के बाद नॉन ज्वाइनिंग अवधि के अर्जित अवकाश को असाधारण अवकाश मानते हुए उस अवधि का वेतन न देने का निर्णय लिया है। इसके तहत वेतन बिलों में कटौती के आदेश जारी कर निदेशालय ने कई स्कूलों के सैलरी स्वीकृति मामलों को लौटा दिया है। इस निर्णय के खिलाफ स्थगन आदेश प्राप्त करने के लिए संघ के सदस्यों ने मामला हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में दायर किया है।

## शिक्षकों की वेतन रिकवरी पर रोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्थानांतरण के उपरांत नॉन-ज्वाइनिंग अवधि के वेतन की रिकवरी को लेकर प्रदेश हाईकोर्ट ने शिक्षकों को राहत देते हुए स्थगन आदेश जारी किए हैं। हाल ही में स्कूल शिक्षा निदेशालय ने निर्देश दिए थे कि ट्रांसफर के बाद की अनुपस्थिति अवधि को अर्जित अवकाश से नियमित नहीं किया जाएगा और इसे केवल बिना वेतन अवकाश माना जाएगा। इसके चलते कई शिक्षकों से समायोजन अवधि के वेतन की वसूली के आदेश जारी कर दिए गए थे। इस फैसले के खिलाफ टीजीटी कला संघ के सदस्यों ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट का रुख किया। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि 2014 की अधिसूचना को हाल में बदलते हुए, निदेशालय ने कई स्कूलों के वेतन स्वीकृति मामलों को कटौती के साथ लौटा दिया था। न्यायाधीश संदीप शर्मा ने इस मामले में स्थगन आदेश पारित किए, जिससे याचिकाकर्ताओं को वेतन कटौती से अस्थायी राहत मिल गई है। यह निर्णय हजारों शिक्षकों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकता है।

# व्यवस्था परिवर्तन से प्रदेश को मिलने लगा अरबों रुपए का राजस्व: धर्माणी

## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने नादौन में किया इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

शशि सोनल, अनंत ज्ञान


नादौन में इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन पर मंत्री राजेश धर्माणी।

**नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय डिग्री कॉलेज नादौन में प्रदेश विश्वविद्यालय की चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता शुरू हो गई है। जिसमें प्रदेश के 70 कॉलेज की टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर आयोजित समारोह मे तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर अतिथि शिरकत की। जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय के सीईओ डॉ. गोपाल गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के बाद मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि कबड्डी जैसा पारंपरिक भारतीय खेल अब एक नई ग्लैमर्स पहचान के साथ विश्व के सामने आया है और कई युवा इसे एक करियर के रूप में अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ढाई वर्ष के कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू के व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प के कारण आज हिमाचल को हर महीने करोड़ों रुपए का अतिरिक्त राजस्व मिलने लगा है। कड़छम-वांगतू जलविद्युत परियोजना से 18 प्रतिशत रॉयल्टी के रूप में 150 करोड़ रुपए और होटल वाइल्ड फ्लॉवर हॉल से 1.77 करोड़ रुपए मिलने शुरू हुए हैं। इसी प्रकार, सार्वजनिक उपक्रमों को पूर्व में आवंटित एवं निर्माणाधीन विद्युत प्रोजेक्टों, मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण तथा कई औद्योगिक घरानों को नाममात्र लीज फीस पर भूमि आवंटन जैसे मुद्दों पर भी मुख्यमंत्री ने कड़ा स्टैंड लिया है, जिससे हिमाचल को आने वाले समय में अरबों रुपये का राजस्व मिल सकता है।

धर्माणी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए सभी संसाधनों का सदुपयोग सुनिश्चित किया है। प्रदेश में कई ऐसे स्कूल थे, जहां स्टाफ तो पूरा था, लेकिन इनमें कोई भी विद्यार्थी नहीं था या इनकी संख्या बहुत कम थी। इन सभी स्कूलों को बंद या मर्ज करके गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर जोर दिया गया है। इसी के परिणामस्वरूप शिक्षा की गुणवत्ता में हिमाचल ऊंची छलांग लगाते हुए 21वें नंबर से तीसरे नंबर पर पहुंच गया है।

इस अवसर पर मेजबान कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों, विभिन्न कॉलेजों के टीम प्रभारियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन पृथी चंद, नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी, हिमुडा के निदेशक मंडल के सदस्य राजेश बन्याल, अन्य बोर्डों एवं निगमों के निदेशक मंडल के सदस्य सहित कई उपस्थित थे।

# आपदा में राहत नहीं, जेब पर डाका डाल रही कांग्रेस सरकार: अनुराग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

**मोदी सरकार ने घटाया जीएसटी, कांग्रेस ने बढ़ाया सीमेंट टैक्स**

**हिमाचल में महंगाई का नया हथियार बनी कांग्रेस हर वर्ग को किया परेशान**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल में आपदा के समय सरकार जनता की जेब पर डाका डाल रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव शुरू कर



देशभर में राहत दी, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस सरकार ने हिमाचल में सीमेंट के दाम बढ़ाकर जनहित से खिलवाड़ किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन मोदी सरकार ने सीमेंट पर जीएसटी 28% से घटाकर 18% कर दी, लेकिन हिमाचल सरकार ने टैक्स बढ़ाकर प्रति बैग 5 रुपये महंगा कर दिया। यह जनता की पीड़ा को नजरअंदाज कर केवल राजस्व वसूली और स्वार्थ की राजनीति है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में हिमाचल को 1500 करोड़ की आपदा राहत दी, लेकिन प्रदेश सरकार राहत पहुंचाने के बजाय केवल दोषारोपण में लगी है। सीमेंट से पहले कांग्रेस सरकार पेट्रोल, डीजल और बस किराए में भी बढ़ोतरी कर चुकी है।

अनुराग ठाकुर कहा कि हिमाचल के इतिहास की ये सबसे निकम्मी सरकार है जिसने प्रदेश के हर वर्ग को सिर्फ ठगने और जनता पर महंगाई कि बोझ डालने का काम किया है। पहले पेट्रोल, डीजल, बस किराए व अब सीमेंट के दामों में बढ़ोत्तरी हिमाचलवासियों के साथ धोखा है।

## ऋण व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाएं पात्र लोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम कार्यालय परिसर टाउन हॉल में बुधवार को लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया। निगम के नवनियुक्त आयुक्त राकेश शर्मा ने इस मेले का शुभारंभ किया और इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए नगर निगम के आयुक्त ने बताया कि लोक कल्याण मेले का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना है, ताकि पात्र एवं जरूरतमंद लोग इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी-फड़ी धारकों के लिए 7 प्रतिशत सब्सिडी के साथ 15000, 25000 और 50000 रुपये के ऋण का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी तथा डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की अपील की।

## एनडीपीएस मामले का आरोपी पंजाब से पकड़ा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में नशा उन्मूलन के लिए चलाए गए अभियान के अंतर्गत थाना सदर हमीरपुर में पंजीकृत मामलों के अंतर्गत एनडीपीएस अधिनियम जिसमें 6.56 ग्राम हेरोईन (चिट्टा) बरामद की थी। जिसमें नितिन कुमार निवासी गांव कैहरवीं डाकघर बलोह तहसील भोरंज की गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा जांच के दौरान टौणी देवी से विकास चंदेल पुत्र पुरुषोतम गांव समलेड़ा का नाम सामने आने पर उसे खरड़, पंजाब से गिरफ्तार किया गया। जिसे माननीय अदालत में पेश किया गया व माननीय अदालत हमीरपुर से तीन दिनों का पुलिस रिमांड मिला।

## छात्रों ने दोहा-गान, कविता-पाठ से मोहा मन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर अध्यापक और विद्यार्थी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बनाए। समापन दिवस पर कक्षा सातवीं के छात्रों ने दोहा-गान से कार्यक्रम में ऊर्जा भरी। छात्राओं आराध्या, मन्नत और प्रियांशी ने हिन्दी दिवस पर अपने विचार साझा किए जबकि कनिष्क वर्ग के छोटे बच्चों ने भावपूर्ण कविता-पाठ से सबका मन मोह लिया। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा, जो मुख्य अतिथि थे, ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की भी सीख दी।

## युवाओं को नशे से दूर रहने की दी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** माय भारत अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य से शिव शक्ति युवक मंडल बकारटी द्वारा खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें बैडमिंटन वॉलीबॉल रस्साकशी 100 मीटर दौड़ व अन्य विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बैडमिंटन में प्रथम स्थान पर नवीन और वॉलीबॉल में नाल्टी की टीम रस्साकशी में बकारटी की टीम और 100 मीटर में कार्तिक प्रथम स्थान पर रहे। इस खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी विवेक वर्मा, नेहरू युवा केंद्र के हमीरपुर के जिला युवा अधिकारी दीप माला ठाकुर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में समापन समारोह में विशेष अतिथि पूर्व में रहे अध्यक्ष कौशल विकास निगम हिमाचल प्रदेश और सर्व कल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी।

## नशीले पदार्थों के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय उच्च पाठशाला ख्याह में बुधवार को बच्चों को नशीले पदार्थों व दवाओं के दुरुपयोग कार्यक्रम में जागरुक किया गया। एएसपी राजेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए बच्चों से इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियां व सुझाव प्रदान कर जागरूक किया। इस दौरान एएसपी ने वार अंगेस्ट ड्रग्सविषय पर भी विस्तारपूर्वक सभी स्कूली बच्चों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान सभीबच्चों को पुलिस कार्यप्रणाली, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया, यातायातनियमों की अनुपालना, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन, महिला सशक्तिकरण तथा नशे व शराब के दुष्परिणामों तथा कुप्रभावों के प्रति भी जागरूक किया व विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान सभी बच्चों किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाईन न0 112 पर या थाना प्रबंधक अधिकारी हमीरपुर के मोबाइल पर कोई भी समस्या या जानकारी साझा करने के बारे में सूचित कर सकते हैं।

## अंतर्कलह छिपाने के लिए लगा रहे झूठे आरोप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री के सलाहकार सुनील बिट्टू पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता अपनी आंतरिक कलह छिपाने के लिए भाजपा पर झूठे आरोप लगाने से बाज आएं। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता ही सार्वजनिक मंचों पर हाथापाई कर रहे हैं और दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांके। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर हमेशा हिमाचल और विशेषकर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए केंद्र से महत्वपूर्ण योजनाओं की स्वीकृति दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और रोजगार से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स प्रदेश को मिले हैं। राष्ट्रीय स्तर की खेल अकादमियाँ, अत्याधुनिक सड़क नेटवर्क, और केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृतियां हमीरपुर के विकास की मिसाल हैं। विकास शर्मा ने आरोप लगाया कि मौजूदा कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के विकास को पीछे धकेल दिया है। आंतरिक मतभेद और अनुशासनहीनता के कारण विकास परियोजनाएं ठप पड़ी हैं, और केंद्र से मिली योजनाओं को लागू करने में देरी की जा रही है।

# स्वदेशी उत्पादों को तैयार करके अच्छी आमदनी अर्जित कर सकती महिलाएं

अनंत ज्ञान, नादौन

**गोबर व मिट्टी से धूप व दीपावली पर्व के लिए दीये बनाने के सिखाए गुर**

महिलाएं स्वयं सहायता समूह व महिला मंडलों के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों को तैयार करने में जहां सराहनीय भूमिका निभा सकती हैं। वहीं अच्छी आमदनी अर्जित करके अपनी आर्थिकी को भी सुदृढ़ कर सकती हैं। यह बात नादौन विकास मंच के अध्यक्ष एवं गोशाला के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कही। वह बुधवार को नादौन उपमंडल की पंचायत जोल सप्पड़ में आयोजित महिला सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

इस अवसर पर विजय चौधरी, पवन शर्मा, महिला मंडल की प्रधान सोम देवी सहित महिला मंडल की सदस्यों सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नादौन विकास मंच के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने महिला मंडल कोहला प्लासड़ी को विकास मंच की ओर से कुर्सियां व दरियां भी भेंट की। सुनील शर्मा ने कहा कि विकास मंच का यह अभियान जारी रहेगा। महिला मंडलों एवं स्वयं सहायता समूहों को उनकी आर्थिक मदद के लिए स्वदेशी प्रोडक्टों को बनाने के लिए भी मदद करेगा ताकि घर बैठकर ही महिलाएं अच्छी आमदनी कमा सके उन्होंने महिलाओं को स्वदेशी प्रोडक्टों को बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि बैंकों से बिना ब्याज 5 लाख तक का लोन लेकर के कैसे घर में बैठकर काम शुरू करना है और जो प्रोडक्ट घर में बनेंगे उन्हें मार्केट में कैसे भेजना है इसके बारे में भी उन्होंने महिलाओं को बहुत ही बारीकी से जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि गोबर और मिट्टी से धूप अगरबत्ती दीपावली पर जलाए जाने वाले दिए, साबुन सहित अन्य प्रकार के सामान बनाकर बाजार में कैसे बचना है इस सब के बारे में उन्होंने महिलाओं को जागरूक किया।

# जिले के 67 स्कूलों में 12492 छात्रों का आज होगा स्टेम प्रोफेशियंसी टेस्ट

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**टेस्ट पास करने वाले छात्रों को एआई से सिखाई जाएगी कोडिंग व अन्य तकनीक**

**हमीरपुर।** प्रदेशभर में प्राइवेट एनजीओ द्वारा शुरू किए गए स्टेम साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंड मैथेमैटिक पायलेट प्रोजेक्ट के तहत प्रोफिशियंशी टेस्ट आयोजित किया जा रहा है। जिला हमीरपुर की बात करें तो जिला के 67 सरकारी स्कूल चयनित किए गए है और इनमें छठी से 12 वीं कक्षा तक पढ़ने वाले 12492 छात्र यह परीक्ष देंगे। बता दें कि यह टेस्ट ओएमआर शीट पर होगा और सभी शीट डाइट हमीरपुर में इक्टठी की जाएंगी फिर इसे शिमला भेजा जाएगा। इस टेस्ट में पास होने वाले विद्यार्थियों के लिए स्कूल में ही बूट कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन बूट कैंप में राष्ट्रीय स्तर की ट्रेनर विद्यार्थियों को स्टेम शिक्षा पर प्रशिक्षित करेंगे।

गौर रहे कि स्टेम पायलट प्रोजेक्ट के तहत जो छात्र साइंटिफिक एप्टीट्यूड में अच्छे उतरते हैं उन्हें तकनीकी शिक्षा, एआई तकनीक से कोडिंग, रोबोटिक व एआर तकनीक सिखाए जाएगी। इस परीक्षा के बारे में जिला शिक्षा उप निदेशक गुणवता एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नवीन कुमार व जिला समन्वयक पूनम शर्मा ने बताया कि शिक्षा में नवाचार और क्रेटीविटी को बढ़ाना इसका मुख्य उदेश्य है। उन्होंने बताया कि इस पायलेज प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के मकसद से समग्र शिक्षा विभाग की ओर से डाइट हमीरपुर में तीन चरणों में दो दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन इन चयनित स्कूलों के विज्ञान व गणित के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों में यह परीक्षा 2 से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा से पहले 15 का समय पेपर पढ़ने के लिए दिया जाएगा। इस परीक्षा में विज्ञान और गणित के प्रश्न पूछे जाएंगे। इस परीक्षा से बच्चों के स्तर का पता चलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मोदी सरकार के जीएसटी सुधारों से हर वर्ग को राहत : राकेश डोगरा

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू हुए वस्तु एवं सेवा कर सुधार ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम हैं। इन सुधारों ने न केवल व्यापार जगत बल्कि किसानों, बागवानों, छात्रों, गृहिणियों व आम उपभोक्ताओं को सीधी राहत दी है। उन्होंनें कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विज़न हमेशा जन-हित और राष्ट्र-हित में केंद्रित रहा है। वस्तु एवं सेवा कर सुधारों से आज देश में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी कमी आई है, जिससे हर वर्ग को लाभ मिल रहा है।

### चौपाल कॉलेज में छात्राओं की नाटिका से गूंजा स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या कन्या नेगी उपस्थित रही। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समन्वयक सहायक आचार्या प्रियंका ठाकुर ने सभी को राष्ट्रीय सेक योजना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एक लघु नाटिका का प्रदर्शन कर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया।

### फार्मेंसी कालेज में स्वयंसेवकों ने नृत्य और नाटिका से जगाया समाज

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय फार्मेंसी महाविद्यालय रोहड़ू के परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र आर्यवंश के एक प्रेरणादायक भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात, एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा एक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थिति का मन मोह लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शिवानी ने स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया और एनएसएस के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को दर्शाती एक प्रभावशाली लघु नाटिका (स्किट) भी प्रस्तुत की, जिसे खूब सराहा गया।

### शिमला में पाइप्ड प्राकृतिक गैस आपूर्ति को लेकर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त शिमला की अध्यक्षता में शहर में पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) आपूर्ति और गैस वितरण नेटवर्क के विकास को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। उपायुक्त ने बताया कि यह परियोजना शहरी प्रदूषण कम करने और घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों पर निर्भरता घटाने में सहायक होगी। शिमला की पहाड़ी भौगोलिक स्थिति और भूस्खलन की संभावना के कारण पाइपलाइन की सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। बैठक में कंपनी के अधिकारियों ने शिमला और मंडी के लिए गैस वितरण नेटवर्क का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाइप्ड गैस आपूर्ति तकनीकी रूप से सुरक्षित है। उपायुक्त ने कंपनी को एक सप्ताह में शिमला के लिए विस्तृत योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि परियोजना पर शीघ्र कार्य शुरू किया जा सके।

### सुन्नी में लोक कल्याण मेले में स्ट्रीट वेंडरों को योजना के दिए टिप्स

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी विकास आजीविका मिशन के तहत रेन बसेरा स्थित नगर परिषद सुन्नी कार्यालय परिसर में लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। सचिव नगर परिषद सुन्नी हिमेश पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी विकास आजीविका विभाग के मिशन प्रबंधक शुभम सेवाल विशेष रूप से मौजूद रहे । इस दौरान सुन्नी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडरों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पुनः प्रक्षेपण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान वेंडरों को बताया गया कि केंद्र द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत ऋण की किश्तों में बदलाव किया गया है। पहले यह ऋण 10,000 रुपए, 20,000 रुपए एवं 50,000 रुपए की किश्तों में उपलब्ध होता था, जिसे अब बढ़ाकर 15,000 रुपए, 25,000 रुपए और 50,000 रुपए कर दिया गया है।

### धामी कॉलेज में एनएसएस के स्थापना दिवस पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में बुधवार को एनएसएस स्वयंसेवकों ने एनएसएस स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत से किया गया । इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कीं। कार्यक्रम में अनुष्का शर्मा द्वारा किए गए दमदार मंच संचालन ने खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के इतिहास की विस्तृत जानकारी दी

### नेत्र जांच शिविर में 200 लोगों ने लिया भाग, 80 में हुई मोतियाबिंद की पहचान

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग की ओर से मानव सेवा कल्याण समिति के सहयोग से मोतियाबिंद जांच शिविर सिविल अस्पताल खनेरी में आयोजित किया गया। तहसील कल्याण अधिकारी कर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रामपुर, ननखड़ी, भावानगर, सैंज, बिथल के 200 लोगों ने शिविर में हिस्सा लिया। इस दौरान 80 लोगों में मोतियाबिंद की पहचान हुई। जांच शिविर में समिति के निदेशक केशव राम सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। 26 सिंतबर को सिविल अस्पताल नेरवा, 27 सितंबर को पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस कुपवी और 29 सितंबर को सिविल अस्पताल चिढ़गांव में आयोजित किया जाएगा।

### एनएसएस स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने स्वच्छता और सेवा का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़गी मेंएनएसएस स्थापना दिवस को स्वच्छता सेवा के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार वर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर से स्थानीय बाजार तक रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया और सड़कों में बिखरे पॉलिथीन एवं कचरे को बोरी में डालकर चिन्हित स्थान पर दफन किया। साथ ही स्वयंसेवकों ने पुष्प वाटिका और किचन गार्डन में खिले फूलों, सब्जियों एवं औषधीय पौधों की निराई गुड़ाई करने के साथ-साथ संपूर्ण परिसर की सफाई भी की। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

### शिमला में महिलाओं और सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर आज

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** शिमला द्वारा 25 सितंबर को सीजीओ परिसर में एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर विशेष रूप से स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच के लिए होगा। साथ ही महिला और बाल विकास मंत्रालय के 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत महिलाओं की स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य सफाई मित्रों और महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर, को 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' की शुरुआत की थी, जिसके जरिए महिलाओं की सेहत को परिवार और राष्ट्रीय प्रगति से जोड़ा गया है।

### जुन्गा में जिला स्तरीय अंडर-19 फुटबाल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा में छात्र वर्ग की अंडर 19 जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता आरंभ हुई । इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में आठ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाआ, रोहड़ू ब्वायज, सीजेड रोहड़ू, दत्तनगर , समरहिल, सराहन, सुन्नी , दाड़गी जुन्गा स्कूलों के 118 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं । कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत इतिहास प्रवक्ता रामलाल लोधटा ने दीप प्रज्ज्वलित और ध्वजारोहण कर किया । उन्होने बच्चों से खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया ।

# सोलन का घीर बनेगा विकास का हॉट स्पॉट

## अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती, युवाओं को मिलेगा रोजगार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने सोलन जिले के घीर में 300 एकड़ भूमि पर आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का निर्णय लिया है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में गठित कैबिनेट उप-समिति की उच्च स्तरीय बैठक में इस महत्वाकांक्षी परियोजना की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। सरकार का कहना है कि इस कदम से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बड़ी संख्या में खुलेंगे।

बैठक में यह तय किया गया कि घीर औद्योगिक क्षेत्र को आधुनिकतम सुविधाओं से लैस किया जाएगा। यहां 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति, बेहतर जल प्रबंधन प्रणाली और हाई-स्पीड कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाएगी। उद्योग मंत्री ने कहा कि ऐसा वातावरण तैयार किया जाएगा, जिसमें उद्योगों की स्थापना और संचालन पूरी तरह सुगम हो और प्रदेश को औद्योगिक निवेश का नया गंतव्य बनाया जा सके।



उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि इस औद्योगिक क्षेत्र से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों और विशेषकर युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल उद्योगों को आकर्षित करना ही नहीं, बल्कि स्थानीय संसाधनों और मानव संसाधन का अधिकतम उपयोग कर आर्थिक विकास का संतुलित मॉडल प्रस्तुत करना है।

### अगली बैठक में होगा प्रस्तुत लागत और लाभ विश्लेषण

**बैठक** में विभिन्न विकास योजनाओं, वित्तीय व प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। गहन चर्चा के उपरांत समिति ने अंतिम लागत-लाभ विश्लेषण तैयार करने का निर्णय लिया, जिसे अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव आर.डी. नजीम ने परियोजना के लिए उपलब्ध विकल्पों की जानकारी दी और उनके क्रियान्वयन पर विचार साझा किया।

# आठ वर्षों तक आमजन से जीएसटी लूट की जवाबदेही दे केंद्र : नरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हाल ही में किए गए सुधार निश्चित रूप से स्वागतयोग्य कदम हैं, लेकिन वर्ष 2017 से 2025 तक देशवासियों से की गई अत्यधिक कर वसूली के लिए केंद्र सरकार को जवाबदेही स्वीकार करनी होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले आठ वर्षों में दाल, रोटी, कपड़ा और आवश्यक वस्तुओं पर कर लगाकर गरीब और मध्यम वर्ग को आर्थिक रूप से लूटा गया है। चौहान ने कहा कि इस अवधि में केंद्र ने 55 लाख करोड़ रुपए से अधिक की वसूली की है और अब जनता से माफी मांगना उसकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है।



शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में नरेश चौहान ने बताया कि कांग्रेस शुरू से ही जीएसटी को 'लूट का तंत्र' मानती आई है, लेकिन केंद्र सरकार ने विपक्ष की आवाज दबाकर लगातार कर वसूली जारी रखी। उन्होंने याद दिलाया कि राहुल गांधी ने इसे 'गब्बर सिंह टैक्स' कहा था।

चौहान ने कहा कि हालिया सुधार चुनावों की रणनीति का हिस्सा हैं, न कि देश के विकास की सोच का। उन्होंने कहा कि यूपीए-2 के कार्यकाल में जीएसटी की नींव विशेषज्ञों की व्यापक विचार-विमर्श के बाद रखी गई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे विभिन्न कर दरों में बांटकर जनता की जेबें खाली कर दीं। इससे महंगाई बढ़ी, आम लोगों की क्रयशक्ति कमजोर हुई और देश की विकास दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

चौहान ने यह भी आरोप लगाया कि रूस से सस्ते कच्चे तेल की खरीद के बावजूद केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं घटाए, जिससे लाभ केवल बड़े उद्योगपतियों तक सीमित रहा। उन्होंने कहा कि यदि यह लाभ आम जनता तक पहुंचता, तो महंगाई कम होती और आर्थिक स्थिति मजबूत होती।

## हिमाचल सचिवालय में 31 अधिकारियों को मिली पदोन्नति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सचिवालय में कार्यरत 31 अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह प्रमोशन नियमित आधार पर दी गई है और यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। सूत्रों के अनुसार पदोन्नत अधिकारियों में राज कुमार, रचना शर्मा, प्रेम चंद, संतोष कुमार, सोनीका देवी, परदीप कंवर, हीरा लाल, बलदेव कुमार, राजेश शर्मा, अजय कुमार, विजेंद्र सिंह, राकेश शर्मा, देवी चंद, राहुल, अनुराग, नरेंद्र कुमार, सोविक कुमार, कुलदीप चंद, रोहित, मनजीत सिंह चौधरी, विनोद कुमार, गिरी राज, बाबू राम शर्मा, मिलाप चंद, कृष्ण देव, राजेश कुमार, कश्मीर सिंह, मीना कुमारी, कुशल कुमार और रीमा चोपड़ा शामिल हैं।

सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन सभी अधिकारियों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा जाएगा। यह अवधि सेवानिवृत्ति की तिथि तक भी सीमित रह सकती है। इसके अतिरिक्त, वे वेतन निर्धारण का विकल्प एफआर-22 के प्रावधानों के अंतर्गत आदेश की तिथि से एक माह की अवधि में प्रयोग कर सकेंगे।

## पटना में प्लान तैयार कांग्रेस ने भरी हुंकार



पटना में सीडब्ल्यूसी की बैठक में भाग लेते डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक सदाकत आश्रम में बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय राजनीति और संगठनात्मक रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक में हिमाचल के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी हिस्सा लिया।

**बैठक में डिप्टी सीएम मुकेश भी हुए शामिल**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और देश की जनता के मुद्दों को केंद्र में रखने के लिए इस तरह की बैठकों का विशेष महत्व है। विस्तारित कार्यसमिति में कई वरिष्ठ नेताओं ने अपनी राय रखते हुए आगे की रणनीति पर मंथन किया।

## शिमला में 55 हजार से ज्यादा संदेहजनक राशन कार्ड, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले में 55 हजार 839 राशन कार्ड संदेहजनक पाए गए हैं। इनमें 92 मृतक लाभार्थी, 100 वर्ष से अधिक उम्र के 591 लोग, 18 साल से कम उम्र के राशन कार्ड मुखिया, 429 डुप्लीकेट, 43957 ऐसे लाभार्थी जिनके पास अढ़ाई एकड़ से अधिक भूमि है और 890 ऐसे लोग शामिल हैं, जिनकी सालाना आय छह लाख रुपए से अधिक है। इसके अलावा जीएसटीएन धारक, वाहन स्वामी और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में डायरेक्टर के तौर पर पंजीकृत लोग भी संदेहास्पद सूची में पाए गए हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि इन सभी की जांच की जा रही है और केवल योग्य लोगों को ही सूची में रखा जाएगा।

**जांच शुरू, 92 मृतक और 100 साल से अधिक उम्र वाले लाभार्थी भी सूची में**

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए विभाग सक्रियता से काम कर रहा है। उचित मूल्य की दुकानों के निरीक्षण में अनियमितताएं सामने आई हैं जिन पर कार्रवाई की गई है। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत जनता को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। उन्होंने सभी एसडीएम को महीने में कम से कम पांच स्कूलों का मिड-डे मील निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए, ताकि बच्चों को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके।

## शिमला में 550 युवा आपदा मित्र होंगे प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला शिमला में आपदा मित्र योजना के तहत 550 युवाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बुधवार को योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण आगामी एक अक्तूबर से आरंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत प्रत्येक युवा आपदा मित्र को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से प्रमाण पत्र, प्रचार-प्रसार सामग्री और पहचान पत्र उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके साथ ही तीन वर्ष तक का बीमा कवर भी उन्हें प्रदान किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण में 200 एनसीसी, 100 एनएसएस, 100 नेहरू युवा केंद्र और 100 भारत स्काउट एंड गाइड्स से जुड़े छात्र शामिल होंगे। सभी प्रतिभागियों की आयु 18 वर्ष से अधिक होगी। उपायुक्त ने बताया कि यह योजना पूर्व में चलाए गए आपदा वालंटियर कार्यक्रम से भिन्न है। उस समय सामान्य युवाओं को प्रशिक्षित किया गया था, जबकि आपदा मित्र योजना विशेष रूप से एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र और स्काउट एंड गाइड्स से जुड़े युवाओं पर केंद्रित है।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रशिक्षण चार अलग-अलग बैचों में संचालित होगा। इसके लिए बटालियन ट्रेनिंग सेंटर होम गार्ड एंड सिविल डिफेंस सुन्नी, पराला, सरगीन और फायर ट्रेनिंग सेंटर बल्देयां को केंद्र के रूप में चुना गया है। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जाएगा ताकि युवाओं को आपदा प्रबंधन की गहन जानकारी मिल सके।

## मंत्री हर्षवर्धन जनता से क्यों छुपा रहे असली राहत पैकेज : रणधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा विधायक एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने उद्योग मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा कि मंत्री सदन और प्रेस कॉन्फ्रेंस में अलग-अलग आंकड़े देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि विधानसभा में दिए गए सरकारी जवाबों के अनुसार 2022 से 2025 के बीच हिमाचल प्रदेश को केंद्र से आपदा राहत के तौर पर 3250 करोड़ रुपए मिले हैं। इसके अलावा 2023 की आपदा के लिए 2006 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज जारी हुआ है, जिसकी पहली किस्त के रूप में 451 करोड़ रुपए प्रदेश को प्राप्त हुए। एनडीआरएफ और एनडीएमएफ से भी एडवांस राशि मिली है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश को 1500 करोड़ रुपए का राहत पैकेज अलग से दिया था। इन सबको जोड़कर आंकड़ा सात हजार करोड़ तक पहुंचता है, लेकिन मंत्री हर्षवर्धन चौहान इसे केवल 4350 करोड़ बता रहे हैं।

रणधीर शर्मा ने शिमला से जारी बयान में कहा कि विधानसभा में दिए गए विभिन्न सवालों के जवाब में केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को दी गई राशि के स्पष्ट आंकड़े मौजूद हैं। 2024 के शीतकालीन सत्र में भी बताया गया था कि मात्र एक साल आठ महीने में केंद्र ने हिमाचल को 23,566 करोड़ रुपए दिए हैं। इसके बावजूद मंत्री हर्षवर्धन चौहान द्वारा अलग आंकड़े पेश करना न केवल भ्रामक है बल्कि जनता को गुमराह करने वाला है। भाजपा नेता ने कहा कि मंत्री को अपनी जानकारी दुरुस्त रखनी चाहिए और यदि अधिकारियों ने गलत आंकड़े दिए हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने मांग की कि हर्षवर्धन चौहान प्रदेश को गुमराह करने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

## पेंशनर्स 30 सितंबर तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों की ई-केवाईसी करवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ई-कल्याण मोबाइल ऐप के जरिए 89 हजार से अधिक पेंशनरों का सत्यापन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर आधार कार्ड, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और पूर्ण पते सहित दस्तावेजों की जांच कर रही हैं, ताकि हर पेंशनर की जानकारी नवीनतम और सही हो सके। जिला कल्याण अधिकारी कपिल शर्मा ने बताया कि इस कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए जिला, तहसील और पंचायत स्तर पर व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

अधिकारी ने सभी पेंशनरों से अपील की है कि वे 30 सितंबर से पहले अनिवार्य रूप से अपनी ई-केवाईसी पूरी करवाएं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, कुष्ठ रोगी, ट्रांसजेंडर समेत सभी श्रेणियों के पेंशनरों को अपने स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से दस्तावेज सत्यापित कराने होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर सत्यापन न कराने वाले पेंशनरों को नए पोर्टल पर तैयार की जाने वाली सूची से बाहर किया जा सकता है।

# विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में दी शादी की धाम

## राज्यपाल समेत कांग्रेस-भाजपा के कई मंत्री और विधायक भी पहुंचे

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल के पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह की शिमला के मरीना होटल में चल रही शादी की धाम में मेहमानों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। हिमाचल के गवर्नर शिव प्रताप शुक्ल भी अपनी पत्नी सहित धाम में पहुंचे। उन्होंने नवविवाहित दंपत्ति को शादी की बधाई दी।



मंत्री विक्रमादित्य सिंह की शादी की रिसैप्शन में पहुंचे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व उनकी पत्नी।

विक्रमादित्य सिंह के कुछ रिश्तेदार, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, कांग्रेस-भाजपा के कई विधायक, भाजपा के राज्यसभा सांसद एवं वीरभद्र सिंह के करीबी रहे हर्ष महाजन भी धाम में पहुंचे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने सीएम, डिप्टी सीएम समेत सभी कैबिनेट मंत्री, विधायक, कुछ ब्यूरोक्रेट, हाईकोर्ट के कुछ जज और पूर्व मंत्रियों को आमंत्रित कर रखा है। हालांकि, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू विदेश में है। इससे सीएम इस धाम का हिस्सा नहीं बन पाए। उन्होंने एक बयान जारी करके विक्रमादित्य को शादी की बधाई दी है। इसी तरह डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री भी कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बिहार में चल रही मीटिंग की वजह से धाम शरीक नहीं हो सके। सिंह ने अपनी शादी की धाम में लगभग 150 खास मेहमान आमंत्रित किए हैं।

बता दें कि विक्रमादित्य सिंह और पंजाब की डॉ. अमरीन कौर बीते 22 सितंबर को ही शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों ने चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित गुरुद्वारा में शादी की। सोमवार शाम को विक्रमादित्य सिंह अपनी नई-नवेली दुल्हन लेकर शिमला पहुंचे और होली लॉज में वधु प्रवेश कराया गया।

## साइबर अपराध से सावधान — नकली मोबाइल बैंकिंग ऐप्स का मकड़जाल

# हिमाचल में नौकरी के जाल में फंसे युवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ऑनलाइन दुनिया में आसान पैसे और आकर्षक नौकरी के वादों का जाल तेजी से फैल रहा है। साइबर अपराधी झूठे ऑफर देकर युवाओं को अपने शिकंजे में फंसा रहे हैं। सोशल मीडिया और अनवेरिफाइड एजेंटों के जरिए किए गए ऐसे लालच भरे वादों से कई लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर स्लेवरी जैसे मामलों में पीड़ितों को मजबूर होकर अवैध काम करने तक पर विवश किया जाता है।




**मोबाइल एप्लीकेशन एपीके स्कैम के मामले तेजी से आ रहे सामने**

हाल के दिनों में राज्य के अंदर मोबाइल एप्लीकेशन एपीके स्कैम के मामले तेजी से सामने आए हैं। अपराधी नकली बैंकिंग ऐप तैयार करते हैं, जिनका इंटरफेस और लोगो असली ऐप से बिल्कुल मेल खाता है। यूजर्स अनजाने में इन पर अपनी निजी जानकारियां दर्ज कर बैठते हैं और उनके खाते तुरंत खाली हो जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हमेशा आधिकारिक ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करना और उनकी प्रामाणिकता जांचना बेहद जरूरी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी अनजान एप्लीकेशन में संवेदनशील जानकारी भरना, ओटीपी या पिन साझा करना खतरनाक साबित हो सकता है। इसी तरह सोशल मीडिया पर चल रहे संदिग्ध विज्ञापनों और ऑफर्स से भी बचना चाहिए। साइबर सुरक्षा एजेंसियां लोगों को समय-समय पर सतर्क रहने और हर संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साझा करने की अपील कर रही हैं।

### शिकायत दर्ज करने का आसान माध्यम

**यदि** आप साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं या संदिग्ध गतिविधि देखते हैं, तो तुरंत शिकायत दर्ज करना बेहद आवश्यक है। इसके लिए सरकार ने टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 और आधिकारिक वेबसाइ उपलब्ध कराई है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय रहते सतर्कता और त्वरित शिकायत ही इस तेजी से बढ़ते खतरे से बचने का सबसे कारगर उपाय है।

## नाबालिगा से छेड़छाड़ मामले में 80 वर्षीय बुजुर्ग को 5 साल कैद

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (पोक्सो कोर्ट) किन्नौर स्थित रामपुर की अदालत ने 80 वर्षीय बलकु राम पुत्र जयराम निवासी चगांव, जिला किन्नौर को बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को 5 वर्ष सश्रम कारावास और 2000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

यह मामला 11 मार्च 2024 का है, जब 7 वर्षीय पीड़िता अपने घर पर अकेली थी और माता-पिता खेतों में काम करने गए थे। आरोपी ने बच्ची को टॉफी का लालच देकर एकांत जगह पर ले जाकर गलत हरकत की कोशिश की। इसी दौरान एक व्यक्ति ने छत से घटना को देखकर वीडियो बनाई और शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। वीडियो पीड़िता के माता-पिता को दिखाई गई, जिन्होंने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। अदालत में कुल 17 गवाहों के बयान हुए तथा दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया। सरकार की तरफ से मुकदमे की पैरवी उप जिला न्यायवादी कमल चंदेल ने की।

# सीमेंट पर केंद्र ने घटाया टैक्स कांग्रेस ने बढ़ा दिया बोझ : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर केंद्र की मोदी सरकार ने सीमेंट पर जीएसटी की दरें 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी हैं।



इस फैसले से एक बोरी सीमेंट पर लगभग 40 रुपए की सीधी राहत जनता को मिली है। जम्वाल ने कहा कि प्रदेश में आपदाओं के कारण जहां बड़ी संख्या में लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, वहां सीमेंट के दामों में कटौती से जनता को वास्तविक राहत मिल सकती थी। उन्होंने इसे मोदी सरकार का जनहितैषी कदम बताया। उन्होंने शिमला से जारी बयान में आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने केंद्र की राहत को जनता तक पहुंचने ही नहीं दिया।

**कांग्रेस सरकार का निर्णय, एडिशनल गुड्स टैक्स बढ़ा**

हाल ही में जारी नोटिफिकेशन में कांग्रेस सरकार ने एडिशनल गुड्स टैक्स को 11 रुपए प्रति बैग से बढ़ाकर 16 रुपए कर दिया, जिससे सीमेंट की कीमत पर 5 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ गया। जम्वाल ने कहा कि 2023 में आपदा आने के बाद भी कांग्रेस सरकार ने टैक्स 7.5 रुपए से बढ़ाकर 11 रुपए किया था और अब 2025 की आपदा में फिर जनता पर बोझ डाला है।

## न्यूज ब्रीफ

### विक्रमजीत प्रधान और संतोष पीटीए उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज पालमपुर में पीटीए (अभिभावक-अध्यापक संघ) की आम सभा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने की। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रगति और महाविद्यालय के विकास पर प्रकाश डाला। इसके बाद वर्ष 2025-26 के लिए नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया गया। विक्रमजीत सिंह को प्रधान, संतोष कुमारी को उपप्रधान, प्रो. धनवीर को सचिव, विजय कुमार को सहसचिव, रमेश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा प्रो. तरसेम को मुख्य सलाहकार चुना गया। कार्यकारिणी में प्रो. कल्पना ऋषि, डॉ. अजय ठाकुर, डॉ. अनीता सरोच, प्रो. सुनीता कटोच, प्रो. मनीषा, प्रो. तनवीर व प्रो. निशा चंदेल को सदस्य बनाया गया। सचिव ने सभी सुझावों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय विकास में सहयोग की आशा जताई।

### विक्रमादित्य को विवाह पर शांता ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने प्रतिभा सिंह को उनके पुत्र विक्रमादित्य सिंह को विवाह पर बधाई दी है। उन्होंने वर-वधू को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके दांपत्य जीवन में सुख, समृद्धि और प्रेम की कामना की। शांता ने नवविवाहित दंपती के उज्ज्वल, सफल और आनंदमय भविष्य की मंगल कामना की।

### सिहोटू में वॉलीबाल टूर्नामेंट 5 अक्तूबर को

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** युवा क्लब सिहोटू की ओर से 5 अक्तूबर को पंचायत स्तरीय एक दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता श्री विश्वेश्वर महादेव ग्राउंड, अपर सिहोटू में सुबह 9 बजे से शुरू होगी। टीम एंट्री का समय सुबह 9 बजे से 11 बजे तक निर्धारित है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एंट्री फीस 600 रखी गई है। विजेता टीम को 4100 और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता को 3100 और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए आयोजकों मुकेश, साहिल, सौरभ और ऋषभ से संपर्क करें।

### एनएसएस की भूमिका पर डाला प्रकाश

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पं. संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में स्वच्छता ही सेवा विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में 120 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने युवाओं के जीवन में एनएसएस की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गद्दी नाटी, एकल लोकगीत व अन्य प्रस्तुतियों से वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में प्रो. अमन कुमार, डॉ. सुलक्षणा शर्मा सहित प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीरत और कुडसां में योजनाओं की दी जानकारी



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विशेष प्रचार अभियान के तहत पंचायत सीरत और कुडसां में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। कांगड़ा लोक कला मंच सकोह के कलाकारों ने गीत-संगीत के माध्यम से अनुसूचित जातियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना, स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और नशा निवारण जैसे विषयों पर जनजागरूकता फैलाई। पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### आईटीआई बैजनाथ में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** आईटीआई बैजनाथ में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या रीता शर्मा ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलाया जा रहा है। शिविर में डॉ. विकेश ठाकुर, डॉ. रुचिका, फार्मासिस्ट मुकेश भारद्वाज व कल्पना शर्मा ने प्रशिक्षुओं एवं प्रशिक्षकों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता व रोग-निवारण के बारे में जागरूक किया। चिकित्सकों द्वारा सभी को स्वास्थ्य परामर्श के साथ-साथ सुरक्षा किट्स भी वितरित की गईं। इस अवसर पर प्रशिक्षक संदीप शर्मा, प्रियंका सहित संस्थान के प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### सूचियों में त्रुटियों की जांच को आम सभा कल

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** नगर पंचायत जवाली, कोटला व नगरोटा सूरियां क्षेत्र में राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची दुरुस्त करने के लिए 26 सितंबर को नगर पंचायत कार्यालय जवाली, नगर पंचायत कार्यालय कोटला बल्लाह, नगर पंचायत कार्यालय नगरोटा सूरियां में 11 बजे आम सभा आयोजित की जाएगी। इसमें वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट रखे जाएंगे। आम सभा में आकर लोग मतदाता सूची में अपना नाम देख सकेंगे कि नाम दर्ज है या नहीं। अगर किसी का नाम सूची में नहीं है या कोई त्रुटि है, तो वे मौका पर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकेंगे। इसी तरह जिन व्यक्तियों की मौत हो चुकी है या जिसका विवाह किसी अन्य क्षेत्र में हो गया है, उनके नाम सूची से हटाए जाएंगे। एसडीएम जवाली नरेंद्र जरियाल ने बताया कि आम सभा में उपस्थित होकर जांच कर लें कि कहीं उनका नाम काटकर अन्य वार्ड में तो नहीं डाला गया है। अगर ऐसी कोई त्रुटि होगी तो उसको ठीक किया जा सकेगा।

### गुम मोबाइल पुलिस ने मालिक को सौंपा

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** थाना शाहपुर के तहत गत दिवस ढोहब निवासी प्रकाश पठानिया ने अपना मोबाइल फोन गुम होने की शिकायत पुलिस थाना शाहपुर में दर्ज करवाई थी। पुलिस जांच अधिकारी दिनेश ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर तत्पर कार्रवाई करते हुए लोकेशन को ट्रेस कर मोबाईल फोन को ढूंढ निकाला है, जो कि कहीं पड़ा हुआ था। आज मोबाइल को उसके मालिक को सौंप दिया है।

### 1965 और 1971 के योद्धा सूबेदार तिलक नहीं रहे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगरोटा बगवां के समलोटी में सूबेदार तिलक राज कश्यप जेसी-85854,12-गरनेडियर रेजिमेंट ने 85 वर्ष की आयु में बुधवार सुबह 4 बजे आखिरी सांस ली। इनका जन्म पंजाब के होशियारपुर जिला के रकड़ी- दातारपुर गांव में मेहर चंद कश्यप के घर 1 जुलाई 1940 को हुआ और 18 वर्ष की आयु में 19 मार्च 1958 को सेना में भर्ती हुए। सेवानिवृत्ति के बाद यह पत्नी पुष्पा कशयप एवं परिवार सहित समलोटी में रहने लगे। इनका देहांत दिल का दौरा पड़ने से हुआ, जिनकी देह को मुखाग्नि इनकी दो बेटियों किरण आचार्य एवं पूनम शर्मा द्वारा दी गई। स्टेशन मुख्यालय योल की ओर से सूबेदार हुकुम सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे और देश के योद्धा को श्रद्धांजलि दी सूबेदार तिलक राज कश्यप ने 1965 और 1971 के दोनों युद्ध लड़े थे। अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग पहुंचे।

# बनोई-कुठमां के बीच एनएच का वीआईपी पैच बदहाल

## थमा भूस्खलन, अब सड़क पर बहते पानी की परेशानी, दोपहिया-चौपहिया वाहन चालकों में आए दिन हो रही बहसबाजी

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



एनएच पर बनोई से कुठमां के बीच बदहाल सड़क।

**धर्मशाला।** पठानकोट-मंडी एनएच पर वीआईपी पैच इन दिनों बदहाल है। इस पैच पर भूस्खलन तो भले ही थम चुका है, लेकिन अब सड़क पर बहता पानी परेशानी बढ़ा रहा है। आलम यह है कि इस पैच पर दोपहिया व चौपहिया वाहन चालकों के बीच आए दिन बहसबाजी होती देखी जा सकती है।

**ड्रेनेज सिस्टम सही होने पर खत्म हो सकती है परेशानी**

लोगों का कहना है कि ड्रेनेज सिस्टम ठीक हो जाए तो सड़क पर बहते पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। हम जिक्र कर रहे हैं एनएच पर स्थित बनोई व कुठमां के बीच से गुजरते 100 से 200 मीटर पैच का, इस पैच पर एयरपोर्ट की तरफ से भारी बरसात के दौरान करीब एक माह तक भूस्खलन का दौर जारी रहा था। अब भूस्खलन तो थम गया है, लेकिन उसी जगह से पानी का रिसाव लगातार जारी है तथा यही पानी सड़क पर बहकर सड़क की बदहाली का सबब बनने के साथ वाहन चालकों के बीच बहसबाजी का कारण बन रहा है। जहां भूस्खलन वाली जगह पर पानी का रिसाव हो रहा है, वहां हालांकि सड़क किनारे नाली बनी है, लेकिन मलबे की वजह से नाली ब्लॉक हो गई है, जिसके चलते पानी सड़क पर बहकर बदहाली व परेशानी बढ़ा रहा है।

### क्यों कहते हैं 'वीआईपी पैच'

**कुठमां** से बनोई के बीच एनएच पर 100 से 200 मीटर के पैच को वीआईपी क्यों कहा जाता है, इसका किस्सा भी दिलचस्प है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी बरसात में यह सड़क बदहाल होती थी, लेकिन जब तक कोई वीआईपी मूवमेंट न हो, इस पैच को तारकोल नसीब नहीं होती थी। चंबी में होने वाली रैलियों के दौरान ही बरसात से खराब होने वाले इस सड़क पर युद्ध स्तर पर तारकोल डालने का कार्य किया जाता था, इसलिए स्थानीय लोग इसे वीआईपी पैच कहते हैं।

### दिन और रात में होती है कहासुनी

**कुठमां** से बनोई के बीच के इस पैच सड़क पर बहता पानी, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा है। सड़क पर फैले भूस्खलन के मलबे के अवशेषों से गुजरता पानी कीचड़ का रूप ले चुका है, उस पर बहते पानी से गुजरते चौपहिया वाहनों की वजह से पास से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों पर कीचड़ गिरना आम बात हो गई है। ऐसे में वाहन चालकों में बहसबाजी होना लाजमी है। ऐसी घटनाएं केवल दिन में ही नहीं, बल्कि रात को भी पेश आती हैं। यही नहीं दोपहिया वाहनों के स्किड होने की घटनाएं भी पेश आ रही हैं।



**कुठमां** व बनोई के बीच जो समस्या है, यह मामला मेरे ध्यान में है। इस बारे में डीसी को अवगत करवाया था। जिस पर डीसी ने मौका का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को डीपीआर बनाने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा आने वाले दिनों में यहां एयर ट्रैफिक के लिए परेशानी पेश आएगी। साथ ही एनएचएआई के अधिकारियों को फिर से इस समस्या बारे जानकारी देकर समाधान की बात कही जाएगी।

**-डॉ. राजीव भारद्वाज, सांसद, कांगड़ा संसदीय क्षेत्र।**

## फोरलेन निर्माण के बीच लिंक रोड एंट्री का भी हो सुधार

**राजोल से अंबाड़ी व अनसुई के एंट्री मार्ग बदहाल**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



राजोल से अंबाड़ी-केटलू को जाने वाले संपर्क मार्ग का बदहाल एंट्री प्वॉइंट।

पठानकोट-मंडी फोरलेन का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है, जबकि फोरलेन से जुड़ने वाले संपर्क मार्ग बदहाल स्थिति में हैं। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत राजोल से गुजर रहे फोरलेन के साथ चड़ी व अनसुई सहित केटलू-अंबाड़ी गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग मिलते हैं, लेकिन इन संपर्क मार्गों के एंट्री प्वॉइंट की हालत वर्तमान में बेहद खस्ता है। यह एंट्री प्वॉइंट, दोपहिया वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। इन एंट्री प्वॉइंट ने एक तरह से नाली का रूप धारण कर लिया है तथा इन प्वॉइंट पर उखड़े पत्थर हादसों का कारण बन रहे हैं।

इन दोनों प्वॉइंट से वाहनों के गुजरने पर पत्थर उछल कर आसपास खड़े लोगों को लगते हैं, साथ ही कई दोपहिया वाहन इन प्वॉइंट पर स्किड होते हैं। दिन हो या रात, यह समस्या हर समय बनी रहती है और बड़ी परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को होती है। ताजा मामला पिछले कल है, जब दो महिलाएं स्कूटी से जा रही थी कि अचानक से स्कूटी स्किड हो गई और पीछे बैठी बुजुर्ग महिला नीचे गिरकर घायल हो गई।

स्थानीय लोगों ने एनएचएआई अधिकारियों व निर्माण में जुटी कंपनी के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि राजोल चौक से जुड़ने वाले संपर्क मार्गों के एंट्री प्वॉइंट की हालत सुधारी जाए।

## सेवा पखवाड़े का उद्देश्य समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना

**कल्याड़ा पंचायत में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सांसद ने की शिरकत**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्तूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार को शाहपुर की कल्याड़ा पंचायत में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों ने रक्तदान किया, कार्यक्रम का आयोजन सत्यम एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता कमल शर्मा द्वारा किया गया था।

कांगड़ा-चंबा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े का उद्देश्य समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना है। प्रदेश में इस अभियान के तहत लोग बड़े उत्साह से रक्तदान कर रहे हैं।

वहीं, माताओं व बहनों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है।

इन शिविरों में यदि किसी महिला को कोई रोग पाया जाता है तो उनका इलाज भी निशुल्क किया जाएगा।

**पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल लाइन पर बोले सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, पहली सीढ़ी चढ़ी, सफर लंबा है**

## जल्द सबमिट होगी फाइनल फिजिकल सर्वे रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पठानकोट**-जोगिंद्रनगर नैरोगेज रेलवे लाइन, जिसका निर्माण ब्रिटिश हुकूमत काल में किया गया था, उसके बाद यह रेललाइन एक इंच भी आगे नहीं बढ़ पाई है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि पहली बार पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेललाइन का फाइनल फिजिकल सर्वे हुआ है, जिसकी रिपोर्ट अतिशीघ्र आने वाली है। बुधवार को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कल्याड़ा में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन को लेकर मैं केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात की है।

इस रेललाइन को ब्रॉडगेज करने का मसला लोकसभा में भी उठाया गया है। मेरे आग्रह पर केंद्रीय रेल मंत्री ने सभी अधिकारियों को बुलाया था और सर्वे के निर्देश दिए थे। सांसद ने कहा कि हाल ही में धर्मशाला में आयोजित दिशा की बैठक में भी रेलवे के अधिकारियों को बुलाया गया था, जिसमें रेलवे अधिकारियों ने बताया था कि 25 सितंबर को रिपोर्ट सबमिट हो जाएगी। इसके बाद कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के विधायकों व वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात की जाएगी। रेललाइन को ब्रॉडगेज करने के लिए फाइनल फिजिकल सर्वे के रूप में हमने पहली सीढ़ी चढ़ी है, अभी सफर बहुत लंबा है। गौरतलब है कि पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन को ब्राडगेज किए जाने की डीपीआर हैदराबाद की एजेंसी 25 सितंबर को रेलवे को सौंपेगी। नए व पुराने कुल 34 स्टेशन होंगे, कई कर्व को ठीक किया जाएगा, जिससे ट्रेनों की गति बढ़ेगी। इसके लिए 30 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सांसद ने कहा कि हमारी वाणी में दम है, नीयत और सोच भी अच्छी है, ऐसे में उम्मीद है रेललाइन को ब्रॉडगेज करने की दिशा में कांगड़ा की जनता को एक अच्छी खबर सुनने को मिलेगी।

## पोस्टर मेकिंग में पलक और नारा लेखन प्रतियोगिता में आदिति प्रथम



शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज में एनएसएस दिवस मनाया गया।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में एनएसएस दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने छात्रों को समाज सेवा के कार्यों में चढ़कर लेने और एनएसएस की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि वे सदैव सकारात्मक भावना को जीवन में अपनाएं और समाज के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पलक बीकॉम द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान, पलक बीए द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान व शगुन बीए प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। नारा लेखन प्रतियोगिता में अदिति बीकॉम द्वितीय वर्ष प्रथम, आकांक्षा बीकॉम द्वितीय वर्ष दूसर स्थान पर तथा पलक बीए द्वितीय वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## शिक्षा बोर्ड चेयरमैन से मिला भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला कांगड़ा के पदाधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा से उनके कार्यालय में भेंट वार्ता की। उन्हें बोर्ड अध्यक्ष के पद पर आसीन होने पर शुभकामनाएं दीं और महासंघ का परिचय पत्र भेंट किया। अध्यापकों एवं विधार्थियों से संबंधित विषय पर सार्थक चर्चा की तथा विभिन्न समस्याओं पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा और सचिव मेजर विशाल शर्मा को अवगत करवाया। इस अवसर पर उतरी क्षेत्र प्रमुख पवन कुमार, प्रांत सचिव डॉ. जोगिंदर सिंह, कांगड़ा-चंबा प्रभारी बलबीर, जिला अध्यक्ष देश राज ठाकुर, सुभाष चंद, रविंद्र मोंगरा, सुनील धीमान, राजीव शर्मा, अनिल कुमार ,नरेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## मतदान केंद्र सकरी के लिए भेंट की व्हील चेयर

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**



ब्लॉक समिति सदस्य मनजीत सिंह जंजुआ की ओर से भेंट की गई व्हील चेयर।

**नगरोटा सूरियां।** विधानसभा देहरा के तहत हरिपुर तहसील की पंचायत सकरी के सीनियर सेकेंडरी स्कूल व सकरी गांव के मतदान केंद्र में प्रयोग के लिए ब्लॉक समिति सदस्य मनजीत सिंह जंजुआ की ओर से व्हील चेयर पंचायत समिति फंड से दी गई।

बता दें सकरी के सरकारी स्कूल के केंद्र में मतदान के समय बुजुर्गों और बीमार लोगों या ऐसे लोग जो चल फिर नहीं सकते, उनको मतदान केंद्र तक लाने में व्हीलचेयर की सुविधा मिलने पर बहुत बड़ी राहत मिलेगी। आमजन की समस्या को मध्य नजर रखते हुए ब्लॉक समिति सदस्य ने मतदान केंद्र के लिए यह सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि उन्हें अकसर महसूस होता था कि बीमार और बुजुर्गों के लिए इस सुविधा का होना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर पूर्व एसएमसी प्रधान सतपाल शर्मा भी मौजूद रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य संजय बागी ने कहा कि स्कूल में मतदान केंद्र होने के कारण व्हील चेयर उपमंडल देहरा से मंगवानी पड़ती थी और बुजुर्ग व बीमार और लाचार लोगों को मतदान के दौरान काफी परेशानी होती थी।

## पंडित संत राम कॉलेज में छात्र परिषद का गठन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पं. संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालय छात्र केंद्रीय परिषद (सीएससीए) का गठन किया गया। काजल (एमए. इतिहास) को अध्यक्ष, स्नेहा राणा (एमए हिंदी) को उपाध्यक्ष, कृतिका ठाकुर (बीए प्रथम वर्ष) को सचिव तथा स्मृति ठाकुर (बीएससी द्वितीय वर्ष) को संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया । इसके अतिरिक्त विभिन्न संकायों एवं विभिन्न कक्षाओं के 19 छात्र-छात्राओं को कक्षा प्रतिनिधि एवं विभाग प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। पलक, वंशिका सूद, अंशुल लखनारा, कृष्ण राणा, काजल, अंजलि वर्मा, प्राची शर्मा, किरन, इन्नायत, हरशित रिहाल, मेघा, रितु देवी, प्रियंका चौधरी, ईशा, प्रिया, और पलक शामिल हैं। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे छात्रों की समस्याओं के समाधान और महाविद्यालय के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देंगे।

## धलूं में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पर्यटन** सोसायटी केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश धर्मशाला के तत्वावधान में विश्व पर्यटन दिवस 2025 के अवसर पर चल रहे सप्ताहभर के कार्यक्रमों के तीसरे दिन धलूं पंचायत में पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया।

यह आयोजन धौलाधार परिसर के पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन विद्यालय के छात्रों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों तथा स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी के साथ संपन्न हुआ। कुलपति प्रो. (डॉ.) सत प्रकाश बंसल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पंचायत धलूं की प्रधान आशा देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इनके साथ पंचायत के वरिष्ठ नागरिक, महिला मंडल की सदस्याएं, पंचायत प्रतिनिधि, और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए। पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम, दिनभर की गतिविधियों का पहला चरण पौद्यरोपण अभियान था। कुलपति प्रो. बंसल ने कहा कि प्रकृति हमारे अस्तित्व का आधार है और वृक्ष न केवल जीवनदायी हैं, बल्कि वे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी पवित्र माने जाते हैं। पर्यटन और सतत रूपांतरण तभी संभव है, जब हम पर्यावरण के साथ संतुलित संबंध बनाए रखें।

**बैठक** सफाई कर्मचारी तथा उनके आश्रितों के लिए चलाए गए प्रकल्पों की समीक्षा

# सफाई कर्मियों को दी जाएं बेहतर सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



नगर निगम के कार्यालय में सफाई कर्मचारियों और उनके आश्रितों की समस्याओं के निदान तथा पुनर्वास की समीक्षा की गई।

**अनुसूचित** जाति आयोग के सदस्यों विजय डोगरा, एडवोकेट दिग्विजय मल्होत्रा ने नगर निगम के कार्यालय में सफाई कर्मचारियों और उनके आश्रितों की समस्याओं के निदान तथा पुनर्वास तथा स्वरोजगार के लिए चलाए गए विभिन्न प्रकल्पों की समीक्षा की गई।

**महीने के पहले दिन दी जाए सैलेरी**

इस अवसर पर आयोग के सदस्यों विजय डोगरा तथा दिग्विजय मल्होत्रा ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं तथा स्वच्छ अभियान को सफल बनाने में सफाई कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान तत्परता के साथ, कठिन दौर में भी समाज सेवा के भाव के साथ सराहनीय सेवाएं दीं तथा प्रत्येक विभाग विशेषकर नगर निकायों को सफाई कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सुविधाएं प्रदान करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों को महीने के पहले दिन ही सैलरी देने तथा उनके पीएफ एकाउंट खुलवाने इत्यादि भी अधिकारियों को स्वयं मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों की आवासीय बस्तियों के आसपास सामुदायिक भवन तथा लाइब्रेरी इत्यादि भी सुविधा प्रदान करने के लिए भी उचित कदम उठाने के लिए कहा गया, ताकि सफाई कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिल सके। इस अवसर पर लेबर एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा इस एक्ट की सफाई कर्मचारियों के हित में अनिवार्य तौर पर अनुपालना सुनिश्चित करवाने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर

### आवास के लिए जरूरी प्लान बनाने के निर्देश

**नगर** निकायों के अधिकारियों को सफाई कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों का छह महीने में कम से कम एक बार मेडिकल चेकअप करवाने, सभी सफाई कर्मचारियों के आईडी कार्ड बनाने, मौसम के अनुसार, सफाई कर्मचारियों को यूनिफार्म, रेनकोट इत्यादि उपलब्ध करवाने, सफाई कर्मचारियों को कार्य स्थल पर चेंजिंग रूम निर्मित करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

निगम के कमीशनर जफर इकबाल ने सफाई कर्मचारियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी और सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निदान को उचित कदम उठाने का भरोसा भी दिलाया।

## तृप्ता पब्लिक स्कूल में क्लासरूम मैनेजमेंट पर इन हाउस कार्यशाला



तृप्ता पब्लिक में इन-हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**तृप्ता** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में एक दिवसीय इन-हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय क्लासरूम मैनेजमेंट रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राणा ने की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं ने भाग लिया।

प्रधानाचार्य राणा ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी होती हैं, जो उन्हें बच्चों को पढ़ाने के लिए नई-नई स्किल्स सीखने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक की भूमिका केवल कक्षा तक सीमित नहीं होती, बल्कि विद्यालय के बाहर भी उसकी जिम्मेदारियां होती हैं। कार्यक्रम में रिसोर्सपर्सन के रूप में विद्यालय की अध्यापिका कल्पना शर्मा ने शिक्षकों को क्लासरूम मैनेजमेंट की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षक की टीचिंग स्किल्ड और प्रभावशाली नहीं है तो वह कक्षा को अनुशासित और रोचक नहीं बना सकता। उन्होंने कक्षा में अनुशासन बनाए रखने, बच्चों के साथ सम्मानपूर्ण व्यवहार करने तथा शिक्षक की तैयारी की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने रिसोर्स पर्सन का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस विद्यार्थियों को पढ़ाता अनुशासन का पाठ

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस मनाया गया। बेबी कुमारी एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. केशव कौशल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा एवं नेतृत्व का पाठ पढ़ाता है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित करता है। डॉ. सतीश ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इससे उनमें जिम्मेदारी की भावना तथा समाज के प्रति कर्तव्य निष्ठा विकसित होती है। स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

### मैक्लोडगंज में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल मैक्लोडगंज के सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 25 सितंबर को 33/11 केवी सब स्टेशन तोतारानी में विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि तोतारानी, बाल्ह, बरनेट, सतोबरी, नड्डी, डल झील, धीयाल, चंदमारी, टैंगलवुड, फोरसिथगंज, सैरी, मैक्लोडगंज, मीठानाला, जोगीबारा, भागसूनाग, धर्मकोट, हीरू, गल्लू तथा आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से शाम 5 बजे या कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### पीएचसी पंचरुखी में 28 लोगों ने किया रक्तदान

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पंचरुखी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 28 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. अनुपमा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पीएचसी पंचरुखी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप कश्यप ने सभी रक्तदाताओं व सहयोगी टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नागरिक चिकित्सालय पालमपुर की ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. बिंद्रा, प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता गुरबख्श सिंह कलसी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक संजीव कुमार और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### परागपुर में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परागपुर में बुधवार को प्रधानाचार्य कुसुमलता की अध्यक्षता में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अग्निशमन विभाग की टीम ने एलएफएम टेक चंद की निगरानी में किया। इसमें शिक्षक, प्रशिक्षु अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से शामिल रहे। प्रधानाचार्य ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आपातकालीन स्थितियों में सही निर्णय लेना, आग से बचाव के उपाय समझना तथा सतर्क रहना सिखाना था। अग्निशमन टीम ने छात्रों को आग बुझाने के उपकरणों का प्रयोग, धुएं से बचाव एवं सुरक्षित बाहर निकलने के उपाय समझाए। छात्रों ने अभ्यास में भाग लिया। अंत में प्रधानाचार्य ने जागरूकता को सुरक्षा का पहला कदम बताया और विभाग का धन्यवाद किया।

### कांग्रेस नेता रवींद्र बिट्टू ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को वैवाहिक जीवन के शुभ अवसर पर बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता रवींद्र बिट्टू ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### जयसिंहपुर स्कूल में मनाया एनएसएस दिवस

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। एनएसएस कार्यक्रम के अधिकारी हरीश भारद्वाज प्रवक्ता ने एनएसएस स्थापना दिवस के संबंध में स्कूल के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने कहा कि एनएसएस न केवल युवाओं को नेतृत्व और टीम वर्क की भावना सिखाता है, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है।

### टांडा रेंज में आज होगा फायरिंग अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त उपायुक्त, कांगडा स्थित धर्मशाला ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना की ओर से 26, 29, 30 सितंबर और 1 तथा 3 अक्तूबर को सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कछियारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें, ताकि किसी भी प्रकार की जान माल की हानि से बचा जा सके।

### केवीए एमसी सदस्यों की भूमिका पर जोर




**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत जिला परियोजना प्रबंधक इकाई, पालमपुर की ओर से छोटा भंगाल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य केवीए प्रबंधन समिति के सदस्यों को उनकी भूमिकाओं व जिम्मेदारियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में एफआईएस राजगुंधा, कुकड़ गुंधा, बराग्राम और कोठीकोहार से जुड़े लगभग 20 सदस्य शामिल हुए। डॉ. रजनीश शर्मा ने परियोजना की रूपरेखा और सदस्यों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। डॉ. योगेंद्र पाल कौशल ने योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में विक्रांत राणा, यक्षप गोस्वामी, पंकज भारद्वाज, शिवम सूद और योगी ने तकनीकी जानकारी साझा की। प्रशिक्षण से पारदर्शिता, जिम्मेदारी और सामुदायिक भागीदारी का महत्व समझने में मदद मिली।

### शिवनगर कॉलेज में एनएसएस का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें व्याख्यान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं स्वच्छता अभियान प्रमुख रहे। एनएसएस अधिकारी डॉ. योगेश पांडेय ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए सभी को एनएसएस दिवस की बधाई दी। मुख्य वक्ता एवं पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विवेकानंद शर्मा ने एनएसएस का इतिहास व उसका महत्व बताया और स्वयंसेवकों को सेवा भाव से प्रेरित किया। इको क्लब संयोजक डॉ. उज्ज्वल सिंह ने पर्यावरण संरक्षण में एनएसएस की भूमिका का प्रकाश डाला और राष्ट्र सेवा पर आधारित एक गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार, कविता एवं गीतों की प्रस्तुति दी। इसके बाद महाविद्यालय के पीछे बहती खड्ड किनारे कचरा का एकत्रित कर स्वच्छता की जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर प्रो. राजेश कुमार, डॉ. नीतिका शर्मा तथा स्वयंसेवक विशाल, मानसी, पल्लवी, वरुण, प्रिंस, वंशिका, रिधि, पलक, नैंसी, शुभम आदि उपस्थित रहे।

### शाहपुर अस्पताल में लगाया मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** सिविल अस्पताल शाहपुर में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के लोगों को विशेषज्ञ परामर्श व जांच सुविधाएं उपलब्ध करवाना था। टांडा मेडिकल कॉलेज से ऑर्थोपेडिक्स, त्वचा रोग और ईएनटी विभाग के तीन विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए। साथ ही अस्पताल के नौ चिकित्सकों ने भी सेवाएं दीं, जिनमें शल्य, बाल, नेत्र, स्त्री रोग एवं मेडिसिन विशेषज्ञ शामिल रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी कविता ठाकुर ने बताया कि शिविर में कुल 776 लोगों ने भाग लिया, जिनमें 280 महिलाएं और 496 पुरुष शामिल रहे। सभी का निःशुल्क परीक्षण, परामर्श व दवा वितरण किया गया। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में और ऐसे शिविरों की अपेक्षा की।

### नवोदय में चयन परीक्षा की पंजीकरण तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के लिए कक्षा 9वीं एवं जमा एक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला ने कहा कि पूर्व निर्धारित 23 सितंबर अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 7 अक्तूबर कर दिया गया है। यह अंतिम अवसर है और अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी इस तिथि तक ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें। विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं विद्यालयों से अपील है कि वे समय पर पंजीकरण करवा कर इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण नवोदय विद्यालय की वेबसाइट पर किया जा सकता है।

# दो लाख से अधिक कीमत की अवैध देसी शराब बरामद

## फेरा मलाडू सड़क पर ट्रैफिक चेकिंग के दौरान पुलिस को कामयाबी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा पुलिस ने पिकअप गाड़ी से अवैध देसी शराब की 23 पेटियां बरामद की हैं, जिसकी कीमत दो लाख से अधिक है।

यह अवैध शराब 31 वर्षीय कुलदीप कुमार निवासी गांव हरनेड़, डाकघर सुक्कड़, तहसील धर्मशाला से बरामद की है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर रात पुलिस थाना कांगड़ा की टीम द्वारा ट्रैफिक चेकिंग के दौरान पिकअप नंबर एचपी-68-3877 में 23 पेटियां देशी शराब की भारी खेप बरामद की है। उपरोक्त आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज किया है।



अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया आरोपी।

एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि मंगलवार देर रात जब उपरोक्त आरोपी पिकअप में भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप लेकर आ रहा था तो पुलिस चौकी लंज की टीम ने फेरा मलाडू सड़क पर ट्रैफिक चेकिंग के दौरान आरोपी को रंगेहाथों काबू किया। इसके कब्जे से 23 पेटियों में 276 बोतलें देशी शराब (कुल 2,0,7000 रुपए) की खेप बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पिकअप गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान जारी है तथा ऐसे कार्यों में जुटे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

### चिट्टे व इंजेक्शन सिरिंज सहित दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना बैजनाथ की टीम ने चिट्टे व इंजेक्शन सिरिंज सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय सागर सूद निवासी गांव, डाकघर व तहसील बैजनाथ व 21 वर्षीय निमेश ठाकुर पुत्र निवासी गांव नगुन डाकघर सेहल तहसील बैजनाथ के रूप में हुई है। इनके कब्जे से पुलिस ने 7.08 ग्राम चिट्टा व 4 इंजेक्शन/सिरिंज बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस थाना बैजनाथ में मामला दर्ज किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध धंधे में सक्रिय था और निरंतर पुलिस की निगरानी में थे।

### गगल की मांझी खड्ड में मिला अज्ञात शव

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल की मांझी खड्ड में अज्ञात शव बरामद हुआ है। गगल पुलिस थाना प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त शव की जांच के दौरान पता चला कि वह एक पुरुष था, जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष, तिब्बती/नेपाली मूल का है। जांच करने पर उसके दाहिने कंधे पर बिच्छू का टैटू और बाएं हाथ पर तिब्बती भाषा में एक छोटा टैटू देखा गया। शव गली-सड़ी हुई हालत में था। मृतक के गले में तीन तहों वाली रुद्राक्ष की माला है। मृतक ने क्रिएटिव होम फैशन की नीली जींस और नारंगी रंग की पूरी बाजू की शर्ट पहनी हुई थी। उधम सिंह राजपूत ने बताया कि शव को डॉ. आरपीजीएमसी टांडा के शवगृह में रखा गया है।

### हैप्पी बर्थडे



ढारू के अथर्व को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### हिमालयन ग्रीफल वल्चर पक्षी का किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते खनियारा की मनूनी खड्ड से वन्य प्राणी विभाग की ओर से एक हिमालयन ग्रीफल वल्चर पक्षी को रेस्क्यू किया गया है। वन्य प्राणी विभाग नॉर्थ रेंज के सीएफ सरोज भाई पटेल ने बताया कि उन्हें इस पक्षी से संबंधित सूचना मिली थी। इसके बाद इस पक्षी को विभागीय टीम द्वारा रेस्क्यू कर लिया गया है।

### निफा संस्था ने तरुण को किया राज्य पुरस्कार से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के रहने वाले और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक में सहायक प्रबंधक को निफा संस्था की ओर से राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान निफा की रजत जयंती कार्यक्रम के दौरान दिया गया, जो 21 से 24 सितंबर तक भारत मंडप दिल्ली और करनाल में आयोजित किया गया था। तरुण धीमान को वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस द्वारा प्रशंसा पत्र और 10,000 रुपए की राशि प्रदान की गई है। इसके अलावा, उन्हें वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस में नाम दर्ज करने का सम्मान भी मिला है। तरुण रक्तदान की एक साथ कांगड़ा सेवियर के उपप्रधान भी हैं और श्री सत्य साईं सेवा समिति धर्मशाला द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों में भी अग्रसर हैं। निफा संस्था की संवेदना 2 कार्यक्रम में भी, तरुण धीमान ने 5 सर्वश्रेष्ठ राज्यों में जिला औसत के हिसाब से सबसे ज्यादा रक्तदान शिविर लगवाने के लिए पांचवां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए हिमाचल टीम को 31,000 रुपए का इनाम और प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। केसीसी बैंक कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष पंकज धीमान व उनकी टीम ने तरुण को बधाई दी है।



## पालमपुर विज्ञान केंद्र में 5 दिवसीय शैक्षिक महोत्सव का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पालमपुर** विज्ञान केंद्र में 24 से 28 सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्कृति दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय शैक्षिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. मधुमीत सिंह, पूर्व निदेशक, चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर ने किया। विद्यार्थियों ने हिमाचल की संपदा विषय पर आधारित विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए और उन्हें दर्शकों व निर्णायकों को समझाया। प्रतियोगिता में कुमारी एंजल भट्ट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सन्हूं ने प्रथम, अनमोल, शहीद मेजर सुधीर कुमार वालिया-राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनूरी ने द्वितीय तथा कुमारी वर्णिका दीक्षित, विजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में 90 छात्र, 18 शिक्षक और 190 आम आगंतुकों ने भाग लिया।



विद्यार्थियों ने हिमाचल की संपदा विषय पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए।

### किसानों को दी नई तकनीकों की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के किसान प्रशिक्षण केंद्र सामेती में नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड (एनएफएल) शिमला कार्यालय की ओर से महिला किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुरोध कुमार सक्सेना, राज्य प्रबंधक (हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू-कश्मीर) थे। किसान प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी डॉ. कनिका शर्मा, डॉ. शशिकांता और अन्य फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित थे। डॉ. पारुल पठानिया ने रबी सब्जी फसलों की उत्पादन तकनीक पर व्याख्यान दिया, जबकि डॉ. ज्योति रैना और डॉ. चंदन ठाकुर ने कीट प्रबंधन और एकीकृत कीट प्रबंधन पर जानकारी साझा की। इस प्रशिक्षण में लगभग 50 किसानों ने भाग लिया और नई तकनीकी जानकारियों से लाभान्वित हुए। किसानों ने कार्यक्रम की सराहना की।

## फतेहपुर विस क्षेत्र में प्राकृतिक खेती से किसानों को नई पहचान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**फतेहपुर** विधानसभा क्षेत्र में प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज सिर्फ किसानों की आमदनी का जरिया नहीं बन रहे हैं, बल्कि यह क्षेत्रीय परंपरा को भी नई पहचान दे रहे हैं। कम लागत, बेहतर उत्पादन और पोषक तत्वों से भरपूर ये फसलें मिट्टी की सेहत और जल संरक्षण में भी मदद कर रही हैं। किसानों की यह पहल उपभोक्ताओं के लिए शुद्ध और पोषक भोजन की नई उम्मीद लेकर आई है। फतेहपुर विधानसभा के करीब 124 किसान प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं। आत्मा परियोजना के कृषि प्रसार अधिकारी विशाल शर्मा बताते हैं कि कम पानी और उर्वरक में भी ये फसलें उगती हैं और पोषण में भरपूर हैं। मक्की, गेहूं, हल्दी, बाजरा, रागी और जौ जैसी फसलें बच्चों और महिलाओं के लिए जरूरी कैल्शियम और अन्य पोषक तत्व प्रदान करती हैं। इसके साथ ही यह पारंपरिक फसलों को जीवित रखने का भी जरिया है। शर्मा ने बताया कि सरकार भी किसानों को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश के साथ साथ फतेहपुर विधानसभा में प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई गई मक्की के लिए 40 रुपए प्रति किलो, गेहूं के लिए 60 रुपए, कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपए और पांगी क्षेत्र में उगाई गई जौ के लिए 60 रुपए प्रति किलो न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है। किसान इन फसलों से आटा, कुकीज और दलिया बनाकर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। विशाल शर्मा ने कहा कि फतेहपुर विधानसभा के किसानों की पहल दिखा रही है कि प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि भविष्य की सेहत और समृद्धि की गारंटी हैं।

> **124 किसान प्राकृतिक खेती से जुड़े**

## फतेहपुर विस क्षेत्र में बिजली बंद रहने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**फतेहपुर** विधानसभा क्षेत्र में 132/33/11 सब स्टेशन मोच में आई खराबी ने लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित कर दी। सुबह से बंद बिजली के कारण लोग पंखे, कूलर और बल्ब जैसी दैनिक जरूरतों से वंचित रहे। फतेहपुर तहसील, सब तहसीलों व कार्यालयों और आसपास के गांवों में सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। सभी कार्यालयों में भी कामकाज बाधित रहा और लोगों को रोजमर्रा के कार्य न कर पाने की परेशानी झेलनी पड़ी।

जानकारी के अनुसार, राहत देने के लिए बड़ूखर सब स्टेशन को अस्थायी तौर पर कंदरोरी और राजा तलाब बेल्ट को सब स्टेशन भरमाड़ से जोड़कर बिजली बहाल करने का काम चल रहा था। फतेहपुर मुख्यालय, मुख्य कस्बा रैहन और आसपास के करीब 30 पंचायतों के 90 गांवों में लोग पूरे दिन इंतजार करते रहे, क्योंकि इन क्षेत्रों को आज के दिन के लिए क्षेत्र के अन्य सब स्टेशन से जोड़ना नामुमकिन ही नहीं, असंभव भी था। उपमंडल फतेहपुर के सहायक अभियंता अभीजित सिंह ने बताया कि 132/33/11 सब स्टेशन में खराबी के चलते मरम्मत का काम जारी है, जो देर शाम तक पूरा होने की उम्मीद है। कुछ बड़े फॉल्ट के कारण यह समस्या बार-बार हो रही है। विभाग ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी साझा की थी, लेकिन लोगों की मुश्किलें पूरे दिन बनी रहीं। फतेहपुर के क्षेत्रों में बार-बार बिजली कटने की स्थिति ने यह साफ कर दिया है कि इस समस्या का स्थायी समाधान जल्द होना जरूरी है।

### स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली में निबंध प्रतियोगिता

## 8वीं कक्षा की राधिका भाटिया 10वीं की वंशिका ने मारी बाजी



स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल के विजेता स्टूडेंट्स को ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान। जवाली**

**स्प्रिंग** डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में टाटा बिल्डिंग इंडिया संस्था की ओर से निबंध प्रतियोगिता करवाई गई। आठवीं कक्षा की छात्रा राधिया भाटिया तथा 9वीं कक्षा की छात्रा वंशिका वालिया को विजेता, आठवीं कक्षा के छात्र अरनव मनकोटिया तथा दसवीं कक्षा की छात्रा श्रेया को फर्स्ट रनरअप, आठवीं कक्षा की छात्रा वेदिका तथा नवमी कक्षा के छात्र अभय सिंह राणा को सेकंड रनर अपकी ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. राजीव सिंह निरयाल, स्कूल की एचओडी अंजना कटोच तथा अध्यापिका मिस रुचिका को टाटा बिल्डिंग इंडिया संस्था की ओर से गिफ्ट प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य राजीव ने बच्चों की बधाई दी और हर छात्र को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भी भाग लेने का आह्वान किया।

> **टाटा बिल्डिंग इंडिया संस्था की ओर से करवाई गई निबंध प्रतियोगिता**

## पौंग बांध का जलस्तर घटा लोगों को मिली बड़ी राहत

**अनंत ज्ञान। फतेहपुर।** पौंग बांध का जलस्तर घटने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। पिछले करीब दो माह से पौंग बांध के गेट खोले हुए थे और बांध का पानी 52 गेट से ब्यास नदी में छोड़ा जा रहा था। अब बारिशें कम होने से पौंग बांध के पानी से राहत मिलने लगी है। पौंग बांध का जलस्तर धीरे-धीरे घट रहा है। पिछले दिनों दो बार खतरे के निशान 1390 फुट से ऊपर बढ़कर 1394.95 फुट तक पहुंच गया था, जिससे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई थी। प्रशासन और बीबीएमबी की सतर्कता के कारण अब हालात कुछ बेहतर हुए हैं और प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य जारी हैं। पौंग बांध से छोड़े गए पानी ने फतेहपुर व इंदौरा के मंड क्षेत्रों में काफी तबाही मचाई थी। लोगों के खेत खलिहान और मकान ब्यास नदी के रौद्र रूप में समा गए थे। जमीनें, फसलें सहित कई संपत्तियां बर्बाद हो गई थीं। बुधवार को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बांध का जलस्तर घटता रहा। 12 बजे 1390.92 फुट, 1 बजे 1390.91 फुट, 2 बजे 1390.90 फुट, 3 बजे 1390.89 फुट और 5 बजे 1390.87 फुट दर्ज किया गया। इनफ्लो 17,291 क्यूसेक और आउटफ्लो 24,823 क्यूसेक नियंत्रित रूप से छोड़ा गया। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने बताया कि बांध से औसतन आठ हजार क्यूसेक पानी स्पिलवे के माध्यम से छोड़ा जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों पर जमा सिल्ट हटाई जा रही है और जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया था। मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी। प्रशासन और राहत दल अलर्ट मोड में हैं और लगातार निगरानी रखी जा रही है। अब पौंग बांध से बहुत कम मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। साथ ही नुकसान का आकलन किया जा रहा है और प्रभावित लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## प्राथमिक शिक्षकों ने राहत कोष में दिया 2.15 लाख रुपए का चेक



आपदा राहत कोष में 2 लाख 15 हजार रुपए का चेक भेंट करते शिक्षक।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक शिक्षकों ने भवारना खंड अध्यक्ष कुलदीप चंद की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान से मुलाकात की। इस अवसर पर शिक्षकों ने प्रदेश में आई भारी आपदा से निपटने के लिए आपदा राहत कोष में 2 लाख 15 हजार रुपए का चेक भेंट किया।

साथ ही प्राथमिक शिक्षा ढांचे में हो रहे बदलावों को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। कुलदीप चंद ने कहा कि जहां एक ओर सुक्खू सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर कर्मचारियों को राहत दी है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग प्राथमिक स्तर पर प्रशासनिक नियंत्रण प्रिंसिपल को सौंपने की योजना बना रहा है। इससे न केवल बीईईओ और सीएचटी जैसे पद समाप्त हो जाएंगे, बल्कि प्राथमिक शिक्षकों का प्रमोशन चैनल भी प्रभावित होगा। उन्होंने क्लस्टर सिस्टम के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यह लागू किया गया, तो प्राथमिक शिक्षक संघ को संघर्ष की राह अपनानी पड़ेगी, जिससे सरकार और विभाग के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संजय सिंह चौहान ने शिक्षकों की सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को मुख्यमंत्री सुक्खू तक सकारात्मक रूप से पहुंचाया जाएगा।

**बैठक** गरीबी उन्मूलन योजनाओं के क्रियान्यवन में बैंकों की अहम भूमिका : एडीसी

## सीडी रेश्यो बढ़ाने के लिए बैंक करें योजना तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**सरकार** की गरीबी उन्मूलन योजनाओं को क्रियान्वित करने में बैंकों की अहम भूमिका है और सभी बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लक्षित समूह तक समयबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध हो। एडीसी कांगड़ा विनय कुमार ने बैंकों को सीडी रेश्यो बढ़ाने के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने शिक्षा ऋण एवं कृषि ऋणों में बढ़ोतरी करने पर विशेष बल दिया, ताकि युवाओं और किसानों को समय पर वित्तीय सहयोग मिल सके। यह बात एडीसी विनय कुमार ने बुधवार को जिला एवं प्रदेश के अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित जिला स्तरीय परामर्श समिति, जिला समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने आरसेटी धर्मशाला की जिला स्तरीय समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक पृथ्वी रणवीर ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वार्षिक ऋण योजना वर्ष 2025-26 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए जिले का लक्ष्य 8945.20 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था। जून 2025 की तिमाही तक बैंकों ने 2448.84 करोड़ रुपए का ऋण वितरण करके 27.28 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति दर्ज की है। इस अवधि तक जिले के बैंकों में कुल 46504.67 करोड़ रुपए की जमा राशि और 11807.89 करोड़ रुपए का ऋण वितरण हुआ है। उन्होंने बताया कि जिले की सीडी रेशो 25.39 प्रतिशत रही है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में जून 2025 तक बैंकों ने 22.03 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है, जबकि गैर-प्राथमिकता क्षेत्र में 72.23 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। कृषि क्षेत्र में अब तक 1680.40 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया है, जबकि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में 3383.34 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 की जून तिमाही तक 1467 नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं। वहीं, एलडीएम रणवीर ने बताया कि शेष किसानों को भी इस योजना से लाभान्वित करने के लिए बैंक शाखाओं को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बैंक, विभाग और अन्य हितधारक मिलकर जिले में बुनियादी ढांचे की कमी दूर करने, वित्तीय संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने और जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।




बैठक में शिक्षा ऋण एवं कृषि ऋणों में बढ़ोतरी करने पर विशेष दिया बल।

> **1467 नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी**

# प्रो. बिहारी लाल बने अंतर विश्वविद्यालयीय योग विज्ञान केंद्र की शासी परिषद के सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



**झंडूता** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भदोल गांव के प्रो. बिहारी लाल शर्मा, जो वर्तमान में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी (उ.प्र.) के कुलपति हैं, को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा अंतर विश्वविद्यालयीय योग विज्ञान केंद्र की शासी परिषद् का सदस्य नामित किया गया है। यह नामांकन देश के केवल चार कुलपतियों में से एक के रूप में किया गया है, जिसका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

वर्ष 2018 में स्थापित इस केंद्र का उद्देश्य योग शिक्षा को सुदृढ़ करना, नवीन शोध व विकास को प्रोत्साहन देना है। शासी परिषद् में देश के प्रतिष्ठित विद्वान, विशेषज्ञ व कुलपति शामिल होते हैं, जिसका संचालन यूजीसी अध्यक्ष के अधीन होता है। प्रो. शर्मा का यह चयन न केवल वाराणसी विश्वविद्यालय बल्कि हिमाचल प्रदेश विशेषकर बिलासपुर जिला के लिए गर्व का विषय है। प्रो. शर्मा संस्कृत, वेद, दर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा में विशिष्ट योगदान के लिए जाने जाते हैं। उनकी इस उपलब्धि से प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती मिलेगी।

# मां के जयकारों से गूंजा नयना देवी मंदिर

## तीसरे नवरात्र पर श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़, हरियाणा के डिप्टी स्पीकर ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

**शारदीय** नवरात्र के तीसरे दिन शनिवार को शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हरियाणा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल ने भी माता के दरबार में हाजिरी लगाकर मां से आशीर्वाद लिया।

माता के चंद्रघंटा स्वरूप की विशेष पूजा-अर्चना के लिए पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां डालीं और



हरियाणा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल को मां की तस्वीर भेंट की।

माता का गुणगान किया। मंदिर ट्रस्ट ने प्रशासन के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। दर्शन के लिए व्यवस्थित लाइन लगाई जा रही हैं, ताकि किसी भी तरह की असुविधा न हो। पुजारी हरीश शर्मा ने बताया कि तीसरे नवरात्र पर काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए आए। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं सुचारु हैं, श्रद्धालु निसंकोच आएं और मां का आशीर्वाद प्राप्त करें। कुल मिलाकर नवरात्र उत्सव शांति और भक्ति के माहौल में संपन्न हो रहा है। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा हुआ है।

**श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने किए कड़े प्रबंध**

# श्री नयना देवी में तीसरे नवरात्र पर श्रद्धालुओं की संख्या कम



**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** शक्तिपीठ श्री नयना देवी में तीसरे नवरात्र पर श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। हालांकि सुबह से ही दर्शनार्थियों का पहुंचना जारी रहा। वहीं, नगर परिषद अध्यक्षा दिशा शर्मा ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले श्रावण नवरात्र की तरह इस बार भी सफाई व्यवस्था बेहतर है और किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्लास्टिक की बोतलें न लाएं और साफ-सफाई में सहयोग करें। उनके साथ पार्षद प्रवीण, सफाई प्रभारी अरुण कुमार और गुलशन भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### धौलरा मंदिर में मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के धौलरा मंदिर में चल रहे शारदोत्सव के तीसरे दिन मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की विधिवत पूजा की गई। शिमला से आए पुजारी सुधांशु शेखर भट्टाचार्य के सान्निध्य में संपन्न इस पूजन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश चिराग भानु सिंह ने सपत्नीक भाग लिया। दुर्गा पूजा समिति की संस्थापक डॉ. मल्लिका नड्डा ने बताया कि मां चंद्रघंटा की उपासना साधक को निर्भय, पराक्रमी और सौम्य बनाती है। सांस्कृतिक संध्या में मां जालपा म्युजिकल ग्रुप डियारा के कलाकारों ने भक्तिभाव से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें मोहित सांख्यान, संतोष जोशी, अनीता शर्मा, अभिषेक मिश्रा, ललिता प्रभाकर, और विशाल शर्मा प्रमुख रहे।

### जेनरेटिव एआई पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 25 व 26 सितंबर को 'जेनरेटिव एआई: माइंड टू मशीन' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनी चंदेल ने बताया कि यह कार्यशाला ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से होगी, जिसमें देशभर से विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षक भाग लेंगे। अब तक 150 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। कार्यशाला में विशेषज्ञ जेनरेटिव एआई, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, कंटेंट क्रिएशन, व लाइव प्रोजेक्ट डेवलपमेंट पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेंगे। डॉ. चंदेल ने कहा कि एआई तकनीक शिक्षा, स्वास्थ्य, ई-गवर्नेंस, और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विशेष उपयोगी है। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को वास्तविक तकनीकी दुनिया से जोड़ना और समस्या समाधान क्षमता विकसित करना है।

### जिले के 47 स्कूलों में प्रवीणता टेस्ट आज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** समग्र शिक्षा के तहत विज्ञान, गणित, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट (एसटीईएम) के अंतर्गत बिलासपुर जिले के 47 स्कूलों में 25 सितंबर को प्रवीणता टेस्ट आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा का आयोजन शिक्षा विभाग के एसटीईएम को-ऑर्डिनेटर विजय कुमार द्वारा किया जा रहा है। यह टेस्ट छठी से दसवीं, प्लस वन और प्लस टू कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए होगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में एसटीईएम विषयों के प्रति रचनात्मकता, जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा देना है। प्रदेश के कुल 700 स्कूलों में से बिलासपुर के 47 स्कूल चयनित हैं। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए स्कूल स्तर पर बूट कैंप आयोजित किए जाएंगे, जहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ तकनीकी ज्ञान और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा देंगे। सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और यह टेस्ट एक साथ पूरे जिले में आयोजित होगा।

### स्टूडेंट्स स्वच्छता के प्रति फैलाएं जागरूकता

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के जीव विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विभागों के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल की अध्यक्षता में हुए इस अभियान में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पार्किंग क्षेत्र में जमी अनावश्यक घास और प्लास्टिक कचरे को साफ किया, जिससे परिसर स्वच्छ हुआ। प्राचार्य डॉ. कटवाल ने कहा कि ऐसे अभियान 'स्वच्छ भारत मिशन' में योगदान देते हैं और एक स्वस्थ वातावरण का आधार हैं। उन्होंने छात्रों से समाज में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में डॉ. संजीव कुमार सहित अन्य शिक्षकगण भी शामिल हुए।

### बिलासपुर कॉलेज में मनाया एनएसएस स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनएसएस इकाई द्वारा एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने नाटी, कविता, गिद्दा सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मन मोह लिया। प्राचार्य डॉ. कटवाल ने कहा कि एनएसएस समाज के प्रति उत्तरदायित्व, अनुशासन और निस्वार्थ भाव से कार्य करना सिखाता है। उन्होंने महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अर्जित सम्मान की सराहना की।

# बिलासपुर जिले में जल्द स्थापित होगा नशा मुक्ति केंद्र : उपायुक्त

## बोले- जुखाला कॉलेज को नशा मुक्त परिसर किया जाएगा घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**उपायुक्त** राहुल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को बचत भवन में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गठित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिले में नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए डीसी ने कहा कि भारत सरकार ने वर्ष 2020 में देश के 272 जिलों को नशे के मामलों में सर्वाधिक संवेदनशील श्रेणी में चयनित किया था, जिनमें बिलासपुर जिले को वर्ष 2023 में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शामिल किया गया।

अब तक इस अभियान के तहत जिला बिलासपुर में शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों और अन्य संस्थाओं के सहयोग से लगभग एक लाख लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया है। शिक्षा, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग तथा जिला प्रशासन मिलकर इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा अभियान को अधिक तीव्रता देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने खेल विभाग को जिला स्तर पर मैराथन दौड़ आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि घुमारवीं कॉलेज में 'नशा मुक्त भविष्य के लिए युवाओं को सशक्त बनाना' विषय पर दो दिवसीय युवा महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें युवाओं के लिए सेमिनार एवं अन्य गतिविधियां भी शामिल रहेंगी। राजकीय महाविद्यालय जुखाला को नशा मुक्त परिसर घोषित किया जाएगा।



डीसी की अध्यक्षता में हुई नशा मुक्त भारत अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक।

### नशा मुक्त पंचायत बनाने के लिए कार्य करें अधिकारी

**डीसी** ने पंचायत स्तर पर पर नशा मुक्त पंचायत बनाने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो पंचायतें स्वयं को नशा मुक्त घोषित करेंगी, उन्हें 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। डीसी ने कहा कि जिले में शीघ्र ही नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किया जाएगा। नशा मुक्ति केंद्र स्थापना के लिए मध्य हिमालयन परियोजना के भवन का चयन किया गया है। पूर्व में वन विभाग की ओर से 19 हजार रुपए मासिक किराया तय किया गया था, लेकिन जिला प्रशासन ने यह मामला प्रदेश सरकार के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया है कि जो सरकारी भवन वर्तमान में उपयोग में नहीं है, उन्हें पूरे प्रदेश में निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। सरकार का यह अहम निर्णय केवल बिलासपुर जिला के लिए नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए कारगर साबित होगा। डीसी ने अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर सहित विभागीय अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।

### जिले में की जाएगी प्रहार योजना लागू

**डीसी** ने कहा कि जिले में प्रहार योजना लागू की जा रही है, जिसके तहत नशे के रोकथाम, पुनर्वास, जागरूकता, हानि में कमी और पुनः एकीकरण पर कार्य किया जाएगा। इसके लिए अदानी फाउंडेशन की ओर से 45 लाख रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही बताया कि नशा निवारण अभियान के अंतर्गत हाल ही में प्रकाश चंद बंसल ने पॉडकास्ट कार्यक्रम की शुरुआत की है, जो जिला में एक नई पहल है। डीसी ने उन्हें जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का भी आश्वासन दिया। बैठक में समिति के सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### गर्ग ने तकनीकी शिक्षा मंत्री पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

# चहेते ठेकेदारों को टेंडर दिलाने के लिए नियम-कानून रखे ताक पर



बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**पूर्व** मंत्री एवं भाजपा नेता राजेंद्र गर्ग ने प्रेसवार्ता में प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी अपने मनपसंद ठेकेदारों को कॉन्ट्रैक्ट दिलवाने के लिए सारे नियम-कानून ताक पर रख रहे हैं। आईडीपी प्रोजेक्ट के घुमारवीं कार्यालय में हाल ही में एक बड़ा ड्रामा हुआ है।

भाजपा समर्थित ठेकेदारों को जानबूझकर टेंडर फॉर्म लेने से रोका गया और टेंडर के अंतिम दिन अधिकारी गायब हो गए। जब इसकी शिकायत की गई, तो प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने पहले तो टेंडर रद्द करने से साफ मना कर दिया, लेकिन जैसे ही पता चला कि भाजपा समर्थित ठेकेदारों ने भी आवेदन कर दिया है, केवल 2 दिन बाद ही पूरा टेंडर रद्द कर दिया गया। गर्ग ने इस पूरे प्रकरण को 'सरेआम भ्रष्टाचार' करार देते हुए कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार की जननी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की ओर से अपने 'चहेतों' को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों को अवहेलना की जा रही है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और दोषी मंत्री व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा इस भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगी और इस भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन खड़ा करेगी। इस मौके पर घुमारवीं भाजपा अध्यक्ष सुरेश ठाकुर और अंकुश चंदेल सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद थे, जिन्होंने कांग्रेस सरकार के इस कृत्य की कड़ी निंदा की।

### शुतुद्री वंदन सेलिंग एक्सपीडिशन के दसवें दिन निकाली 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' रैली

# बेटी बचाओ और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



गोबिंदसागर में चल रहे अभियान में सेलिंग करते कैडेट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**शुतुद्री** वंदन सेलिंग एक्सपीडिशन के दसवें दिन कैडेट्स ने दाड़ीभाड़ी में मतला स्कूल से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' रैली का आयोजन किया और स्थानीय लोगों को बेटियों की शिक्षा एवं सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया।

इसके उपरांत कैडेट्स सतलुज नदी के तट पर पुनीत सागर अभियान के तहत ज्योतिपतन में सफाई अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यात्रा को आगे बढ़ाते हुए कैडेट्स जकातखाना पहुंचे, जहां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला से जल संरक्षण विषय पर रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

इसके बाद कैडेट्स गंभर पुल तक सेलिंग करते हुए गए और देर शाम अपने गंतव्य बिलासपुर पहुंचे। कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने बताया कि आज कैडेट्स ने सेलिंग करते हुए कुल 38 किलोमीटर का सफर तय किया। उन्होंने कहा कि दसवें दिन भी कैडेट्स का उत्साह और जज्बा देखते ही बनता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रथम नेवल यूनिट एनसीसी द्वारा आयोजित यह ऐतिहासिक शुतुद्री वंदन सेलिंग एक्सपीडिशन 25 सितंबर को अपने समापन पर पहुंचेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राजेश धर्मानी शाम 5 बजे कैडेट्स के दल का फ्लैग इन करेंगे। तत्पश्चात भाषा एवं संस्कृति विभाग ऑडिटोरियम में औपचारिक समापन समारोह आयोजित होगा। इसमें मंत्री राजेश धर्मानी मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। इस खास अवसर पर शिमला ग्रुप का प्रतिनिधित्व कर्नल आदित्य वर्मा, डिप्टी ग्रुप कमांडर करेंगे।

# शहीद आशा कुमार को दी श्रद्धांजलि विद्यालय के नामकरण की उठी मांग



सीआरपीएफ जवान हेमराज ने शहीद आशा कुमार शर्मा की पत्नी संतोष को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** विधानसभा क्षेत्र की पंचायत नघियार के शहीद आशा कुमार शर्मा को उनके शहीदी दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आशा कुमार सीआरपीएफ की 93वीं बटालियन में झारखंड के हजारीबाग में तैनात थे और 23 सितंबर 2001 को माओवादियों द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग विस्फोट में अपने 11 साथियों सहित शहीद हो गए थे। इस अवसर पर सीआरपीएफ कार्यालय पिंजौर से आए जवान हेमराज ने शहीद के पैतृक गांव नघियार पहुंचकर उनके चित्र पर सलामी दी और पुष्पांजलि अर्पित की। शहीद की धर्मपत्नी संतोष कुमारी, परिवारजनों और समस्त ग्रामवासियों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की।

शहीद के बेटे लव और भाई अनिल कुमार (सीआरपीएफ में कार्यरत) ने दूरभाष के माध्यम से अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान जब तक सूरज चांद रहेगा, शहीद आशा तेरा नाम रहेगा के नारों से वातावरण गूंज उठा।

वहीं, शहीद की पत्नी को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया और उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नघियार का नामकरण शहीद आशा कुमार शर्मा के नाम पर करने की मांग सरकार से की।

# झंडूता में जीएसटी सुधारों के बताए लाभ

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** प्रदेश भाजपा द्वारा मंगलवार को झंडूता स्थित बिद्दू मैरिज पैलेस में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तरीय जीएसटी बजट उत्सव, प्रबुद्ध जन संवाद सम्मेलन और आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री का वितरण शामिल था। कार्यक्रमों में विधायक जीतराम कटवाल और विधायक रणधीर शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

जीएसटी बजट उत्सव कार्यक्रम में विधायक जीत राम कटवाल ने केंद्र सरकार के हालिया जीएसटी सुधारों की जानकारी देते हुए कहा कि 390 से अधिक वस्तुओं पर टैक्स में ऐतिहासिक कमी की गई है। अब केवल दो टैक्स स्लैब (5% और 18%) रह गए हैं, जिससे आम जनता की बचत बढ़ेगी। इस सुधार से देश की अर्थव्यवस्था को लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का लाभ होगा। कटवाल ने विपक्ष पर इस सुधार पर अनावश्यक राजनीति करने का आरोप लगाया। वहीं, प्रबुद्ध जन संवाद सम्मेलन में मुख्य वक्ता विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा समाज के बौद्धिक वर्ग के सुझावों को महत्व देती है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन से ही पार्टी की नीतियाँ जनहितकारी बनती हैं। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद हुए हवलदार बलदेव चंद की शहादत पर दो मिनट का मौन रखकर याद किया गया। अंतिम कार्यक्रम में विधायक जीतराम कटवाल ने भाजपा मंडल कार्यालय में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भेजी गई राहत सामग्री झंडूता विधानसभा क्षेत्र के 40 आपदा प्रभावित परिवारों में वितरित की। कटवाल ने इस पहल को राष्ट्रीय एकता की मिसल बताते हुए यूपी सरकार और सीएम योगी का आभार जताया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से हो समाधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025-26 में अब तक 4812 लाभार्थियों को दिव्यांग राहत भत्ता योजना के तहत 6 करोड़ 18 लाख 79 हजार 350 रुपए की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। साथ ही दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 23 छात्र-छात्राओं को लगभग 2 लाख रुपए की राशि वितरित की गई है।

उपतहसील भराड़ी में दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण पूरा कर लिया गया है, जबकि उपतहसील बरठीं में जल्द ही रैंप की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। समिति ने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि दिव्यांगजनों की शिकायतों और समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और समिति सदस्य उपस्थित रहे।

> प्रशासन का प्रयास है कि दिव्यांगजनों को रोजगार और सुविधाओं में प्राथमिकता मिले। एम्स बिलासपुर सहित अन्य संस्थानों में भी दिव्यांगजनों के लिए अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।
>
> **-राहुल कुमार, उपायुक्त बिलासपुर।**

### कांग्रेस शुरू करेगी 'वोट चोर गद्दी छोड़' जन जागरण अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश में भी अन्य राज्यों की तरह 'वोट चोर गद्दी छोड़' कार्यक्रम के तहत कांग्रेस जन जागरण अभियान शुरू करने जा रही है। हरियाणा के जोन-2 (करनाल, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, झज्जर आदि जिले) के प्रभारी ठाकुर हीरापाल सिंह ने बिलासपुर सदर में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर संगठन की बैठक होगी, जिसमें रोजगार, बेरोजगारी, वोट का अधिकार, संविधान बचाओ और लोकतंत्र की रक्षा पर कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायतराज चुनावों में हर पंचायत से कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की सूची तैयार कर जिला कांग्रेस कमेटी को दी जाएगी। अंतिम निर्णय संगठन और कांग्रेस कमेटी मिलकर लेंगे। संगठन का प्रयास रहेगा कि एक ही उम्मीदवार को मैदान में उतारा जाए और मोनोपोली से खड़े होने वाले दावेदारों से संवाद कर सहमति बनाई जाए।

# एसएमसी ने क्लस्टर सिस्टम का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकी प्राथमिक केंद्रीय पाठशाला गेहड़वीं की स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित क्लस्टर सिस्टम का कड़ा विरोध किया है। अध्यक्ष सुमित कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने इस सिस्टम को शिक्षा व्यवस्था के लिए नुकसानदायक बताया। सुमित ने कहा कि यदि सरकार इस क्लस्टर सिस्टम को वापस नहीं लेती है, तो प्रदेशभर की सभी स्कूल प्रबंधन समितियां मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 10,000 प्राथमिक स्कूल हैं, जिनका अपना भौतिक ढांचा है। यदि क्लस्टर सिस्टम लागू हुआ, तो कई स्कूल बंद हो जाएंगे और वे खंडहर बन जाएंगे। इससे छोटे बच्चों को 3-4 किलोमीटर दूर क्लस्टर स्कूल तक जाना पड़ेगा, जो सुरक्षित और व्यावहारिक नहीं है। सुमित ने इसे ग्रामीण बच्चों के शिक्षा के अधिकार का हनन बताया और चेताया कि समय रहते अगर इसे वापस नहीं लिया गया तो सभी समितियां सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ आवाज उठाएंगी। इस अवसर पर सदस्य नीलम, अंजना, मधुबाला, रमेश, रमन, नरेंद्र, रणबीर, रणजीत, गीता देवी, किरण, कंचन, पूनम, नीरजा, कविता, सुनीता, मोनिका और रेनू उपस्थित थे।

**गेहड़वीं में हुई स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक**

# भगवान राम ने तोड़ा शिव धनुष सीता स्वयंवर से उत्सव का माहौल

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** घुमारवीं के पुराना बस स्टैंड में चल रही रामलीला की दूसरी संध्या में भगवान राम ने शिव धनुष तोड़कर जनक नंदिनी सीता को वरमाला पहनाते ही पूरे पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। इस महत्वपूर्ण दृश्य में महाराजा जनक की चिंता और व्यग्रता को वरिष्ठ कलाकार अरविंद ठाकुर ने बड़ी शिद्दत से प्रस्तुत किया। साथ ही, शेषनाग अवतार लक्ष्मण और परशु राम के संवादों ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। इससे पहले, राम जन्मोत्व, महर्षि विश्वामित्र के आश्रम में राक्षसों का हुड़दंग और महाराजा दशरथ के पास सहायता के लिए जाना जैसे दृश्य भी दर्शकों का आकर्षण बने। दूसरी संध्या में भगवान राम और वीर लक्ष्मण द्वारा ताड़का, सुबाहू व अन्य राक्षसों का वध देखने के लिए पंडाल में भारी भीड़ जुटी। आदर्श रामलीला नाटक समिति के प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि पूर्व पार्षद प्रेम लाल खाची ने सपरिवार मंच पर हाजिरी लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं को धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने और नशे से दूर रहने की अपील की। सीता स्वयंवर में सुरेश धीमान की कॉमेडी ने लोगों को खूब हंसाया, वहीं रावण बने ज्योति प्रकाश की धमाकेदार एंट्री ने तालियां बटोरी। प्रभु राम का किरदार अभिषेक टेस्सू और लक्ष्मण का राहुल उप्पल ने शानदार निभाया। ताड़का का अभिनय कर रहे रवि ने भी अपनी भूमिका में जान डाल दी। रामलीला समिति अध्यक्ष संजय कुमार ने सभी से सपरिवार रामलीला देखने और तन-मन-धन से सहयोग करने का आह्वान किया।

# आस्था व रहस्य का केंद्र त्रिलोचन महादेव मंदिर

## शिवभक्त त्रिलोचन की कथा से जुड़ा है भडुआ गांव में स्थित मंदिर का ऐतिहासिक महत्व

**अनंत ज्ञान, धरवाला**



आस्था, रहस्य और श्रद्धा का केंद्र है भडुआ गांव में स्थित त्रिलोचन महादेव मंदिर।

**चंबा** जिला के भडुआ गांव में स्थित त्रिलोचन महादेव मंदिर एक ऐसा धार्मिक स्थल है, जो न केवल शिवभक्तों की आस्था का केंद्र है, बल्कि एक अद्भुत पौराणिक कथा से भी जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि यह मंदिर शिवभक्त त्रिलोचन की स्मृति में बना है, जिसे स्वयं भगवान शिव कैलाश पर्वत ले गए थे।

पुराण कथाओं के अनुसार, भरमौर के संचुई गांव में रहने वाला त्रिलोचन शिवभक्ति में लीन एक दर्जी था। भगवान शिव ने उसे स्वप्न में दर्शन देकर कैलाश बुलाया, जहां उसने शिव के लिए चोला-डोरा सोने की सुई से तैयार किया। कई महीनों बाद जब वह वापस लौटा तो किसी को अपने अनुभव के बारे में बताने से इंकार कर दिया। लेकिन पत्नी के बार-बार पूछने पर उसने सच्चाई उजागर कर दी और दुःखी होकर बुडन नदी में कूद गया।

त्रिलोचन का शव रावी किनारे भडुआ गांव के पास मिला, जहां श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर का निर्माण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी बलदेव शर्मा (92) के अनुसार, भगवान शिव ने स्वप्न में पिंडी रूपी शिला की स्थापना यहीं करवाने को कहा था। यह वही शिला थी, जिसे लोग उठाकर लाए थे, लेकिन भारी हो जाने पर उसी स्थान पर छोड़ना पड़ा। अब यह स्थान त्रिलोचन महादेव मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है, जहां हर साल राधा अष्टमी के अवसर पर भव्य जागरण और पूजन का आयोजन होता है। यह मंदिर चंबा मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत व पुनर्वास का भरोसा

## उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने किया मैहला विकास खंड का दौरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए।

**उपायुक्त** चंबा मुकेश रेपसवाल ने बुधवार को विकासखंड मैहला की ग्राम पंचायत कुठेड़ के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर मौके की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुठेड़, बाथरी और प्रोहो गांवों में प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम चंबा और खंड विकास अधिकारी मैहला को निर्देश दिए कि वे आपदा से प्रभावित परिवारों का त्वरित सर्वेक्षण करें और वास्तविक नुकसान का आंकलन प्रस्तुत करें, ताकि राहत एवं पुनर्वास की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जा सके। साथ ही, संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कुठेड़ गांव में उन्होंने बीपीएल परिवारों से भेंट की और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन मकानों की प्रगति का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने उपमंडल अधिकारी (नागरिक) चंबा को निर्देशित किया कि सभी पात्र गरीब परिवारों को जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से राहत सामग्री तुरंत उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने ग्रामीणों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक होने का भी संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुठेड़ की प्रधान तमन्ना बंसल, जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार, एसडीएम प्रियांशु खाती, खंड विकास अधिकारी बशीर खान, सहायक अभियंता दीपक कुमार, कनिष्ठ अभियंता लोकेन्द्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विधायक डीएस ठाकुर ने किया सड़क निर्माण का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी निर्वाचन क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने कंधवारा के समीप सड़क निर्माण कार्य का खुद जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए ताकि स्थानीय जनता और यात्रियों के लिए बेहतर और सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित किया जा सके। विधायक ठाकुर ने कहा कि कंधवारा से भड़ेला तक बस मार्ग जल्द ही सुचारू रूप से चालू हो, इसके लिए प्रयास लगातार जारी हैं। उन्होंने ठेकेदारों और अधिकारियों से कहा कि कार्य में कोई ढिलाई न हो और जनता की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। स्थानीय लोगों ने विधायक के सक्रिय प्रयास की सराहना की और बताया कि सड़क बन जाने से गांव और बाजारों के बीच संपर्क बेहतर होगा, साथ ही आवागमन में समय और मेहनत की बचत होगी। इस निरीक्षण से स्पष्ट है कि विधायक डीएस ठाकुर क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं को सुधारने और जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयासरत हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## पूर्व विधायक ने प्रभावितों को बांटीं राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भाजपा मंडल साहों के अंतर्गत पंचायत कीड़ी के लग्गा और बंजल बूथ में हाल ही की प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों तक सदर चम्बा के पूर्व विधायक पवन नैय्यर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा संकट की घड़ी में हमेशा जनता के साथ खड़ी रहती है। उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए जनसेवा को संगठन की प्राथमिकता बताया। राहत सामग्री मिलने पर प्रभावित परिवारों ने पवन नैय्यर और भाजपा संगठन का आभार जताया। पूर्व विधायक ने भविष्य में भी इसी तरह सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## डीएलआरसी व डीसीसी की बैठक 29 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) की बैठक 29 सितंबर को डीआरडीए कॉन्फ्रेंस हॉल मंडी में होगी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन करेंगे। एलडीएम मंडी चंद्र प्रकाश ने बताया कि बैठक में बैंकों के जिला समन्वय अधिकारी (डीसीओ), भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड और विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। सभी बैंक एवं विभाग अपनी-अपनी रिपोर्ट के साथ भाग लेंगे।

## क्विज स्पर्धा में सीबी रमन हाउस के छात्र फर्स्ट

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बीएसएल परियोजना बीबीएमबी सुंदरनगर पर स्थित बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वच्छता और स्वच्छ भारत मिशन पर क्विज का आयोजन किया गया। स्कूल के सीबी रमन हाउस के विद्यार्थियों अनमोल, मलिका पलक और दिव्यांश की टीम ने इसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप उपहार और नकद राशि प्रदान कर गई।

## एनएसएस के इतिहास के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में 56वां राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्या, प्रोफेसर निशा वैद्य, थीं।कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की वंदना से हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि प्रोफेसर निशा वैद्य ने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वयंसेवकों को देश की प्रगति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एनएसएस महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित है और हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण डोगरा ने एनएसएस के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इस सत्र के विषय, 'यूथ फॉर डिजिटल इंडिया एंड यूथ फॉर माई भारत', पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों को डिजिटल इंडिया में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन कर रहीं कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मोहिनी ने एनएसएस के महत्व और आधुनिक युग में इसकी प्रासंगिकता पर बात की।

## पुलिस पेंशनर्स कल्याण संघ की बैठक 11 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य पुलिस पेंशनर्स कल्याण संघ की अर्धवार्षिक आम सभा की बैठक 11 अक्टूबर को माता भीमाकाली मंदिर परिसर में होगी। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ज् चमन लाल भटिया, वरिष्ठ उपप्रधान परमानंद शर्मा, महामंत्री इकबाल मोहम्मद खान, कोषाध्यक्ष साहिब सिंह तथा प्रैस सचिव कृष्ण चंद ठाकुर ने यहां पर एक संयुक्त बयान में बताया कि इस बैठक में सभी जिला इकाईयों के प्रधान, महामंत्री, पदाधिकारी व कम से कम 15 सदस्य भाग लेंगे।

## मतदाता सूची के प्रारूप मसौदे पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर पंचायत संधोल में सहायक आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार संधोल विपिन कुमार की अध्यक्षता में मतदाता सूची के प्रारूप मसौदे पर चर्चा के लिए विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत के वार्डवार मतदाता सूची का पंचायत सदस्यों व आम लोगों के समक्ष अवलोकन किया गया और उसमें आवश्यक सुधार व संशोधन के बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान तमाम आपत्तियां भी दर्ज की गई। तहसीलदार ने उपस्थित सदस्यों को निर्देश दिए कि वे समय पर अपने-अपने वार्डों की सूची का गहनता से अध्ययन करें।

## पूर्व प्रधान ज्ञान चंद शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल के पूर्व प्रधान ज्ञान चंद शर्मा का हाल ही में लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। उनके कार्यों को देखते हुए सीनियर सिटीजन काउंसिल ने शिव मंदिर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीनियर सिटीजन काउंसिल के मुख्य सलाहकार भगवान दास शास्त्री ने बताया कि उन्होंने मुंडखर स्कूल से जेबीटी अध्यापक से अपना करियर शुरू किया था उसके बाद उन्होंने एमए, एम एड करने के बाद लेक्चरर बने। उन्होंने मानवता की भलाई के लिए भी कई कार्य किए। वर्ष 1996 में सेवानिवृत होने के बाद सीनियर सिटीजन काउंसिल की स्थापना की। प्रत्येक रविवार को गीता, रामायण का कार्यक्रम शुरू किया। इसी शिव मंदिर में यहां से प्रेरणा लेकर धर्मार्थ रोगी सेवा संस्थान स्थापित किया और मरीजों को ब्रैड व दलिया देना शुरू किया। उसके बाद संस्था में रहकर कई कार्य किए जिसकी बदौलत संस्था ने मरीजों को खाना देना शुरू किया। उनके कार्यों को याद करते हुए अन्य उपस्थित महानुभावों ने उनके कार्यों को याद किया।

## भोरंज के भरेड़ी कस्बे में माता रानी का गुणगान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के अंतर्गत भरेड़ी कस्बे में नवरात्रों के पावन अवसर पर भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय व्यापारी रविदत्त के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पूरा कस्बा माता रानी के गुणगान में डूबा नजर आया। भजनों की स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्थानीय महिला मंडल और अन्य महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति रस में सराबोर भजनों की प्रस्तुति दी। महिलाओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ माता के भजनों को गाया और उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।नवरात्रों के चलते यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में धार्मिक आस्था तो प्रगाढ़ होती ही है, साथ ही आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का भी संदेश मिलता है। भरेड़ी में आयोजित इस भजन संध्या में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और माता रानी के दरबार में हाजिरी भरकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# नेरा पंचायत में ग्रामीणों को बैंकिंग व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, तीसा**

ग्राम पंचायत नेरा में वित्तीय साक्षरता केंद्र तीसा द्वारा बुधवार को एक विशेष शिविर आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं और साइबर ठगी जैसे जोखिमों के बारे में जागरूक करना था। विशेषज्ञों ने सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, कृषि ऋण (केसीसी लोन) और वित्तीय सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी दी। ग्राम पंचायत प्रधान गुलाम रसूल और पंचायत सचिव राजिंद्र सहित वित्तीय साक्षरता केंद्र के गणेश दत्त भी मौजूद थे। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने संतोषजनक जवाब दिया। सभी ने इस पहल की सराहना की और ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता जताई ताकि ग्रामीण वित्तीय रूप से मजबूत और सुरक्षित बन सकें।

# रामलीला मंच में शिव महाजन का निधन, चंबा में कार्डियक केयर सेंटर की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा चौगान में रामलीला मंचन के दौरान एक मार्मिक और हृदयविदारक घटना घटी, जब वरिष्ठ कलाकार और समाजसेवी शिव महाजन मंच पर अभिनय करते हुए चल बसे। वे राजा दशरथ की भूमिका निभा रहे थे और उनका अंतिम संवाद था 'आपके लिए प्राण भी न्यौछावर कर दूंगा।' यही पंक्ति उनके जीवन की अंतिम बन गई। चिकित्सकों ने उनकी मृत्यु का कारण हृदयाघात बताया।



शिव महाजन की असमय मृत्यु ने चंबा में कार्डियक केयर सेंटर की अनुपलब्धता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। करीब 6 लाख की आबादी वाले जिले में आज तक ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। विशेषज्ञ मानते हैं कि हृदयाघात की स्थिति में 'गोल्डन ऑवर' में इलाज मिलना जीवन बचा सकता है, परंतु चंबा से निकटतम सेंटर तक पहुंचने में 4-5 घंटे लगते हैं। समाजसेवी शिशु गुप्ता ने इस घटना पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि चंबा में आधुनिक कार्डियक केयर यूनिट, आपातकालीन किट से लैस पीएचसी, और एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की जाए। स्थानीय लोगों ने पूछा है कि चंबा क्यों बार-बार वंचित रह जाता है? अब केवल वादे नहीं, ठोस स्वास्थ्य ढांचा चाहिए।

# बारिश से ध्वस्त हुआ स्कूल का भवन, 40 विद्यार्थी बेघर

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** हाल ही में हुई भारी बारिश से सरकारी प्राथमिक विद्यालय सक्रैना-दो का भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे करीब 40 विद्यार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में कक्षाएं एक स्थानीय निवासी के घर में अस्थायी रूप से चल रही हैं।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने तुरंत पहल करते हुए उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की चिंता को देखते हुए उन्होंने उपायुक्त से विद्यालय के लिए दो कक्ष, एक किचन शेड और दो वॉशरूम निर्माण हेतु बजट स्वीकृत करवा लिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा ताकि बच्चों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण में शिक्षा मिल सके। उल्लेखनीय है कि गाँव के एक



- एपीएमसी अध्यक्ष ललित की तत्परता से मिली राहत
- डीसी से मिली स्वीकृति, जल्द शुरू होगा भवन निर्माण

निवासी ने पहले ही विद्यालय निर्माण हेतु 6 बीघा भूमि दान दी है, जो ग्रामीणों की शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रतीक है।

ललित ठाकुर ने इस प्रयास को क्षेत्र की भविष्य पीढ़ी के लिए जरूरी कदम बताते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई किसी भी हाल में बाधित नहीं होने दी जाएगी।

## बार्बेक्यू नेशन की प्लेसमेंट ड्राइव में 9 युवा चयनित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार विनिमय चंबा में बुधवार को बार्बेक्यू नेशन कंपनी की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इस भर्ती प्रक्रिया में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 20 अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू में भाग लिया, जिनमें से 9 का चयन कंपनी द्वारा किया गया। जूनियर ऑफिसर असिस्टेंट (आईटी), जिला रोजगार कार्यालय चंबा के निशांत कुमार ने जानकारी दी कि चयनित युवाओं को छह माह की प्रशिक्षण अवधि पूरी करने के बाद प्रति माह 15,500 रुपए वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही उनकी नियुक्ति चंडीगढ़ अथवा पंजाब के विभिन्न जिलों में की जाएगी। प्रशिक्षण अवधि के दौरान कंपनी की ओर से चयनित युवाओं को नि:शुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कंपनी शीघ्र ही जॉइनिंग की तिथियों की घोषणा करेगी। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रोजगार के ऐसे अवसरों का लाभ उठाकर अपने करियर को एक नई दिशा दें। यह भर्ती प्रक्रिया जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर साबित होगी, जो न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि उन्हें देश की प्रतिष्ठित कंपनियों से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करेगी।

# भरमौर में विधायक जनक राज ने 'वोकल फॉर लोकल' को दिया जोरदार समर्थन



विधायक डॉ. जनकराज भरमौर बाजार में स्थानीय उत्पादों की दुकानों का दौरा कर खरीददारी करते हुए।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**पांगी-भरमौर** के विधायक डॉ. जनकराज ने बुधवार को भरमौर बाजार में 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सक्रिय रूप से समर्थन दिया और स्थानीय उत्पादों की दुकानों का दौरा कर खरीदी की। इस अवसर पर उन्होंने बाजार में मौजूद विभिन्न स्वदेशी वस्तुएं खरीदकर न केवल स्थानीय व्यापारियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि आम जनता को भी स्वदेशी उत्पादों की महत्ता से अवगत कराया।

विधायक डॉ. जनकराज ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों का अधिकतम उपयोग करें और स्थानीय कारीगरों तथा उद्यमियों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ स्थानीय स्वरोजगार और कारीगरों की क्षमता को भी बढ़ावा देते हैं।

इस दौरान बाजार में मौजूद दुकानदारों और आम नागरिकों ने विधायक के इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि विधायक के इस कदम से न केवल स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लोगों में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। डॉ. जनकराज ने लोगों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी वे इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय उत्पादकों और कारीगरों को समर्थन देते रहेंगे।

## चंबा कॉलेज में 250 छात्राओं और महिला कर्मियों का जांचा हीमोग्लोबिन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में एनएसएस दिवस के अवसर पर एक विशेष हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वास्थ्य विभाग, पीएचसी चनेड और आयुष्मान आरोग्य केंद्र चनेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। शिविर में 250 छात्राओं और महिला कर्मचारियों की जांच की गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अविनाश ने बताया कि यह सेवा कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व कौशल और जागरूकता को बढ़ावा देता है। प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने समाज सेवा और स्वास्थ्य के प्रति सजगता की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. करण हितैशी, लतू शर्मा, निखिल गौतम, मुस्कान, प्रियंका, कार्तिक आदि स्वयंसेवकों ने सक्रिय योगदान दिया।

## राहत व पुनर्निर्माण कार्यों को जल्द करें पूरा: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आज उपायुक्त कार्यालय मंडी में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अपूर्व देवगन ने की। बैठक में सभी खंड विकास अधिकारियों ने अपने-अपने विकास खंडों में चल रही योजनाओं और हाल ही में आई आपदा के बाद बहाल किए गए कार्यों की स्थिति प्रस्तुत की। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को शीघ्र सुविधा मिल सके इसके लिए राहत और पुनर्निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि जिले में मनरेगा के अंतर्गत 566.46 करोड़ की लागत से 34,327 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से अब तक 1,512 कार्य शुरू हुए हैं जिन पर 6.63 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने स्वीकृत कार्यों को शीघ्र आरंभ करने और लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वर्तमान में जिले में 38,249 कार्य लंबित हैं। अभी तक निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले केवल 75 प्रतिशत ही मानव दिवस अर्जित हुए हैं।

# निजी बस सेवा का निर्धारित रूट पर न चलना बना परेशानी का सबब

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

- कलखर चौक पर इंतजार करते रहे यात्री, नहीं मिली निर्धारित रूट की सुविधा
- आरटीओ मंडी ने लिया संज्ञान, नियमों के तहत होगी कार्रवाई

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत चलने वाली शर्मा बस सर्विस इन दिनों अपने निर्धारित रूट पर नहीं चल रही है। यह बस सेवा हमीरपुर से करसोग तक जाती है, जिसका समय सुबह पटड़ीघाट से करीब 8:40 बजे रवाना होना और दोपहर 2:45 बजे लौटना तय है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस सुबह तो पटड़ीघाट रूट से आती है, लेकिन दोपहर को लौटते समय इस मार्ग से नहीं गुजरती। बुधवार को भी रूप लाल, दामोदर दास, सुनीता, लेख राज, चंद्र सिंह, मूलराज, डिश शर्मा सहित कई लोग कलखर चौक पर आधे घंटे तक इंतजार करते रहे। जब बस कलखर स्टॉप पर पहुंची तो चालक और परिचालक ने बस को निर्धारित रूट से न ले जाते हुए अन्य मार्ग से ले जाना शुरू कर यात्रियों ने जब बस को निर्धारित रूट पर चलने के लिए कहा तो चालक परिचालक ने यात्रियों से साफ कह दिया कि जहां शिकायत करनी है कर लो। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति पिछले एक सप्ताह से लगातार बनी हुई है। निर्धारित रूट से बस सेवा न मिलने के कारण लोगों को मजबूरन निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है और भारी-भरकम किराया चुकाना पड़ रहा है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बस सेवा को तुरंत उसके निर्धारित रूट पर नियमित किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस बारे में आरटीओ मंडी नवीन कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि आज मीडिया के द्वारा मामला हमारे ध्यान में आया है नियम अनुसार बस सेवा पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जोगिंद्रनगर में गूंजे मां के जयकारे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शरद नवरात्र के तीसरे दिन जोगिंद्रनगर का आईटीआई परिसर मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा। इस शुभ अवसर पर संस्थान में विशेष पूजा-अर्चना और शांति हवन का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों प्रशिक्षुओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।संस्थान की प्रधानाचार्या इंजीनियर नवीन कुमारी के नेतृत्व में आईटीआई परिसर में नवनिर्मित मंदिर में मां सरस्वती, भगवान विश्वकर्मा और भगवान गणेश की मूर्तियों की विधिवत स्थापना की गई। इस दौरान सभी प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक हवन में पूर्णाहुति डाली और भजन-कीर्तन में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।धार्मिक कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने मिलकर क्षेत्र और प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। प्रधानाचार्या इंजीनियर नवीन कुमारी ने बताया कि नवरात्र के पावन अवसर पर संस्थान में इस तरह के धार्मिक आयोजन छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पूजा-अर्चना व हवन संस्थान व पूरे क्षेत्र के लिए खुशहाली और प्रगति की कामना के साथ किया गया है।

अनंत Classifieds

NAME CHANGE

**I Kaushlya Devi** W/O Sh. Lal Singh Village Pando P. O. Gumma, Tehsil Jogindernagar Distt Mandi, H.P. do hereby declare that in my Aadhar card my name wrongly entered as kalasi. It should entered my correct name Kaushlya Devi in my Aadhar card. Concerned please note.

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र.।**
मुकद्दमा- इन्द्राज सेहत नाम
पेशी- 09.10.2025
विनोद कुमार पुत्र स्व. श्री बलराज निवासी झिकला डोहब डाकखाना डोहब तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र.।
**बनाम**
**आम जनता**
**विषय- दरुस्ती नाम हि.प्र. रा. अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल झिकला डोहब व उपरला डोहब में नाम दरुस्ती वारे।**
उपरोक्त मुकद्दमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है कि उसका सही नाम विनोद शर्मा सपुत्र स्व. श्री बलराज गांव झिकला डोहब डाकखाना डोहब तहसील शाहपुर जिला कांगडा है। जबकि महाल झिकला डोहब व उपरला डोहब में उसका नाम विनोद कुमार दर्ज है जो कि गलत इन्द्रराज हुआ है। प्राथी उक्त नाम को दरुस्त करके विनोद शर्मा पुत्र स्व. श्री बलराज महाल झिकला डोहब व उपरला डोहब में दर्ज करवाना चाहता है।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 09.10.2025 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।
आज दिनांक को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता**
**प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।**

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.**
मुकद्दमा न. 96/2025
किस्म मुकद्दमा तकसीम
तारीख पेशी 05.12.2025
**अमित कपूर बनाम अनूप कुमार आदि**
**नोटिस बनामः-** 1. चैन पुत्र पालू पुत्र मीनक निवासी महाल सुरड़ तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र.।
भूमि खाता न. 14 खतौनी न. 31 खसरा न. 104/69 किता 01 रकवा तदादी 00-28-68 है. स्थित महाल सुरड़ तह. पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी बर्ष 2012-2013
**अखबारी ईश्तहार**
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्तु तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार महाल में नहीं रहते है। प्रार्थी कौंसल ने पता देने में असमर्थता व्यक्त कि तथा ब्यान किया कि अखबारी ईश्तहार जारी कर तलब किया जाए। अतः अखबारी ईश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 05.12.2025 का अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 23.09.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरी मुशैहरा**
विकासखंड चौन्तडा, जिला मंडी (हि.प्र)
**निविदा आमंत्रण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टिकरी मुशैहरा में जिला परिषद के तहत Creation of New Source Driniking Woter हेतु 151500 रुपए स्वीकृत हुए हैं। इसके तहत हैंडपंप टिकरी मुशैहरा वार्ड नंबर 4 में विद्युत मोटर पाइप व बिजली फिटिंग की जानी हैं। जिसके लिए पंचायत निविदा आमंत्रित करती है। निविदा पंचायत में 25 सितंबर 2025 तक पहुंच जानी चाहिए और निविदा 26 सितंबर 2025 को पंचायत कार्यालय में 11:00 खोली जाएगी।
**प्रधान/सचिव**
ग्राम पंचायत टिकरी मुशैहरा

‘मनुष्य जितना ज्ञान में घुल गया हो, उतना ही वह कर्म के रंग में रंग जाता है। –विनोबा भावे

## संपादकीय

# अशांत हुआ लद्दाख

आमतौर पर शांत रहने वाला लद्दाख अशांत हो गया है। यह उबाल कोई एक दिन में पैदा नहीं हुआ, बल्कि लंबे समय से दबे आक्रोश और अधूरी अपेक्षाओं का नतीजा है। लद्दाख के हजारों लोगों ने जिस तरह अचानक सोशल मीडिया के आह्वान पर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया, वह इस बात का संकेत है कि वहां के लोग अब और आश्वासन नहीं चाहते, बल्कि वे ठोस कार्रवाई देखना चाहते हैं। यह आंदोलन उस समय और ज्यादा संवेदनशील हो गया जब इसमें हिंसा की झलक दिखाई दी। छात्रों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प, भाजपा दफ्तर में आगजनी, सीआरपीएफ की गाड़ी जलाना–ये सब तस्वीरें किसी भी लोकतंत्र के लिए चिंताजनक हैं।

सबसे अहम सवाल यह है कि आखिर वह कौन सी वजहें हैं जिन्होंने लद्दाख जैसे शांतिप्रिय इलाके को सुलगा दिया? लोगों की मांगें साफ हैं–लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा चाहिए, पूर्वोत्तर राज्यों की तरह छठी अनुसूची में शामिल कर आदिवासी अधिकारों की गारंटी चाहिए, कारगिल और लेह को अलग-अलग लोकसभा सीटें मिलनी चाहिए और सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की हिस्सेदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। ये सब मांगें अचानक नहीं उठीं। 5 अगस्त 2019 को जब अनुच्छेद 370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर को दो हिस्सों में बांटा गया और लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया, तभी से यहां के लोगों के मन में यह भावना गहराने लगी थी कि लद्दाख को अपनी पहचान और अधिकारों के साथ एक स्वतंत्र राज्य के रूप में देखा जाए। केंद्र सरकार ने बार-बार भरोसा दिया, यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी आश्वासन दे चुके हैं, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी जब वास्तविक कदम सामने नहीं आए तो लोगों में नाराजगी गहराना स्वाभाविक है।

पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प पहलू यह रहा कि इस आंदोलन की चिंगारी सोशल मीडिया से निकली। जिस तरह कम नोटिस पर हजारों लोग सड़कों पर उतर आए, वह इस बात का संकेत है कि अब सोशल मीडिया न केवल संवाद का साधन है, बल्कि आंदोलनों को संगठित करने और उन्हें दिशा देने का एक बड़ा हथियार बन चुका है। नेपाल में हाल के दिनों में जेन-जेड यानी युवा पीढ़ी के प्रदर्शनों की तरह ही लद्दाख का यह आंदोलन भी सोशल मीडिया से संचालित प्रतीत हुआ।

फर्क बस इतना है कि नेपाल में यह आंदोलन राजनीतिक व्यवस्था के खिलाफ था, जबकि लद्दाख में यह अपने क्षेत्रीय अधिकारों और पहचान की लड़ाई है, लेकिन दोनों जगह यह साफ दिखता है कि नई पीढ़ी अब अपने अधिकारों के लिए आक्रामक तरीके से आगे आ रही है और सरकारों के आश्वासनों पर आंख मूंदकर भरोसा करने को बिलकुल तैयार नहीं है। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक इस आंदोलन का चेहरा रहे हैं। उन्होंने लंबे समय से शांतिपूर्ण प्रदर्शन और भूख हड़ताल के जरिए सरकार को जगाने की कोशिश की, लेकिन जब उनकी अपील को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आम जनता में यह संदेश गया कि सरकार उनकी सुध लेने के लिए मजबूर करने वाली स्थिति चाहती है।

यही कारण रहा कि हजारों छात्र और लोग हिंसा की ओर बढ़े। हालांकि, वांगचुक खुद इस हिंसा से नाराज हैं और इसे लद्दाख के लिए दुख का दिन बता रहे हैं। उनका यह कहना सही है कि पिछले पांच साल में उन्होंने कभी हिंसा का रास्ता नहीं अपनाया, लेकिन जब जनता का सब्र टूटता है तो आंदोलन बेकाबू हो ही जाते हैं। ऐसे में अब सवाल उठना लाजिमी है कि सरकार इस संकट से आखिर निपटे कैसे? केंद्र सरकार को इस मसले पर अपनी स्थिति साफ करनी चाहिए। लगातार आश्वासन और टालमटोल की राजनीति से केवल असंतोष ही पनपेगा। अगर सरकार लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने के पक्ष में है तो उसे इसके लिए ठोस रोडमैप देना चाहिए। अगर किसी वजह से ऐसा संभव नहीं है तो जनता को यह स्पष्ट बताना चाहिए कि क्यों यह कदम अभी नहीं उठाया जा सकता? पारदर्शिता ही विश्वास की पहली सीढ़ी है। सरकार को प्रदर्शनकारियों से तत्काल संवाद शुरू करना चाहिए। संवाद ही हर लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

केवल पुलिस बल और सख्ती के जरिए आंदोलनों को कुचलने की कोशिश लंबे समय में सरकार की साख और जनता के विश्वास दोनों को चोट पहुंचाती है। इसीलिए जरूरी है कि वांगचुक से बातचीत कर समाधान निकाला जाए, ताकि आंदोलन फिर से शांतिपूर्ण रास्ते पर लौटे। लद्दाख के लिए विशेष पैकेज और अधिकारों की गारंटी तय की जाए। छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग केवल राजनीतिक नहीं है, बल्कि वहां की जनजातीय और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी है। लोग डरते हैं कि बिना संवैधानिक गारंटी के उनकी जमीन, नौकरियां और संसाधन बाहरी लोगों के हाथों में चले जाएंगे। उनकी चिंता वाजिब है और इसे नजरअंदाज करना भविष्य में और बड़े संघर्षों को जन्म दे सकता है। लद्दाख की आवाज को अगर आज अनसुना किया तो कल यह आवाज और तेज होगी। यही समय है जब भारत यह साबित कर सकता है कि वह न केवल आर्थिक और सामरिक ताकत है, बल्कि एक सशक्त लोकतंत्र भी है जो अपने नागरिकों की आवाज सुनने और उन्हें सम्मान देने में सक्षम है। यही दृष्टिकोण राष्ट्र को मजबूत करेगा और किसी भी बाहरी खतरे का सामना करने की शक्ति देगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री



चौधरी देवी लाल
जन्म : 25 सितंबर, 1914
मृत्यु : 6 अप्रैल, 2001

**चौधरी** देवी लाल भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं भारतीय राजनीति के पुरोधा, किसानों के मसीहा, महान स्वतंत्रता सेनानी, हरियाणा के जन्मदाता, राष्ट्रीय राजनीति के भीष्म-पितामह, करोड़ों भारतीयों के जननायक थे। आज उनका कद भारतीय राजनीति में बहुत ऊंचा है। उन्हें लोग भारतीय राजनीति के अपराजित नायक के रूप में जानते हैं। उन्होंने भारतीय राजनीतिज्ञों के सामने अपना जो चरित्र रखा वह वर्तमान दौर में बहुत प्रासंगिक है। चौधरी देवी लाल का जन्म हरियाणा के सिरसा जिले में हुआ। इनके पिता का नाम चौधरी लेखराम, मां का नाम श्रीमती शुंगा देवी और पत्नी का नाम श्रीमती हरखी देवी है। जनहित के कार्यों के रूप में स्व. देवीलाल जन-जन के अंत पटल पर जो कुछ अंकित कर गए हैं, वो लंबे समय तक उनकी याद जो ताजा कराता रहेगा। जन-मानस बर्बस स्मरण करता रहेगा कि हरियाणा की पुण्य भूमि ने ऐसे नर-केसरी को जन्म दिया था, जिसने अपने त्याग, संघर्ष और जुझारूपन से परिवार के मुखिया ताऊ के दर्जे को, राष्ट्रीय ताऊ के सम्मानजनक एवं श्रद्धापूर्ण पद के रूप में अलंकृत किया। ■



कविता

## एकता की शक्ति

अर्पित गौतम, चाचियां, तहसील पालमपुर, कांगड़ा

*जब तक था वो नांद में तब तक, बस चारा कहलाया है।*
*एक अकेला घास का टुकड़ा, बस तिनका कहलाया है।*
*धन से मकान बना करके, धन से उसे सजाया है।*
*पर एक अकेले धन ने कब, मकान को घर बनाया है।*
*कई दिनों तक मेहनत करके, किताबों को भी मित्र बनाया है,*
*अन्यथा एक रात में कहां किसी ने, सफलता को गले लगाया है?*
*धूप में पसीना बहा करके, हाथों में छाले ला करके,*
*पिता ने किताब उसे दिलवाई है,*
*और कभी तो उसके पेन की कीमत, मां के काजल ने भी चुकाई है।*
*फिर एक अकेले उसने भी, कब सफलता पाई है?*
*एक चिड़िया आकर जब, वह तिनका उठा ले जाती है।*
*फिर तिनका-तिनका जोड़ कर, और मिट्टी-पानी घोल कर,*
*वो घोंसला जब बनाती है, तब चिड़िया को मिलता आशियाना,*
*और तिनके को नई अस्मिता मिल जाती है।*
*इस तरह एकता की शक्ति, फिर सिद्ध हो जाती है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पंचायतीराज में महिला आरक्षण हो, जाति आरक्षण नहीं




भारत में आरक्षण हर क्षेत्र में एक कोढ़ बनता जा रहा है। प्रतिभा न जाति की मोहताज नहीं होती है न आरक्षण की। प्रतिभा हमेशा परिश्रम, लगन, धैर्य व साहस से आगे बढ़ती जाती है। आरक्षण बाधक है पर रास्ता प्रतिभा का रोक सके उसमें ताकत नहीं है। बिना आरक्षण के प्रतिभाएं दुनिया में भारत का नाम रोशन कर रही हैं। वह खेत से लेकर अंतरिक्ष तक रणभूमि से लेकर कंप्यूटर तक आने ज्ञान का लौहा मनवा रही हैं।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रो., कृषि विवि, पालमपुर

आरक्षण आज उन लोगों के लिए सहारा बन गया है जो प्रयास करने के बजाय जातिगत प्रमाणपत्र की बैसाखी पर सवार होकर आगे बढ़ना चाहते हैं। इससे मेहनती और प्रतिभाशाली युवाओं के आत्मविश्वास को चोट पहुंच रही है। पंचायतीराज व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण देना एक सकारात्मक कदम था, जिससे उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके, लेकिन इसमें भी जब जातिगत आरक्षण जोड़ दिया गया, तो मूल उद्देश्य कमजोर पड़ गया। आज अधिकांश महिला प्रतिनिधि केवल नाम की प्रधान हैं, जबकि उनके स्थान पर पति, बेटे या परिवार के अन्य पुरुष सदस्य ही निर्णय ले रहे हैं। महिलाओं के नाम पर सत्ता पुरुषों के ही हाथों में है। इससे न केवल महिलाओं का सशक्तिकरण बाधित हो रहा है, बल्कि जातिगत राजनीति ने पंचायतों को टकराव का केंद्र बना दिया है। आज देश में जातिगत आरक्षण का लाभ वही परिवार उठा रहे हैं जो पहले से ही शिक्षित और संपन्न हैं। कई परिवारों ने महानगरों में स्थायी निवास बना लिया है, परंतु अपने बच्चों के लिए आदिवासी या अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवाकर आरक्षण का लाभ ले रहे हैं। जबकि सुदूर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवार अब भी उस लाभ से वंचित हैं। यह एक गहरी विडंबना है कि जिन्हें वास्तव में सहायता की आवश्यकता है, वे पीछे रह जाते हैं और जो पहले से सक्षम हैं, वे पीढ़ी दर पीढ़ी आरक्षण का लाभ उठाते जा रहे हैं। इस समस्या का समाधान केवल यही है कि आरक्षण का आधार केवल जाति नहीं, बल्कि वास्तविक आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति हो।

यदि किसी के माता-पिता आरक्षण का लाभ ले चुके हैं, तो अगली पीढ़ी को स्वत: ही इससे बाहर किया जाना चाहिए। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आरक्षण केवल उन्हें मिले जिन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा वास्तव में ग्रामीण या आदिवासी क्षेत्र से ली हो, न कि केवल स्थायी पता दिखाकर लाभ लिया हो।

आरक्षण ने गांवों में सामाजिक एकता को भी तोड़ दिया है। पंचायत चुनावों में जब जातिगत आरक्षण लागू होता है, तो लोगों के बीच प्रतियोगिता और दुर्भावना जन्म लेती है। जो जातियां एक समय एक साथ खेतों में काम करती थीं, आज एक-दूसरे से कटी-कटी रहती हैं। चुनाव में अब यह नहीं पूछा जाता कि कौन योग्य है, बल्कि यह देखा जाता है कि किसकी जाति को आरक्षण मिला है। इससे चुनाव जीतने के बाद भी प्रतिनिधियों में आत्मविश्वास की कमी रहती है क्योंकि उन्हें यह ज्ञात होता है कि वे योग्यता से नहीं, आरक्षण से आए हैं। राजनीतिक दलों ने भी आरक्षण को केवल वोट बैंक की तरह देखा है। मंडल आयोग के बाद जब पिछड़ी जातियों को भी आरक्षण मिला, तब से हर जाति इस मांग को लेकर सड़क पर उतर आई है। जाट, मराठा, गुर्जर, पटेल, बौद्ध, सिख, ईसाई-सभी अपनी-अपनी जातियों के लिए आरक्षण की मांग कर रहे हैं। अब तो हाल यह है कि सामान्य वर्ग के लिए स्थान ही सीमित रह गए हैं। अगर यह सिलसिला यूं ही चलता रहा, तो एक दिन ऐसा आएगा जब हर व्यक्ति को आरक्षित वर्ग में ही शामिल करने की मांग उठेगी, और ‘सामान्य’ कोई नहीं बचेगा। भारत में हाल ही में शुरू किया गया आर्थिक आधार पर आरक्षण एक तार्किक और व्यवहारिक पहल है।

यह जाति से हटकर जरूरतमंद को सहायता देने का प्रयास है। इसी मॉडल को आगे बढ़ाकर शिक्षा, नौकरियों और पंचायतों में भी लागू किया जाना चाहिए। इससे हर वर्ग का गरीब और वंचित लाभान्वित होगा और समाज में वास्तविक समानता आएगी। विधानसभा और संसद की सीटें दशकों से कुछ जातियों के लिए आरक्षित हैं। इससे इन क्षेत्रों में विकास भी प्रभावित हुआ है। एक ही वर्ग से बार-बार प्रतिनिधि बनने के कारण न तो नई सोच आ पाती है, न ही विकास की गति तेज होती है।

आरक्षण से आए प्रतिनिधि प्राय: अपने विचार मजबूती से नहीं रख पाते, क्योंकि उनके भीतर यह भावना घर कर जाती है कि वे अपनी योग्यता से नहीं, विशेष अधिकार से यहां पहुंचे हैं। समस्या की गंभीरता इसी में है कि ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक कई क्षेत्र लगातार आरक्षित बने हुए हैं। यह जरूरी है कि हर पांच वर्ष में आरक्षित क्षेत्रों में बदलाव हो। इससे सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व का समान अवसर मिलेगा और उपेक्षित क्षेत्रों में भी विकास होगा। वर्तमान में सामान्य वर्ग को कई दशकों तक चुनाव लड़ने का मौका ही नहीं मिलता, क्योंकि हर बार किसी न किसी जाति का आरक्षण लागू हो जाता है। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है। भारत में आरक्षण अब सामाजिक न्याय का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक तनाव और विघटन का कारण बन चुका है। आज जरूरत इस बात की है कि इस पर नए सिरे से विचार किया जाए। महिला आरक्षण केवल महिलाओं के लिए हो, जाति के आधार पर नहीं। पंचायतों में भी महिलाओं को आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाए, जिससे वास्तविक जरूरतमंद महिला सशक्त बन सके।

राजनेताओं को चाहिए कि वे आरक्षण की राजनीति छोड़कर शिक्षा, रोजगार और पारदर्शिता पर ध्यान दें। हर व्यक्ति को बराबरी से आगे बढ़े का अवसर दिया जाए, तभी भारत सही मायने में विकसित राष्ट्र बन पाएगा आज समय की मांग है कि आरक्षण व्यवस्था को समाप्त न सही, तो व्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध अवश्य बनाया जाए। नहीं तो एक दिन यह जातिगत विष हमें सामाजिक संघर्ष और विद्रोह की ओर ले जाएगा, जिसकी चपेट में कानून, व्यवस्था और देश की एकता सब कुछ आ सकता है। आरक्षण की जगह हमें विकास, अवसर और सहभागिता की राजनीति को बढ़ावा देना होगा। तभी एक सशक्त, समतामूलक और विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# लापरवाहियों से नदियों में डूबते लोग, जिम्मेदार कौन?

आखिर लोग जान जोखिम में डालने से क्यों नहीं मान रहे हैं। देश की नदियों में नौनिहालों के डूबने के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। प्रशासन को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए। अगर प्रशासन सक्रिय हो जाए, तो इन हादसों को रोका जा सकता है।



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

देश में नदियों में डूबने के हादसे निरंतर हो रहे हैं। प्रतिदिन ऐसे हादसे हो रहे हैं। ताजा हादसा गुरु की नगरी पांवटा साहिब में एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ यमुना नदी में नहाते तीन युवकों की मौत हो गई। पांवटा साहिब के यमुनाघाट पर एक युवक डूबने लगा तो दो उसे बचाने में लग गए, लेकिन दोनों युवक भी डूब गए। अभी तक युवकों के शव नहीं मिल पाए हैं। शिलाई के गांव गवाली से ग्राम देवता की पालकी लेकर ग्रामिणों के साथ गंगा स्नान करवाने हरिद्वार गए थे, लौटते समय यमुना में नहाने चले गए और यह दुखद हादसा हो गया। प्रतिवर्ष हिमाचल में गर्मियों के मौसम में पर्यटकों व लोगों के डूबने के हादसे होते रहते हैं, परंतु सबक न सीखना लोगों व दूसरे राज्यों से हिमाचल घूमने आए पर्यटकों की आदत बनता जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक 8 जून 2019 शनिवार को हिमाचल में डूबने की तीन घटनाएं घटित हुई।



एक दिन में खड्डों में नहाने उतरे तीन लोगों की दर्दनाक मौतों से जनमानस खौफजदा है। चंबा के भटियात में कलम खड्ड में नहाने उतरे सात साल के बच्चे की मौत गई थी। यह दूसरी कक्षा का छात्र था। नादौन में भी कुनाह खड्ड में नहाने उतरा एक 22 साल का युवक डूब गया। तीसरी घटना पर्यटक स्थल बरोट-मुल्थान में घटित हुई, जहां उहल नदी में नहाते समय हरियाणा के पर्यटक की डूबने से मौत हो गई।

वह 250 मीटर दूर तक पानी के बहाव में बह गया। पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है। पर्यटक भी अपनी मनमानी से बाज नहीं आते है। करीब 11 साल पहले 2014 में मंडी में हुए, दर्दनाक हादसे को आज भी लोग नहीं भूले है। जून 2014 में हैदराबाद के एक कालेज के छात्र-छात्राएं जो हिमाचल भ्रमण पर आए थे थलौट में दरिया के किनारे नहाने उतर गए थे, जब लारजी प्रोजैक्ट से पानी छोड़ा था उसमें 24 छात्रों की मौत हो गई थी, लगभग एक महीना सर्च ऑपरेशन चलाया गया और तब जाकर उनकी लाशों को निकाला गया था जिसमें करोड़ों रुपया खर्च आया था।

गनीमत यह रही कि दूसरी बस के छात्र नहाने नहीं उतरे तो कम से कम 50 छात्र मारे जातें। मनाही के बावजूद खड्डों में नहाने का जोखिम उठा रहे हैं और बेमौत मारे जा रहे हैं। पिछले दस सालों में हजारों पर्यटक डूबकर मर चुके हैं। लाशें तक बरामद नहीं हो रही है फिर थी जानबूझकर मौत को आमंत्रण देते हैं।

कांगड़ा में भी नदी किनारे दो भाई-बहन कपड़े धोने गए थे कि भाई का पांव फिसला और वह नदी में डूब गया उसको बचानें के लिए बहन पानी में कूद गई और दोनों बेमौत मारे गए। देश की नदियों में नौनिहालों के डूबने के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। वर्ष 2015 में आगरा में यमुना नदी में चार नाबालिग बच्चे डूब गए थे जिनमें से एक बच्चे को लोगों ने बचा लिया था मगर तीन बच्चे डूब कर बह गए थे। अगर प्रशासन पर्यटकों व लोगों पर लगाम कसे तो इन हादसों पर रोक लग सकती है। अगर अब भी प्रशासन ने सबक नहीं सीखा तो हर रोज लोग, बच्चे व पर्यटक नदियों में डूबते रहेगें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**नशा** चाहे कोई भी हो, मानवता के लिए एक खतरनाक आदत है, जो इंसान को मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर बना देता है। शराब, तंबाकू, ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करने से शरीर में कई तरह की समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। यह न केवल व्यक्ति के जीवन को संक्षिप्त करता है, बल्कि समाज में भी इसके प्रतिकूल प्रभाव होते हैं। नशा करने से मनुष्य का आत्मविश्वास घटता है, और वह अपने परिवार, दोस्तों और समाज से दूर होता जाता है। नशे की लत में पड़कर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों से बचने लगता है। इसके साथ ही यह स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है, जैसे कि लिवर की बीमारी, हार्ट अटैक और मानसिक विकार। हमें नशे से दूर रहकर अपनी जिंदगी को स्वस्थ और खुशहाल बनाना चाहिए।

**–निर्दोष चौधरी, रैहन**

# एकात्म मानववाद व अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय

भारत का इतिहास केवल राजाओं, महापुरुषों या स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह उन विचारकों और दार्शनिकों के योगदान से भी जुड़ा है जिन्होंने समाज के उत्थान और राष्ट्र निर्माण की नई राहें दिखाई हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अंत्योदय की अवधारणा प्रस्तुत कर भारतीय राजनीति और समाज को नई दिशा दी।



डॉ. राकेश कुमार शर्मा
सहायक आचार्य इतिहास
सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी

अंत्योदय का अर्थ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उदय या उत्थान करना है। उनके चिंतन का मूल यही था कि जब तक सबसे गरीब, वंचित और शोषित व्यक्ति की आवश्यकता पूरी नहीं होती, तब तक राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति और सामाजिक चिंतन के एक अत्यंत प्रभावशाली व्यक्तित्व थे। उनका प्रमुख योगदान अंत्योदय और एकात्म मानववाद की अवधारणाओं के रूप में देखा जाता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को उनके धनकिया राजस्थान में हुआ। उनके पिता भगवती प्रसाद रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे, जबकि माता राम प्यारी गृहिणी थी। उनका मूल गांव उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद के नगला चंद्रभान गांव है। उनका परिवार साधारण आर्थिक स्थिति वाला था।

अल्पायु में ही ढाई वर्ष की आयु में पिताजी व सात वर्ष की आयु में माताजी का निधन हो गया, जिसके कारण उनका बचपन संघर्षमय रहा। दस वर्ष की आयु में नानाजी व पंद्रह वर्ष की आयु में मामी का देहांत हो गया जो कि उनके संरक्षक एवं पालक थे। अपने पालकों के आकस्मिक निधन से वे अभी उभरे भी नहीं थे कि 18 नवंबर,1934 को भाई शिवदयाल भी उन्हें अकेला छोड़कर संसार से विदा हो गए। 1935 में जब वे उन्नीस वर्ष के थे, तो उनकी नानी का देहावसान हो गया। किंतु कठिनाइयों के बीच भी उनकी शिक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सीकर (राजस्थान) से शिक्षा प्राप्त की और बाद में पिलानी, कानपुर तथा प्रयागराज में उच्च शिक्षा अर्जित की। वे मेधावी छात्र थे और अपनी लगन व अनुशासन के कारण सदैव प्रथम आते। राष्ट्र के प्रति समर्पण, नि:स्वार्थ सेवा और संगठनात्मक कौशल उनके व्यक्तित्व की विशेष पहचान बनी। दीनदयाल उपाध्याय 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा गठित भारतीय जनसंघ से जुड़े। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के निधन के बाद उन्होंने संगठन की बागडोर संभाली।

1952 में वे भारतीय जनसंघ के महामंत्री बने व 1967 तक पंद्रह वर्ष तक इस पद पर रहे। दिसंबर,1967 में वे जनसंघ के दसवें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। संगठन की जड़ों को गांव-गांव तक फैलाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। उनकी कार्यशैली सरल किंतु प्रभावशाली थी। उनका उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं बल्कि राजनीति को समाज सेवा का माध्यम बनाना था। उन्होंने ग्रामीण भारत में संगठन विस्तार, सामाजिक कल्याण और नैतिक राजनीति पर जोर दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की वास्तविक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, अंत्योदय का सिद्धांत प्रस्तुत किया। इसका अर्थ समाज के सबसे गरीब और उपेक्षित व्यक्ति का कल्याण करना था। उनका मानना था कि यदि समाज के अंतिम व्यक्ति तक संसाधन और अवसर पहुंचते हैं, तभी सच्चे अर्थों



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विशेष

में विकास होगा। अंत्योदय की यह अवधारणा में विशेष बल अंतिम व्यक्ति के उत्थान पर दिया गया। यही विचार बाद में भारतीय राजनीति और योजनाओं की आधारशिला बना।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सबसे महत्वपूर्ण दार्शनिक योगदान एकात्म मानववाद है। यह दर्शन 1965 में प्रस्तुत किया गया था। इसका मूल विचार यह था कि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र एक-दूसरे से अलग नहीं हैं, बल्कि एक अखंड इकाई हैं। पश्चिमी विचारधाराएं या तो व्यक्ति पर जोर देती हैं या केवल राज्य पर, लेकिन दीनदयाल उपाध्याय का मत था कि भारतीय जीवन दर्शन में संतुलन और सामंजस्य है। एकात्म मानववाद में आर्थिक प्रगति के साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का भी ध्यान रखा गया।

विकास का केंद्र केवल जीडीपी वृद्धि नहीं है, बल्कि व्यक्ति की गरिमा और समाज का सामूहिक कल्याण है। गांव, कृषि, कुटीर उद्योग और स्वावलंबन को राष्ट्र निर्माण का आधार माना गया। दीनदयाल उपाध्याय की सोच इतनी गहरी थी कि आज भी भारत की कई कल्याणकारी योजनाओं में उनके विचार परिलक्षित होते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि दार्शनिक, समाजसेवी और नैतिक विचारक थे। उनका अंत्योदय दर्शन यह दर्शाता है कि समाज का विकास केवल आर्थिक संपन्नता से नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति की गरिमा और कल्याण से मापा जाता है। आज उनके विचार न केवल नीति निर्माताओं के लिए प्रेरणा हैं, बल्कि समाज में समानता, न्याय और समग्र विकास की नींव भी प्रदान करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ऊना में जलभराव की समस्या: सामूहिक प्रयास से समाधान की ओर

ऊना जिला हिमाचल प्रदेश का एक सुंदर और कृषि प्रधान क्षेत्र है, लेकिन बरसात के मौसम में यहां जलभराव की समस्या गंभीर रूप से देखी जाती है। भारी वर्षा के कारण नालों और नदियों में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिससे सड़कों, खेतों और घरों में जलभराव हो जाता है। यह समस्या न केवल लोगों की दैनिक जीवनशैली को प्रभावित करती है, बल्कि स्वास्थ्य, यातायात और कृषि को भी नुकसान पहुंचाती है। जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति और निर्माण ढांचे के कारण हर वर्ष बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से जूझता है। जब भारी वर्षा होती है तो शहर एवं ग्रामीण इलाकों में उचित जल निकासी तंत्र के अभाव में सड़कों, गलियों और घरों के आसपास पानी भर जाता है। यह स्थिति आमतौर पर एक-दो सप्ताह तक ही रहती है, परंतु इन दिनों में नागरिकों को भारी असुविधा, यातायात अवरोध और स्वास्थ्य संबंधी खतरे झेलने पड़ते हैं।




राजन कुमार शर्मा
डुगली, जिला हमीरपुर

**समस्या की जड़**

**भूगोल एवं स्थलाकृति:** ऊना का क्षेत्र अपेक्षाकृत समतल है, जिससे वर्षा का पानी प्राकृतिक रूप से शीघ्र नहीं निकल पाता।

**अपर्याप्त जल निकासी प्रणाली:** वर्तमान में नालियों एवं ड्रेनेज का जाल बरसाती पानी के दबाव को झेलने योग्य नहीं है।

**अनियोजित निर्माण:** आवासीय और व्यावसायिक भवनों का निर्माण बरसात की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर नहीं किया गया है।



**जनता में जागरूकता की कमी:** राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़कों व आवासीय कॉलोनियों तथा रिहायशी शहरी क्षेत्रों में बनी हुई जल निकासी/नालियों में कुछ लोगों द्वारा घरेलू कचरा व गंदगी डालने से अवरोध उत्पन्न होता है। जो कि बाद में जल भराव जैसी समस्याओं को उत्पन्न करने के लिए जिम्मेदार होता है।

**सड़क और यातायात बाधित होना:** जलभराव के कारण सड़कें पानी में डूब जाती हैं, जिससे आवागमन कठिन हो जाता है।

**फसलों को नुकसान:** खेतों में पानी जमा होने से फसलों की पैदावार घटती है।

**स्वास्थ्य समस्याएं:** जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है, जिससे मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

**समाधान की दिशा**

जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान तभी संभव है जब प्रशासन, स्थानीय जनता और विभिन्न संगठनों द्वारा मिलकर काम किया जाए। हम सभी को यह स्वीकार करना होगा कि यह सिर्फ बरसात के दिनों की समस्या नहीं, बल्कि हर वर्ष दोहराया जाने वाला संकट है। इसका समाधान केवल प्रशासन पर छोड़ना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि समाज, पंचायतें, नगर निकाय, तकनीकी विशेषज्ञ और स्वयंसेवी संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा।

**स्थायी जल निकासी प्रणाली का निर्माण:** योजनाबद्ध ढंग से मजबूत नालियों एवं स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज की व्यवस्था करना आवश्यक है।

**सामुदायिक भागीदारी:** मोहल्ला स्तर पर जल निकासी व्यवस्था की नियमित सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करना।

**भविष्य के निर्माण में सावधानी:** भवन निर्माण के समय वर्षा जल निकासी का ध्यान रखना, ताकि नई कॉलोनियां समस्या को और न बढ़ाएं।

**तकनीकी अध्ययन:** विशेषज्ञों द्वारा ऊना की स्थलाकृति और वर्षा पैटर्न का वैज्ञानिक अध्ययन कर दीर्घकालिक योजना बनाना। जल निकासी

**व्यवस्था का सुधार:** नालों और नदियों की नियमित सफाई और नदियों के मार्ग का पुन:निर्धारण किया जाए ताकि पानी का प्रवाह सुचारु हो सके।

**स्थानीय स्तर पर जल प्रबंधन:** गांवों और मोहल्लों में जल संचयन एवं निकासी के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं। बहरहाल ऊना में जलभराव की समस्या एक जटिल, लेकिन सामूहिक प्रयास से सुलझाई जा सकने वाली चुनौती है। यदि प्रशासन, समाज और नागरिक एक साथ मिलकर उचित योजनाओं को अमल में लाएं, तो जलभराव से उत्पन्न असुविधाओं को कम किया जा सकता है और प्राकृतिक आपदाओं का सामना बेहतर ढंग से किया जा सकता है। सामूहिक भागीदारी ही इस समस्या का स्थायी समाधान है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# महर्षि विश्वामित्र की उपस्थिति में किया ताड़का वध

## महादेव में रामलीला के दूसरे दिन दर्शकों का राक्षसी ताड़का ने किया खूब मनोरंजन

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**



महादेव में रामलीला के दूसरे दिन कलाकारों ने बेहतर ढंग के किरदार निभाए।

**महादेव।** महादेव में खेली जा रही रामलीला के दूसरे दिन यानि रात के समय शिव आर्ट रामलीला कमेटी घांघल महादेव के कलाकारों द्वारा बेहतर ढंग के किरदार निभाए।

खासतौर पर दूसरे दिन का रामलीला मंचन ताड़का वध पर केंद्रित रहा। रामलीला देखने वाले लोगों के बीच राक्षसी ताड़का बड़ी देर तक इधर-उधर दौड़ती रहती है और खा जाने की अपनी बातों पर बल देती है। यह सब देख सड़क मार्ग के वाहन चालकों सहित रामलीला में शामिल हुए दर्शक खूब मनोरंजन करते हैं। विशेषकर बच्चे लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। राक्षसों का अधर्म सीमा लांघ चुका था और वे दुराचार करने से बाज नहीं आ रहे थे। धर्म के मार्ग पर चलने वालों यानि तप में लीन तथा यज्ञ करने वालों पर बल प्रयोग कर उन्हें लगातार सता रहे थे।

राक्षसों के अत्याचारों से तंग आ चुके तपस्वी लोग रक्षा के लिए अंततः महर्षि विश्वामित्र से गुहार लगाते हैं और महर्षि विश्वामित्र महाराजा दशरथ के यहां जाने का मन भी मनाते हैं। क्योंकि उन्हें यह ज्ञात होता है कि तीनों लोकों के स्वामी श्री राम ने उनके घर में जन्म ले लिया है और वे धर्म की रक्षा के लिए तमाम पापियों का संहार करेंगे। विश्वामित्र दशरथ के राजमहल जाकर उन्हें इस जान पर आई आफत से अवगत करवाते हैं और इन पापाचारियों का अंत करने के लिए उनसे राम लक्ष्मण को अपने साथ वन आदि क्षेत्र में साथ ले जाने को कहते हैं। काफी संवाद करने के बाद वे राजकुमारों को साथ ले जाने को महाराजा को राजी कर लेते हैं।

उधर, राक्षस धर्माचारियों का यज्ञ भंग करने उन्हें मारने का सिलसिला जारी रख रहे होते हैं। वन में विचरण करते हुए राम-लक्ष्मण को महर्षि विश्वामित्र इलाके के माहौल से अवगत करवाते रहते हैं और वे संकट का सामना भी करते हैं और रास्ते में अवरोध पैदा करने वालों का वध भी करते रहते हैं। विशालकाय राक्षसी ताड़का उनके मार्ग पर आती है तो वे उसे भी काफी समय तक उसके साथ सशस्त्र युद्ध करते हुए उसे मौत की नींद सुला देते हैं।

# लारजी बांध से 28 को सुबह 6 बजे छोड़ा जाएगा पानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** लारजी पावर स्टेशन के लारजी स्थित बांध में एकत्रित गाद की निकासी के लिए बांध से पानी छोड़ा जाएगा। यह प्रक्रिया 28 सितंबर सुबह 6 बजे से 29 सितंबर सुबह 6 बजे तक (24 घंटे) जारी रहेगी। वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता सिविल मेंटेनेंस डिवीजन, एचपीएसईबीएल थलौट अजय ठाकुर ने बताया कि इस दौरान लारजी बांध से लेकर पंडोह बांध तक व्यास नदी के किनारे रहने वाले सभी निवासियों को सतर्क रहने और नदी किनारे न जाने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस अवधि में स्वयं अथवा अपने पशुओं को नदी के किनारे न ले जाए, ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की क्षति न हो। उन्होंने आगे जानकारी दी कि बांध के गेट खोले जाने पर लगभग 2000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। इस दौरान लारजी पावर स्टेशन विद्युत गृह में उत्पादन पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

# त्रिलोचन कोठी-वन्योरका सड़क बदहाल, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## सड़क की मरम्मत को लेकर लोक निर्माण विभाग को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



त्रिलोचन कोठी-वन्योरका सड़क में कीचड़ और गड्ढों से राहगीर हो रहे परेशान।

गोपालपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत झंझैल के ग्रामीणों ने त्रिलोचन कोठी-वन्योरका सड़क की दयनीय हालत को लेकर लोक निर्माण विभाग से इसे शीघ्र सुधारने की मांग की है। स्थानीय पंचायत प्रधान सरिता सकलाणी की अध्यक्षता में अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, मंडल सरकाघाट को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बरसात के कारण यह सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क कई पंचायतों को जोड़ती है और हरिजन बस्ती कंपोनेंट से होकर गुजरती है। इस मार्ग के उपयोग से लोगों को मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए लगभग पांच किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ती है, लेकिन खराब हालत के कारण इस समय राहगीरों और वाहन चालकों दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में सड़क पर गड्ढे और कीचड़ भर जाने से स्थिति और भी खराब हो गई है। ग्राम पंचायत झंझैल के प्रधान ने कहा कि विभाग को इस मामले में तत्काल संज्ञान लेना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और आवागमन सुचारू रूप से जारी रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सड़क की मरम्मत जल्द शुरू नहीं हुई तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। इस मौके पर पंचायत प्रधान सरिता देवी, उपप्रधान कुलदीप, विनय राणा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### उपायुक्त को सौंपा 50 हजार रुपए का चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** तांदी गांव में गत 1 जनवरी को घटित भीषण अग्निकांड के दौरान मंडी-थुनाग क्षेत्र के लोगों ने प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जिस मानवीयता और सहयोग भाव का परिचय दिया था, उसकी कृतज्ञता स्वरूप तांदी ईको टूरिज्म एसोसिएशन ने 50 हजार का चेक उपायुक्त मंडी को सौंपा। इस बरसात में मंडी जिला में आई आपदा के प्रभावितों की सहायता के लिए यह राशि दी गई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह राशि विशेष रूप से मंडी-थुनाग क्षेत्र के उन लोगों के लिए आभार स्वरूप दी गई है, जिन्होंने तत्कालीन आपदा की घड़ी में तांदी गांव के लोगों को सहारा दिया था। उपायुक्त मंडी ने एसोसिएशन के इस प्रयास की सराहना की।

### समाजसेवियों को किया सम्मानित

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** समाजसेवी रीतु गुप्ता द्वारा एक सादे समारोह में चौगान में समाजसेवियों को उनकी समाजसेवा के लिए सम्मानित किया। रीतु गुप्ता ने कहा कि आज पुरस्कार होने वाले सभी लोगों ने लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए सुंदर कार्य किया है। लोगों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सदैव स्वच्छ और स्वस्थ रहना चाहिए। एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण के लिए सभी को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। रेखा रानी को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पोहलो राम ठाकुर, कृष्ण महादेविया, नेहा राना, मीना कौशल, आशा, पवना कुमारी, बीआर चौहान, रिशु को पुरस्कृत किया गया।

### चमन को क्षत्रिय संघ ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, महादेव।** प्रसिद्ध समाजसेवी चमन चंदेल की आकस्मिक मृत्यु पर क्षत्रिय संघ सुंदरनगर ने शोक व्यक्त किया है। संघ के युवा कार्यकर्ता और अंतरराष्ट्रीय पहलवान जितेंद्र चौहान ने कहा कि चमन चंदेल बहुत धीर और सुहृदय व्यक्ति थे। अपनी मृत्यु का भय नहीं करके उन्होंने अनेकों मवेशियों और लोगों को नहर में डूबने से बचाया है। वे क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के सक्रिय कार्यकर्ता भी रहे थे। कृष्ण महादेविया ने कहा कि चमन चंदेल को रेड एंड व्हाइट पुरस्कार भी उनकी बहादुरी के लिए मिल चुका है। चमन चंदेल का आकस्मिक निधन क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के लिए बहुत बड़ी क्षति है। संघ के अध्यक्ष एस चौहान, युवा शाखा के अध्यक्ष इंजीनियर विजय जंजुहा, सचिव विनोद चौहान ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें परिश्रमी और नेक इंसान बताया। चमन लाल अपने पीछे पत्नी चंपा देवी, बेटे अविनाश चंदेल और बेटियाँ आस्था और पल्लवी को छोड़ गए हैं।

### स्वयंसेवकों ने दिखाई समाजसेवा की भावना

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इसके उपरांत पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाजसेवा व राष्ट्रप्रेम से जुड़े सार्थक संदेश प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के उप प्राचार्य नरेश चंदेल ने कहा कि एनएसएस केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों, अनुशासन, स्वच्छता और समाजसेवा से जोड़ता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन कुमार और प्रो. अंजु ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें समाज कल्याण के कार्यों में सदैव अग्रणी रहने की प्रेरणा दी।

### बास्केटबाल स्पर्धा में हर्षिता का दमदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले पौंटा स्कूल की खिलाड़ी हर्षिता ठाकुर ने हाल ही में संपन्न हुई जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का दिल जीत लिया। उनके शानदार खेल की बदौलत जिला मंडी की टीम उपविजेता बनी। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हर्षिता अपने खेल के प्रति बेहद समर्पित और मेहनती है। बेटी की इस कामयाबी से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व की लहर है।

### पटड़ीघाट बाजार तक निकाली स्वच्छता रैली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेड़ पटड़ीघाट की एनएसएस यूनिट द्वारा बुधवार को एनएसएस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर से पटड़ीघाट बाजार तक स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से स्थानीय जनता को स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य, वॉलिंटियर्स व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय की प्रधानाचार्य उर्मिला चंदेल ने शिरकत की। एनएसएस स्वयंसेवियों ने स्वागत गीत, एनएसएस गीत, भाषण और कविता जैसी विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से समाजसेवा व स्वच्छता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए अनुशासन और समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी चमन लाल व सपन बाला सहित कई उपस्थित रहे।

### किसानों को बताए प्राकृतिक खेती के फायदे

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषि विभाग के द्वारा कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में विकास खंड धनोटू की ग्राम पंचायत रैफल में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला मंडी के परियोजना निदेशक डॉ. राकेश पटियाल और उप परियोजना निदेशक डॉ. हितेंद्र ठाकुर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें ताकि उत्पादन लागत कम हो और आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने किसानों में प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर प्रधान, उपप्रधान, खंड कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष पंकज चौधरी सहित सलवाहन, कोट, चांबी, अप्पर बेहली व पाली पंचायत के किसान उपस्थित रहे।

### गोहर के 16 वार्डों का आरक्षण रोस्टर घोषित

**अनंत ज्ञान, गोहर।** एसडीएम गोहर एवं प्राधिकृत अधिकारी बचित्र सिंह ठाकुर ने एक अधिसूचना जारी करते हुए पंचायत चुनाव 2025 के लिए पंचायत समिति गोहर के 16 वार्डों का आरक्षण रोस्टर घोषित कर दिया है। अधिसूचना के अनुसार वार्डों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति महिला, महिला तथा अनारक्षित श्रेणियों में विभाजित किया गया है। अनारक्षित श्रेणी में मझोठी, शाला, धिस्ती, जहल और सेरी वार्ड शामिल हैं। महिला श्रेणी में बस्सी, परवाड़ा, शिल्हणु, कोटला खनोला और स्यांज वार्ड आरक्षित किए गए हैं। अनुसूचित जाति श्रेणी के अंतर्गत तांदी, बासा और गोहर वार्ड आएंगे, जबकि नौण, चैलचौक और नांडी वार्ड अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं।

# महादेव में समाजसेवी से बदसलूकी कर जान से मारने की दी धमकी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**डीएसपी को सौंपा शिकायत पत्र, सुरक्षा की लगाई गुहार**

सुंदरनगर के भराडी स्थित माता भद्रकाली मंदिर का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को पहले नवरात्र को लेकर माता के श्रृंगार कक्ष का ताला पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप से खोला गया है। मंगलवार को मंदिर में मत्था टेकते समय मंदिर कमेटी सदस्य पुजारी से उलझ गए और बुधवार को पुजारियों के पक्ष में बोलने वाले स्थानीय वासी समाजसेवी अरुण शर्मा से कमेटी के सदस्य ने महादेव में रास्ता रोक कर बदसलूकी की और जान से मारने तक की धमकी दी है।

अरुण शर्मा ने सौरभ शर्मा, रोहित शर्मा, भूषण शर्मा और महादेव ग्राम पंचायत से मिल कर एक शिकायत पत्र सुंदरनगर डीएसपी को सौंपा और जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। अरुण शर्मा ने अपने बयान में कहा कि जब मैं अपने पुरोहित के काम से जा रहा था, तो अचानक शिव मंदिर के पास कमेटी का सदस्य केसरी चौहान आया और मेरे साथ बहसबाजी कर जान से ही मार देने की धमकी दी है। लोगों को देख कर वहां से चला गया। जब मैं थोड़ा आगे पहुंचा तो दोबारा बाइक से आकर रास्ता रोक कर हाथापाई करने लगा। अरुण ने बताया कि पहले भी मंदिर में जब एसडीएम आए हुए थे, तो कमेटी सदस्य इस तरह जान से मारने की खुलेआम धमकी दे चुका है। उन्होंने कहा कि मुझे केसरी लाल और कमेटी के सदस्यों जान की खतरा हो गया है। सुंदरनगर डीएसपी भारत भूषण ने कहा कि मामले में शिकायत आई है। इस संबंध में कार्रवाई करते हुए धनोटू पुलिस थाना को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश किए हैं। उधर, एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि गुंडागर्दी किसी भी तरह से सहन नहीं की जाएगी।

# सड़क खोलते समय पलटी जेसीबी, ऑपरेटर की मौत

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** सराज विधानसभा क्षेत्र की पंचायत तांदी के गांव गाता-लाछ में जेसीबी पलटने से ऑपरेटर की दुखद मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह जेसीबी इस गांव को जाने वाले सड़क मार्ग पर बरसाती मलबे को हटाने में लगी हुई थी। काम भी लगभग पूरा हो रहा था कि एकाएक भूमि धंसने से जेसीबी अनबैलेंस हो गई और तीन चार पलटे खाते हुए लुढ़क गई। इसमें बैठे ऑपरेटर को बाहर निकलने का वक्त ही नहीं मिला और मशीन के नीचे आ गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से उसे जोनल अस्पताल तक पहुंचा मगर वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक कुलदीप इसी गांव का रहने वाला था। मृतक अपने पीछे पत्नी, बेटा-बेटी, छोटा भाई, माता-पिता को छोड़ गया है।

बता दें कि यह वही गांव है जिसकी पूरी पहाड़ी धंस रही है। 7 परिवारों ने अपने घर छोड़ दिए हैं। कुलदीप 29 वर्ष काफी समय से जेसीबी चला रहा था अच्छा खासा अनुभव हो चुका था, मगर उसे क्या पता था कि अपने गांव की सड़क मरम्मत उसकी मौत का कारण बनेगी। पिता नरपत बहुत निर्धन परिवार से संबंध रखते हैं। मजदूरी करते हुए परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। उनके उपर दुःख का पहाड़ टुट पडा है। समूचा बाखली-तांदी में शोक में डूब गया है।

# सीआईएसएफ ने अपने मानव संसाधन ढांचे में किए ऐतिहासिक सुधार : दीपक

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**

**अब तक के सबसे बड़ा पदोन्नति अभियान में 13,926 अधिकारी हुए लाभान्वित**

**महादेव।** सीआईएसएफ इकाई बीएसएल परियोजना सुंदरनगर के इकाई प्रभारी दीपक जोशी सहायक कमांडेंट ने जानकारी साझा करते हुए बताया है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने अपने मानव संसाधन ढांचे में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। वर्ष 2025 में बल ने अब तक का सबसे बड़ा पदोन्नति अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत 13,520 अराजपत्रित अधिकारियों और 406 राजपत्रित अधिकारियों को समय पर पदोन्नति दी गई। इससे बल के लगभग 9 प्रतिशत कर्मियों की लंबे समय से लंबित आकांक्षाएं पूरी हुईं और संगठन की कैरियर प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता पुनः स्थापित हुई। स्थानांतरण नीति में भी व्यापक बदलाव किए गए हैं। नई एचआर नीति के तहत सेवामुक्ति के निकट कर्मियों, महिलाओं और दंपतियों को प्राथमिकता दी गई। इसका परिणाम यह रहा कि सेवामुक्ति के निकट कर्मियों की 100 प्रतिशत पसंद, महिला कर्मियों की 99 प्रतिशत पसंद और कुल मिलाकर 86 प्रतिशत स्थानांतरण कर्मियों की प्राथमिकताओं के अनुसार पूरे किए गए। इसके चलते स्थानांतरण संबंधी शिकायतों में 66 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। ये सुधार केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक परिवर्तन हैं, जो सीआईएसएफ को एक कल्याण-उन्मुख, प्रेरित और मजबूत बल के रूप में स्थापित करते हैं। अब बल के जवान न केवल अनुशासित रक्षक हैं बल्कि बेहतर कार्य-जीवन संतुलन के साथ खुशहाल इंसान भी बन रहे हैं, जो भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाता है।

## नीलम वरिष्ठ उपाध्यक्ष और नरेश व चंपा को उपाध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नागरिक सभा मंडी के अध्यक्ष हरीश वैद्य ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया है। बुधवार को उन्होंने बताया कि नीलम वैद्य को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेश धीमान व चंपा शर्मा उपाध्यक्ष, भारत भूषण कपूर महासचिव, अनिल गुप्ता सचिव, नरेंद्रा कपूर, शमशेर मिन्हास, प्रकाश चंद शर्मा व चंद्र प्रकाश वैद्य सहसचिव रघुवीर मल्होत्रा कोषाध्यक्ष, चंद्रमणी शर्मा लेखा परीक्षक व सुरेंद्र शर्मा को कार्यालय सहायक बनाया गया है। इस मौके पर उन्होंने बताया कि तीन महिला सदस्यों को पदाधिकारी बनाया गया है। सप्ताह में एक दिन बुधवार को महिला सदस्य ही कार्यालय का कार्यभार देखेंगी। सुबह 11 बजे से साढ़े 12 बजे तक कार्यालय खुला रहेगा। नागरिक सभा, संवाद से समाधान के मंत्र को लेकर जनहित के मुद्दों का निस्तारण करने का प्रयास करेगी।

## मां दुर्गा के जयकारों से गूंजा जोगिंद्रनगर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** साई मार्केट जोगिंद्रनगर में चल रहे मां दुर्गा पूजा एवं विसर्जन कार्यक्रम की दूसरी संध्या का आयोजन भक्ति और उत्साह से संपन्न हुआ। संध्या की शुरुआत महामाई की आरती से की गई। अप्रोच रोड महिला मंडल से बिनता, ममता, रीता, सोनू, पम्मी व सुनंदा ने मां दुर्गा के जयकारों से पंडाल को भक्तिमय बना दिया। दूसरी संध्या में सीओ प्रोमिला व उनके पति बलदेव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। महिला मंडल ने जदो खेलदी ता छणमण करदा चूड़ा मां दा लाल रंग दा, ना रोल माईये मैं रूल गई आं और फला दियां क्यारियां च रैहंदी मेरी मां जैसे भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर कूपन के माध्यम से लक्की ड्रा भी निकाले गए। इधर, युवक मंडल छतर द्वारा आयोजित मां दुर्गा पूजा एवं विसर्जन कार्यक्रम की दूसरी संध्या भी श्रद्धा और उत्साह से सम्पन्न हुई। संध्या की शुरुआत मां की आरती से की गई। कार्यक्रम में कैप्टन चंद्र और प्रवक्ता संजय ठाकुर मुख्यातिथि रहे। लोक गायक रिशी सूद ने मां दुर्गा के भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# प्रभु श्रीराम की लीलाएं आज भी मानवता के लिए प्रेरणा : परमार



सेरु गांव में रामलीला की दूसरी संध्या में मुख्यातिथि गुरु शरण परमार व अन्य।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर की जलपेहड़ पंचायत के सेरु गांव में चल रही श्री रामलीला की दूसरी संध्या में जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। यह आयोजन जय मां जालपा कला मंच द्वारा करवाया जा रहा है, जो अपने 14 वर्ष पूरे कर चुका है।

समिति ने मुख्य अतिथि गुरु शरण परमार को राम नाम का पटका, बैच और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में परमार ने समिति, कलाकारों और सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। परमार ने कहा कि जो भी लोग यहां आए हैं, वे सब प्रभु श्रीराम की इच्छा से अपनी-अपनी सेवाएं दे रहे हैं – कोई काम संभाल कर, कोई अभिनय करके और कोई दर्शक बनकर। उन्होंने कहा कि हर कोई इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहा है। इस अवसर पर गुरु शरण परमार के साथ विक्रम राणा, अक्षय राणा, लवनीत राणा, सत्येंदर परमार, पंकज, अभिषेक, गौरव और रोहित सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## मंडी जिला दौरे पर बोर्ड अध्यक्ष का घेराव तयः भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीटू से संबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मजदूरों की चार साल से लंबित सहायता राशि जारी नहीं की गई, तो बोर्ड अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर के मंडी जिले के दौरे पर उनका घेराव और काले झंडे दिखाने का अभियान शुरू किया जाएगा। यूनियन ने पहले ही हमीरपुर में राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के मुख्यालय पर चेयरमैन और सचिव का घेराव कर अपना विरोध जताया था और एक लाख से अधिक मजदूरों की 500 करोड़ की सहायता जारी करने की मांग की थी। सीटू जिला प्रधान और बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि मजदूरों की मदद जानबूझकर रोकी जा रही है और मामले को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। मंडी जिले के 35,000 क्लेम पेंडिंग हैं, इसके बावजूद वास्तविक मजदूरों का भी वेरिफिकेशन करवाकर लाभ रोका जा रहा है। यूनियन ने साफ किया कि अब चेतावनी का समय खत्म हो चुका है, और यदि मांगे नहीं मानी गईं, तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा

# सरकाघाट कॉलेज के बी वॉक के छात्रों ने नौबाही माता मंदिर के किए दर्शन



सरकाघाट कॉलेज के बी वॉक के छात्र नौबाही मंदिर में दर्शनों के उपरांत।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

विश्व पर्यटन सप्ताह के तीसरे दिन सरकाघाट के रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय के बैचलर ऑफ वोकेशनल स्टडीज के छात्रों ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नौबाही माता मंदिर का शैक्षणिक दौरा किया।

इस दौरे का आयोजन पर्यटन सप्ताह के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराना था। मंदिर में छात्रों ने न केवल मां नौबाही के दर्शन किए बल्कि वहां मौजूद श्रद्धालुओं के लिए भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया।

छात्रों के इस प्रयास से मंदिर का माहौल भक्तिमय हो गया और लोगों ने उनके प्रदर्शन की सराहना की। कॉलेज के बी वॉक विभाग के अध्यक्ष ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक दौरे छात्रों के व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाते हैं और उन्हें पर्यटन उद्योग के विभिन्न पहलुओं से रू-ब-रू कराते हैं।

यह दौरा छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव रहा, जहां उन्होंने पर्यटन के साथ-साथ सामाजिक सेवा का भी पाठ सीखा।

# बल्ह विस क्षेत्र की शकुंतला बिहार चुनाव में करेंगी प्रचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



**अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने अररिया जिले के लिए बनाया ऑब्जर्वर**

बल्ह विधानसभा क्षेत्र की महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष शकुंतला कश्यप को बिहार के अररिया जिले में विधानसभा चुनावों के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। यह घोषणा हाल ही में दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आयोजित अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान हुई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने की।

कार्यक्रम में देशभर से आई महिला प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, संगठनात्मक भागीदारी व राजनीति में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की गई। अलका लांबा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देती रही है और उन्हें संगठित कर आगे बढ़ाने में विश्वास रखती है। शकुंतला कश्यप को इससे पहले भी उत्तर प्रदेश के बढ़ापुर और नगीना, हरियाणा के थानेसर और जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में पार्टी का पर्यवेक्षक नियुक्त किया जा चुका है।

पार्टी में उनकी सक्रियता और कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। अब वे बिहार के अररिया जिले में चुनावी गतिविधियों का निरीक्षण करेंगी और संगठन को मजबूत करने में योगदान देंगी।

**मांग** स्थानीय लोगों ने मंदिर की समस्याओं को लेकर एसडीएम जोगिंद्रनगर को सौंपा ज्ञापन

# बाबा बालकरूपी मंदिर में हो विकास कार्य

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



बाबा बालकरूपी मंदिर में आ रही समस्याओं को लेकर एसडीएम जोगिंद्रनगर को ज्ञापन सौंपते हुए स्थानीय लोग।

जोगिंद्रनगर उपमंडल के बालकरूपी मंदिर से जुड़े स्थानीय लोगों का एक शिष्टमंडल बुधवार को उपमंडलाधिकारी (ना.) एवं अध्यक्ष, बाबा बालकरूपी मंदिर ट्रस्ट, जोगिंद्रनगर से मिला। शिष्टमंडल ने मंदिर में दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को हो रही समस्याओं से अवगत करवाते हुए विभिन्न विकासात्मक कार्यों की मांग की।

लोगों ने ज्ञापन में कहा कि मंदिर का दूसरा दान पात्र मुख्य द्वार पर लगा होने के कारण श्रद्धालुओं को प्रवेश में कठिनाई होती है, जिसे द्वार से हटाकर उचित स्थान पर स्थापित करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही मंदिर में स्थित बाबा जी के धूने के लिए लकड़ियों की व्यवस्था, बरामदे और कमरों की टपकती छतों पर शीट डलवाने, तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए फिसलन भरे मार्बल को हटाकर खुरदुरी टाइलें लगाने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि मेले एवं त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं को बैठने के लिए अतिरिक्त शेड की व्यवस्था होनी चाहिए। मंदिर के प्रवेश द्वार से लेकर रसोईघर व पार्क तक बने खुले बरामदे पर छत डालने और सूचना पट्ट लगवाकर आरती एवं मंदिर खुलने-बंद होने का समय स्पष्ट करने का भी आग्रह किया गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि मंदिर में चढ़ाए गए अनाज को समय पर नीलाम न करने से वह भंडार में ही खराब हो गया है। उन्होंने आग्रह किया कि इस अनाज को दान अथवा नीलामी के माध्यम से उपयोग में लाया जाए।

स्थानीय लोगों ने विश्वास जताया कि एसडीएम की अध्यक्षता में मंदिर की भव्यता और श्रद्धालुओं की आस्था बनी रहेगी तथा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालुओं ने 2175000 का नकद चढ़ावा अर्पित किया

विकास शर्मा, अनंत ज्ञान



चिंतपूर्णी। नवरात्र के तीसरे दिन माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालुओं की संख्या में दूसरे दिन के मुकाबले कमी दर्ज की गई, जिस कारण श्रद्धालुओं को कम समय में माता रानी के दर्शन प्राप्त हुए। चिंतपूर्णी क्षेत्र में मेला शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। मंदिर न्यास द्वारा पहले दो दिनों के चढ़ावे के आंकड़े जारी किए गए हैं।

पहले दिन मंदिर न्यास को 11,70,200 का नकद चढ़ावा प्राप्त हुआ और दूसरे दिन 10,04,900 का नकद चढ़ावा प्राप्त हुआ। मंदिर अधिकारी अजय मंड्यिाल ने बताया कि दो दिनों में 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने 21,75,000 का नकद चढ़ावा मंदिर न्यास को दान पात्रों से प्राप्त हुआ है। मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर को 24 घंटे खुला रखा गया है और श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की व्यवस्था की गई है। मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# एनसीसी का जल-जंगी अभियान बना अनुशासन व सामाजिक चेतना का प्रतीक

विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान



फाइल फोटो।

लठियानी। गोबिंद सागर झील की अथाह जलराशि पर जब नावें उतरीं, तो केवल लहरें नहीं उठीं उठा एक जज्बा, उमड़ा समर्पण और जाग उठी राष्ट्रभक्ति की अद्भुत लहर।

एनसीसी (जल सेना) बिलासपुर इकाई द्वारा आयोजित यह विशेष नौकायन अभियान, कमांडिंग ऑफिसर सज्जन कुमार के नेतृत्व में 70 से अधिक कैडेट्स को एक ऐसे अनुभव से परिचित करवा गया, जो जीवन भर उनके व्यक्तित्व और सोच का हिस्सा रहेगा। हिमाचल, पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ से आए इन युवा कैडेट्स ने केवल नाव नहीं चलाई, बल्कि सामाजिक चेतना, अनुशासन और नेतृत्व के मंत्र भी सीखे। 26 सितंबर को समापन की ओर बढ़ते इस अभियान की गूंज गोबिंद सागर की लहरों से बहुत दूर तक जाएगी। मंडली से दाड़ी भाड़ी और जकातखाना तक, जलयात्रा के हर पड़ाव पर कैडेट्स ने अपने जोश, समर्पण और टीमवर्क से यह साबित किया कि एनसीसी केवल सैन्य अनुशासन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की प्रयोगशाला है। दाड़ी भाड़ी व जकातखाना में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटकों ने सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे विषयों पर समाज को झकझोरा। स्थानीय निवासी दाड़ी भाड़ी के तुलसी राम, जकातखाना के भाग सिंह व अजीत सिंह ने सराहना करते हुए कहा, ये कैडेट्स सिर्फ नावें नहीं चला रहे, बल्कि देश को एक नई दिशा दे रहे हैं। सुधा मिश्रा, धीरज कुमार (चंडीगढ़) जलसेना के अनुशासन ने जीवन में आत्मविश्वास और समय प्रबंधन सिखाया। मनीषा, जमीर सिंह (बठिंडा) यह अनुभव धैर्य और टीमवर्क की असली परीक्षा था। शोभा, धृत राज (बिलासपुर) नशे के खिलाफ जो संदेश हमने दिया, वह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। कप्तान देव कोखर, कृष्णा (फरीदाबाद) एनसीसी ने हमें समाज के प्रति हमारी भूमिका का बोध कराया। कमांडिंग ऑफिसर सज्जन कुमार ने कहा, यह अभियान केवल तकनीकी प्रशिक्षण नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, नेतृत्व व सामाजिक जिम्मेदारी की भूमि पर आधारित एक जीवंत प्रयोग है, जब कैडेट्स भारत माता की जय के नारों के साथ लहरों को चीरते हैं, तो उनकी आंखों में एक सशक्त भारत की छवि उभरती है। अभियान के दौरान कैडेट्स ने नाटकों, गीतों और भाषणों के माध्यम से जहां नशा विरोधी अभियान चलाया। वहीं, सड़क सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर भी समाज को सजग किया। यह नौकायन अभियान केवल जल पर एक यात्रा नहीं थी, यह था पानी पर विश्वास की और दिल में देश के एहसास की एक जीवंत गाथा। एनसीसी (जल सेना) बिलासपुर इकाई का यह प्रयास भारत के युवाओं में न केवल अनुशासन, बल्कि सामाजिक चेतना और नेतृत्व की भावना को दृढ़ करता है, बल्कि जहां नावों ने दिशा पाई, वहां देश ने भविष्य की झलक देखी।

## शादी से एक दिन पहले युवती की दर्दनाक हत्या मामले में नया खुलासा

अनंत ज्ञान, बड़ूही

जिस से होनी थी शादी उसी ने मौत के घाट उतारा

अनंत ज्ञान फॉलोअप

जिला ऊना के थाना बंगाणा के तहत बैरियां मंजड में हुई दर्दनाक वारदात ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। शादी के सिर्फ एक दिन पहले उसी युवक और उसके चाचा ने उसकी हत्या कर दी, जिस युवक से इसकी शादी होनी थी। मृतका की पहचान अंशिका निवासी गांव बैरियां के रूप में हुई है।

मृतका की मां ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी अंशिका ने करीब 4-5 माह पहले भिंडला गांव के प्रवेश कुमार (आर्मी में कार्यरत) से कोर्ट मैरिज कर ली थी और वह करीब चार माह की गर्भवती थी, लेकिन प्रवेश का परिवार, खासतौर पर उसका चाचा संजीव कुमार उर्फ संजू (रिटायर्ड फौजी), इस शादी से खुश नहीं था। संजीव कुमार अक्सर अंशिका और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां देता था। स्वजन के अनुसार, अंशिका की शादी परिवार ने पुरानी सब बातें भुला कर उसी युवक से नए सिरे से तय कर दी थी और 24 सितंबर को उसकी हिंदू रीति-रिवाज से शादी होनी थी। 22 सितंबर की रात अंशिका ने फोन पर प्रवेश से बात की और बताया कि संजीव कुमार धमकियां दे रहा है। उसी रात अंशिका अपने कमरे में सोने चली गई, लेकिन सुबह गायब मिली। स्वजन ने पूरे दिन अंशिका को ढूंढा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रात करीब 8:30 बजे बैरियां मंजड में सड़क किनारे पुली के नीचे अंशिका का शव अधजली हालत में पड़ा मिला। मां का आरोप है कि उसकी बेटी को प्रवेश कुमार और उसके चाचा संजीव कुमार ने साजिश रचकर गला रेत कर हत्या की और फिर सबूत मिटाने के लिए शव को जला दिया। ये शक इसलिए भी गहरा हुआ क्योंकि आरोपी फौजी उसी दिन घर से गायब हो गया था। थाना बंगाणा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और फॉरेंसिक टीम से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने साजिश रचने व सबूत मिटाने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व कॉल डिटेल्स के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि प्रेम संबंधों पर आधारित मामला है इसी के चलते लड़की की हत्या हुई है पुलिस सभी पहलुओं से इस मामलें की जांच कर रही है ।

## न्यूज ब्रीफ

### अस्पताल भवन के लिए 1.32 करोड़ का बजट जारी

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट क्षेत्र में वर्षों से अधूरे पड़े सिविल अस्पताल भवन के निर्माण कार्य को अब नया जीवन मिलने की उम्मीद है। विधायक राकेश कालिया द्वारा विधानसभा में उठाए गए प्रश्न के बाद प्रदेश सरकार ने भवन के लिए 1.32 करोड़ का बजट जारी कर दिया है। इस बजट से अस्पताल भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण तक पहुंच सकेगा। गौरतलब है कि वर्तमान अस्पताल भवन पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के कार्यकाल का बना हुआ है, जो अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बरसात में छत टपकने जैसी समस्याओं और सीमित स्थान के चलते मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नए भवन के पूर्ण होने पर ओपीडी, फार्मेसी, बायो कैमिस्ट्री लैब, रोगी वार्ड, और ऑपरेशन थियेटर सहित शव गृह जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे पोस्टमार्टम जैसी सेवाएं भी शुरू की जा सकेंगी। विधायक राकेश कालिया ने कहा कि जन सुविधाओं के लिए मुद्दे उठाना उनकी प्राथमिकता रही है और वह वायदों से नहीं, काम से जनता का विश्वास जीतते हैं।

### डॉ. अन्वेश जम्वाल ने चमकाया कुटलैहड़ का नाम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** शिक्षा, परिश्रम व अनुशासन की मिसाल बन चुके डॉ. अन्वेश जम्वाल ने कुटलैहड़ क्षेत्र व जिला ऊना का नाम एक बार फिर रोशन किया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में लगातार दूसरी बार शामिल होकर उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे हिमाचल का गौरव बढ़ाया है। डॉ. अन्वेश जम्वाल, हेडमास्टर राजेंद्र जम्वाल एवं हेड टीचर मंजु जम्वाल के पुत्र हैं। उनका पैतृक गांव बसातर (धार सोलह सिंगी), जिला ऊना हैं, जबकि परिवार हिमुडा कॉलोनी बंगाणा में निवास करता है। प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा से प्राप्त करने के बाद उन्होंने बीटेक की पढ़ाई एसआरएम चेन्नई से और एमटेक की डिग्री एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा से हासिल की। वर्ष 2024 में उन्होंने एनआईटी जयपुर से पीएचडी की उपाधि अर्जित की।

### 'ऑनलाइन ठगी को जनता ही रोक सकती है'

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऑनलाइन ठगी को जनता ही रोक सकती है यह बात बुधवार को जारी एक प्रेस ब्यान में राष्ट्रीय इंटक के सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगतराम शर्मा ने कही। उन्होंने बताया कि यह स्वयं भी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो चुके हैं। उन्होंने जनता से किसी भी प्रकार का ओटीपी शेयर न करने की बात कही। महासचिव कामरेड जगतराम शर्मा ने बताया कि उन्होंने स्वयं शुगर चेक करने का मॉनिटर मंगवाया था, जब 21 सितंबर को पार्सल खोलकर देखा, तो उसमें कागज के टुकड़े व लगभग 100 एमएल का बिना लेवल सेनिटाइजर की छोटी बोतल मिली। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत मैहतपुर थाना व 1930 पर साइबर क्राइम में की है, जिस पर थाना मैहतपुर में डीटीडीसी कार्यालय मैहतपुर से कर्मचारियों से पूछताछ शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि जब इस ठगी के बारे में अन्य कई लोगों से बातचीत की, तो वे शर्मिंदा हुए और बताया कि वे भी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो चुके हैं। जगतराम ने कहा कि लोग ऑनलाइन ठगी को लेकर पुलिस में शिकायत नहीं करवाते हैं, जो कि गलत है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा मुख्यातिथि रहे, जबकि कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के साथ की गई। इसके उपरांत स्वयंसेवियों ने एनएसएस का थीम सॉन्ग 'कदम-कदम पर बढ़ते जाओ' और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। एनएसएस अधिकारी डॉ. राम सिंह ने बीते वर्ष की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और आने वाले समय में समाजहित के लिए होने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### लठियानी में स्वच्छता पखवाड़ा में जलाई अलख

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** बंगाणा उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस के उपलक्ष्य में 'स्वच्छता पखवाड़ा' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में अनेक जागरूकता गतिविधियों, स्वच्छता अभियानों व प्रेरणादायक सत्रों का आयोजन किया गया। इामें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में कहा, 'स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कार है। यदि हम अपने आसपास को स्वच्छ रखेंगे, तो न केवल हमारा स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, बल्कि हम एक सुंदर और स्वस्थ भारत के निर्माण में भी योगदान देंगे।'

## जीएसटी दर घटाकर केंद्र सरकार ने दी आम आदमी को राहत : वीरेंद्र कंवर

अनंत ज्ञान, बंगाणा

केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा हाल ही में जीएसटी की दरों में की गई कटौती को वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने ऐतिहासिक और सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी सहित संपूर्ण केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि मोदी सरकार लगातार आम नागरिकों को राहत पहुंचाने और देश की आर्थिक व्यवस्था को स्थिर रखने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

कंवर ने कहा कि मोदी सरकार का हर निर्णय गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधी राहत देने वाला रहा है। चाहे वह धारा 370 खत्म करना हो, ट्रिपल तलाक को समाप्त करना हो, करोड़ों गरीब परिवारों को मुफ्त राशन उपलब्ध करवाना हो या अब जीएसटी दरों में कटौती हर फैसले ने आमजन को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में महंगाई सूचकांक कभी भी 11 से नीचे नहीं आया, जबकि आज मोदी सरकार की नीतियों से महंगाई नियंत्रित हो रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में कमी से आम आदमी को निश्चित तौर पर राहत मिली है, लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जनता की इस राहत को छीनने का काम किया है। हाल ही में प्रदेश सरकार ने सीमेंट के दामों में वृद्धि कर दी है, जिससे निर्माण कार्य महंगे हो गए हैं और आम आदमी की जेब पर सीधा बोझ बढ़ा है। कंवर ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों से कांग्रेस सरकार लगातार जनता पर नए-नए कर थोपकर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। बिजली, पानी और अब सीमेंट हर मोर्चे पर आम जनता से लूट की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार राहत देने के लिए कटिबद्ध है, तो प्रदेश सरकार का यह कदम पूरी तरह से जनता विरोधी और गैर-जिम्मेदाराना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस सरकार ने सीमेंट के दामों में की गई बढ़ोतरी को तुरंत वापस नहीं लिया, तो जनता का गुस्सा सड़कों पर दिखेगा।

# भेवड़ गांव में शव जलाने को लेकर सरकार से मांगी अनुमति

## अमरो देवी के शव जलाने के मामले में राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान की टीम ने मौके का किया दौरा

अनंत ज्ञान, ऊना



राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान की टीम ने जिला हमीरपुर की तहसील बड़सर में पड़ते गांव ननावां में गत दिनों हुए शव न जलाने के विवाद परस्त जगह का मौका देखा व घटना संबंधित पीड़ित परिवारों से मिले।

राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान के राज्य महासचिव राज ने बताया कि यह घटना जिला हमीरपुर की तहसील बड़सर के गांव ननावां की है। इस गांव में लगभग 51 वर्षीय व्यक्ति प्यार पुत्र स्व. रत्न चंद, निवास करता है। प्यार चंद मजदूरी का काम करता है। प्यार चंद की माता जिसका नाम अमरो देवी उम्र 76 वर्ष की थी। अमरो देवी कैंसर की बिमारी से पीड़ित थी, उसका इलाज हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर के एम्स अस्पताल में चल रहा था। 29 अगस्त को सुबह 8 बजे प्यार चंद की माता अमरो देवी की एम्स अस्पताल में मृत्यु हो गई। प्यार चंद व उसका परिवार अमरो देवी का मृत शरीर लेकर करीब 10 बजे अपने गांव निवास स्थान ननावां में लेकर आ गए। उस दिन लगातार भारी बारिश हो रही थी।

ननावां गांव में दलित समाज के करीब 40 घर हैं और इनको शव जलाने के लिए खड्डु (बरसात का नाला) में लेकर जाना पड़ता है। उस दिन भारी बारिश के चलते खड्डु में काफी पानी आया हुआ था और वहां पर शव जलाना मुमकिन नहीं था इसलिए प्यार चंद के चचेरे भाइयों व अन्य सभी ने ननावां के ग्राम पंचायत के प्रधान से कहा कि आप खड्डु के बिलकुल साथ लगते गांव भेवड़ के प्रधान से बात करो कि बारिश के कारण हम अमरो देवी का संस्कार आपके श्मशान घाट में करना चाहते हैं, जब ननावां गांव के प्रधान ने भेवड़ गांव के प्रधान से बात करी तो उन्होंने साफ मना कर दिया कि गांव वासी श्मशान घाट में शव जलाने को मना कर रहे है, क्योंकि सारा गांव जाटों व राजपूतों का है।

प्यार चंद व उसका परिवार और सभी संबंधी भारी बारिश में अमरो देवी का शव लेकर भेवड़ गांव के श्मशान घाट में आ गए। वहां मौके पर जाट समाज से 7-8 लोग आ गए, जिनमें मुख्य रूप से बर्फी व विक्रम सिंह थे, उन्होंने गुस्से में कहा कि आप हरिजन लोग यहां शव नहीं जला सकते आप जाके खड्डु में ही जलाओ। आप हरिजन लोग खड्डु में ही जलाते हैं। वहीं, पर जलाओ इसके साथ ही वे जाट लोग सब गाली-गलोज पर उतारु हो गए। मौके पर प्यार चंद व उसके परिवार ने थाना बड़सर से एसएचओ को बुलाया, लेकिन बर्फी व विक्रम सिंह के साथ-साथ अन्य जाट समुदाय के लोग एसएचओ पर दबाव बनाने लगे कि शव यहां पर नहीं जलेगा। फिर प्यार चंद के परिवार ने एसएचओ बडसर को फोन करा तो उन्होंने मौके पर तहसीलदार को भेजा फिर तहसीलदार ने जबरन 3 घंटे की मशक्त के बात अमरो देवी का शव जलवाया।

राज ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि दलित समाज को इसी जगह शव जलाने की अनुमति दी जाए, क्योंकि यह भेवड़ गांव का श्मशान घाट सार्वजनिक तौर पर है और सरकार की जमीन पर सरकारी पैसे से बना हुआ है। नहीं तो इस घटना को लेकर दलित समाज की तरफ से उग्र आंदोलन व धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान मौका पर दलीप चंद, प्यार चंद, कश्मीर चंद, जोगिंदर, सुरेश, रोशन, रक्षा देवी, शकुंतला देवी, संध्या देवी, पिंकी देवी, सारिका आदि मौजूद रहे।

## शतचंडी महायज्ञ बना आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र

विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान



जमासनी माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ : वैदिक अनुष्ठानों प भक्ति-संप्राप्ति का अलौकिक संगम।

लठियानी। धर्म, आस्था व आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत उपमंडल बंगाणा स्थित श्री जमासनी माता मंदिर में चल रहे चार दिवसीय शतचंड़ी महायज्ञ भक्तों के लिए एक अनुपम आध्यात्मिक अनुभूति का केंद्र बन गया है।

यह दिव्य अनुष्ठान आचार्य सौरभ शर्मा के पावन सान्निध्य व वेदपाठी विद्वानों की अगुवाई में विधिपूर्वक संपन्न हो रहा है। महायज्ञ के तृतीय दिवस पर श्रद्धा, भक्ति व वैदिक ऊर्जा का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक शक्ति से अनुप्राणित कर दिया। मुख्य यजमान पं. मनोहर लाल शर्मा अपने वेदपाठी मंडल के साथ यज्ञमंडप में आहुति प्रदान कर रहे हैं, जिनके द्वारा उच्चारित वैदिक मंत्रों की दिव्यता से यज्ञशाला गूंज उठी। प्रात: कालीन स्नान-संध्या और पूजन-अनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं ने हवन-कुंड में आहुतियां समर्पित कीं। स्वाहा की गूंज और शंखनाद के बीच वातावरण भक्ति से परिपूर्ण हो रहा है। माता जमासनी के जयकारों से गगनमुखरित व भक्तों के द्वारा दिनभर पूजा-अर्चना, ध्यान और साधना में सहभागिता निभाई। संध्या के समय मंदिर प्रांगण में भव्य आरती व भजन संध्या का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने भक्ति-रस में डूबकर माता के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। भजन गायक मंडली ने सांस्कृतिक व भक्ति गीतों ने संपूर्ण वातावरण को नवरसात्मक भक्तिमय बना दिया। आयोजन समिति के अनुसार, महायज्ञ के चतुर्थ व अंतिम दिवस पर पूर्णाहुति के साथ यज्ञ समाप्त होगा। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इसमें हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप भोजन वितरित किया जाएगा। यह पावन आयोजन इस क्षेत्र के लिए न केवल धार्मिक चेतना का केंद्र बना हुआ है, बल्कि यह सांस्कृतिक एकता, सामूहिक साधना और वैदिक परंपरा का अनुपम उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2 .0 को लेकर जन-जागरूकता पर रहा फोकस

अनंत ज्ञान, ऊना

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 को लेकर व्यापक जन जागरूकता लाने और अधिक से अधिक पात्र लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को नगर निगम ऊना में अंगीकार अभियान-2025 के तहत जागरूकता मेले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने की, जबकि योजना के लोकपाल रामपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 को लेकर अधिक से अधिक लोगों में जागरूकता फैलाना और पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाना है। साथ ही लाभार्थियों को स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, वित्तीय साक्षरता तथा महिला एवं शिशु कल्याण जैसी अन्य योजनाओं से भी जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक तथा दूसरा चरण 15 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। मेले में विभिन्न विभागों ने अपनी योजनाओं के बारे में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। बिजली विभाग के प्रतिनिधियों ने पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाने पर 85 हजार 800 रुपए की सब्सिडी, 2 किलोवाट पर 60 हजार एवं 1 किलोवाट पर 30 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। लाभार्थी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं और स्कीम का लाभ ले सकते हैं।

## 2 अक्तूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 2 अक्तूबर तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना सहित अन्य केंद्रों पर प्रतिदिन स्वास्थ्य टीम द्वारा महिलाओं की निशुल्क जांच की जा रही है। जांच के उपरांत आवश्यक दवाएं व उपचार भी मुफ्त उपलब्ध करवाया जा रहा है। डॉ. वर्मा ने आम जनता, विशेषकर महिलाओं और किशोरियों से अपील की है कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर स्वास्थ्य जांच करवा कर अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखें।

**दौरा** एचपी शिवा परियोजना से किसान परिवार की आर्थिक स्थिति में आई मजबूती, अजमेर सिंह की मेहनत ने बदली तस्वीर

# बंजर जमीन पर लहलहाई अमरूद की बगिया

अनंत ज्ञान, ऊना



कभी वह जमीन, जहां न गेहूं उगता था, न मक्की का दाना, आज हरियाली से लहलहा रही है।

ऊना जिले के बंगाणा उपमंडल के बौल गांव के 65 वर्षीय किसान अजमेर सिंह ने एचपी शिवा परियोजना की मदद से इस बंजर जमीन पर अमरूद की बगिया तैयार की है। उम्र को केवल आंकड़ा साबित करने वाले अजमेर ने आधुनिक तकनीकों, मेहनत और सरकारी मार्गदर्शन की मदद से सफलता की कहानी रची है। इस सीजन में उनकी बगिया से 22 क्विंटल से अधिक उत्पादन की उम्मीद है, जिससे उन्हें 1 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी होने का अनुमान है। इस सफलता ने न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की है, बल्कि गांव के अन्य किसानों को भी फल आधारित खेती की ओर प्रेरित किया है। अजमेर सिंह बताते हैं कि उन्होंने करीब साढ़े 3 साल पहले एफएलडी (फ्रंट लाइन डेमो) के तहत 1,800 अमरूद के पौधे लगाकर शुरुआत की थी, जिसमें श्वेता और ललिता किस्में शामिल हैं। वर्तमान में उन्होंने लगभग 450 कनाल भूमि पर अमरूद का बगीचा लगाया है। इस सीजन में करीब 22 क्विंटल अमरूद की फसल होने की उम्मीद है। ग्राहक सीधे उनके घर से 50 रुपए प्रति किलो के हिसाब से अमरूद खरीद रहे हैं। अजमेर सिंह कहते हैं कि पहले जिस जमीन पर गेहूं और मक्की जैसी फसल भी नहीं होती थी और जो जंगली जानवरों से बर्बाद हो चुकी थी, अब वहीं जमीन आज हरियाली से ढकी है। हिमाचल सरकार और उद्यान विभाग की मदद से एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत उन्हें पौधे, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, केंचुआ खाद, पौधों में नमी बनाए रखने के लिए पॉलिथीन, फेंसिंग और आवश्यक दवाइयां सब उपलब्ध कराई गईं। अजमेर सिंह को हमीरपुर में उद्यान विभाग के नेरी कॉलेज से पांच दिवसीय प्रशिक्षण मिला।

इसमें पौधों की कटिंग, बीमारियों की पहचान और उनके उपचार की जानकारी दी गई। साथ ही, उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर क्लस्टर में आकर पौधों का निरीक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। अजमेर सिंह कहते हैं कि मुख्यमंत्री सुक्खू और उद्यान विभाग के सहयोग से ही यह बंजर जमीन अमरूद की बगिया में बदली है, अब पूरा परिवार इस काम से जुड़ गया है पत्नी तृप्ता देवी, दोनों बेटे और बहुएं सब खेती में हाथ बंटा रहे हैं। अजमेर की पत्नी तृप्ता देवी ने कहा कि उनके परिवार के लिए यह सिर्फ खेती नहीं, घर की खुशहाली का जरिया है। सारा परिवार मिलकर काम कर रहा है, हमें इसकी बेहद खुशी है। उपनिदेशक उद्यान विभाग ऊना, केके भारद्वाज ने बताया कि हिमाचल सरकार की 1292 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी एचपी शिवा परियोजना प्रदेश के किसानों-बागवानों की जिंदगी में समृद्धि लाने का काम कर रही है। इस योजना के तहत आधुनिक तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण, वैज्ञानिक मार्गदर्शन और सरकारी सहयोग के समन्वय ने किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोज़गार के नए द्वार भी खोले हैं। डॉ. भारद्वाज ने बताया कि वर्ष 2024-25 में बंगाणा विकास खंड के अंतर्गत 15 हेक्टेयर भूमि पर 17 हजार उच्च गुणवत्ता वाले अमरूद के पौधे लगाए गए हैं। वहीं, वर्ष 2025-26 में 50 हेक्टेयर भूमि पर अमरूद, मौसमी और माल्टा 55 हजार पौधे लगाने का काम किया जा रहा है। वे बताते हैं कि एचपी शिवर परियोजना में फलदार पौधे लगाने के लिए क्लस्टर की भूमि का विकास, उच्च गुणवत्ता के फलदार पौधे, कंपोजिट फेंसिंग, ड्रिप इरीगेशन का कार्य इत्यादि भी परियोजना के अंतर्गत शत प्रतिशत अनुदान पर किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं डीसी

**जिलाधीश** ऊना जतिन लाल का कहना है मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार जिले में एचपी शिवा परियोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। बागवानी विभाग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को पौधरोपण से लेकर सिंचाई और मार्केटिंग तक हर स्तर पर पूरी सहायता मिल सके। हमारा प्रयास हैं कि इस योजना के माध्यम से न केवल किसानों की आय बढ़े, बल्कि युवाओं को बागवानी क्षेत्र में रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर बनें।

## श्री राम नाटक क्लब हटली में रामायण मंचन शुरू

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान



श्री राम नाटक क्लब हटली का रामायण मंचन भव्य धार्मिक वातावरण में आरंभ हुआ।

**बंगाणा।** पौराणिक संस्कृतिक और मर्यादा की परंपरा को जीवित रखने की दिशा में श्री राम नाटक क्लब हटली का 67वां शुद्ध रामायण मंचन भव्य धार्मिक वातावरण में आरंभ हुआ। मंच संचालन कर रहे विपिन साजन ने जानकारी दी कि मंगलवार शाम आयोजित उद्घाटन समारोह में स्थानीय प्रधान स्वर्ण सिंह राणा ने शंखनाद व दीप प्रज्वलित कर मंचन की विधिवत शुरुआत की।

इस अवसर पर स्वर्ण सिंह राणा ने कहा कि क्लब द्वारा वर्षों से निरंतर किया जा रहा शुद्ध रामायण मंचन केवल धार्मिक आस्था को जीवंत नहीं रखता, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए संस्कृति और मर्यादा का सशक्त संदेश भी है। उन्होंने क्लब को बधाई देते हुए इसे सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत माध्यम बताया। रामलीला के प्रथम दिवस पर दर्शकों को भावुक कर देने वाले प्रसंगों का मंचन किया गया। कथा की शुरुआत महाराजा दशरथ और श्रवण कुमार प्रसंग से हुई, जिसमें श्रवण कुमार की अपने माता-पिता के प्रति भक्ति और सेवा ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। विवेकशील शर्मा द्वारा निभाई गई श्रवण कुमार की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही, जब महाराजा दशरथ से अनजाने में श्रवण का वध हो गया, तो पूरा पंडाल भावनाओं से भर उठा। इसके बाद का दृश्य और भी हृदयस्पर्शी रहा, जब श्रवण के माता-पिता ने दु:ख में अपने प्राण त्याग दिए। राजा दशरथ के विलाप ने दर्शकों को उस युग की अनुभूति करवा दी। इस प्रसंग ने समाज को यह सशक्त संदेश दिया कि माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। प्रथम दिवस का एक अन्य मुख्य आकर्षण ऋषि नारद और भगवान विष्णु का संवाद रहा, जब नारद ने विष्णु को पृथ्वी पर अवतार लेने का श्राप दिया, तो मंत्रोच्चार और गूंजते संवादों ने श्रद्धा का वातावरण रच दिया। इसके पश्चात माता कौशल्या के गर्भ से श्रीराम के जन्म की कथा मंचित की गई, जिस पर पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। मंचन में अबनीश सोनी (राम), दिनेश खत्री (लक्ष्मण), संजय सोनी (दशरथ), सुरेंद्र राणा (नारद) सहित कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से पंडाल को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्लब प्रधान मदन सोनी ने बताया कि रामलीला प्रतिदिन रात 8 से 12 बजे तक चलेगी और सभी प्रमुख प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक गतिविधियों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को संस्कार, सदाचार और मर्यादा से जोड़ना भी है। आयोजन की सादगी, पारंपरिकता और भावनात्मक गहराई ने रामलीला को विशेष बना दिया है, और दर्शक आगामी प्रसंगों के लिए उत्सुक हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### खस्ताहाल पैदल पुल की मरम्मत की उठाई मांग

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** आनी कस्बे के खोबड़ा कॉलोनी को एनएच-305 और आनी बाजार से जोड़ने वाला एकमात्र पैदल पुल खस्ताहाल स्थिति में पहुंच गया है। पुल की जर्जर हालत को लेकर खोबड़ा कॉलोनी के निवासियों की ओर से एडवोकेट रूपेंद्र सिंह कारदार ने एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग उठाई है। ज्ञापन में बताया गया कि लगभग खोबड़ा के 86 घरों के करीब 1200 लोग इस पुल पर निर्भर हैं, लेकिन वर्तमान समय में पुल की स्थिति बेहद असुरक्षित हो चुकी है। लकड़ी की बल्लियां पूरी तरह से सड़-गल गई हैं, जबकि लोहे का ढांचा भी जंग खाकर कमजोर पड़ गया है। इस कारण से प्रतिदिन काम, विद्यालय, स्वास्थ्य सेवाओं और आवश्यक वस्तुओं के लिए पुल का उपयोग करने वाले लोगों की जान पर संकट मंडरा रहा है। निवासियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द खोबड़ा में नया स्थायी पुल निर्मित किया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और टिकाऊ संपर्क सुविधा मिल सके। साथ ही मांग की गई है कि जब तक नया पुल स्वीकृत और निर्मित नहीं होता, तब तक अस्थायी मरम्मत कर जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। वहीं, एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने खोबड़ावासियों की समस्या के समाधान को लेकर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

### आंगनबाड़ी के पदों के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बाल विकास परियोजना अधिकारी बंजार चंपा देवी ने कहा कि बंजार के अंतर्गत संचालित किए जा रहे विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के 14 पद भरे जाने हैं। आंगनबाड़ी केंद्र सरंडी और धाउगी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद तथा सांधा, तूल, वार्ड 4 बंजार, धामन, हुरला, बनैहणी, सल्हाणु, श्रैढा, करटाह, बरशांगड़, शाक्टी, बजाहरा में सहायिका का पद रिक्त चल रहा है। इसके लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक आवेदनकर्ता आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अक्तूबर सायंकाल 5 बजे तक बाल विकास परियोजना कार्यालय में अपना आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं। उपरोक्त साक्षात्कार के लिए वाक इन इंटरव्यू का प्रावधान नहीं है। अतः 14 अक्तूबर सायंकाल 5 बजे के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास व आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदनकर्ता संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के फीडर क्षेत्र से संबंधित होना चाहिए। आवेदनकर्ता की पारिवारिक आय 50000 (पचास हजार) रुपए सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए। विस्तृत अधिसूचना के लिए उपरलिखित आंगनबाड़ी केंद्र संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय अथवा बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में 01903-221732 पर संपर्क कर सकते हैं।

### कार्यकर्ताओं के पार्टी छोड़ने पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरी चंद शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। यही कार्यकर्ता दिन-रात पार्टी के लिए काम करते हैं। आम कार्यकर्ताओं को कर्मठ कार्यकर्ता बनने में सालों लग जाते हैं, तब जाकर कर्मठ कार्यकर्ता बनता है। कर्मठ कार्यकर्ता को एक झटके में खोना पार्टी और नेताओं के लिए आत्म चिंतन करने का विषय है। कार्यकर्ता खो देने से हम अपने संगठन और पार्टी को कमजोर करते हैं। आम वर्कर से कर्मठ कार्यकर्ता बनने में कार्यकर्ता की मेहनत होती है। वहीं, नेताओं को भी कार्यकर्ताओं के काम और अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं को निष्पक्षता से मानसम्मान देने के लिए अपना कर्मठता से पसीना बहाना पड़ता है, तब जाकर मजबूत संगठन खड़ा होता है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही नेता बनते हैं अगर कार्यकर्ता ही कमजोर हो जाते, तो पार्टी और नेता भी कमजोर हो जाती हैं। नेता को भी मजबूत संगठन बनाने लिए अपने दुख सुख भूलकर कार्यकर्ताओं का साथ बिना भेदभाव के देना पड़ता है, तब जाकर मजबूत संगठन बनते हैं। हर संगठन में कार्यकर्ताओं और नेताओं में छोटे-मोटे मत भेद होते हैं। अपने घर के परिवार में भी मतभेद होते हैं, लेकिन परिवार और संगठन में व्यक्ति व कार्यकर्ता का ध्यान रखना पड़ता है।

### बंजार क्षेत्र में आपदा प्रभावितों को दी राहत

**शीला कौल, अनंत ज्ञान, बंजार।** शिमला के समाजसेवी सरबजीत सिंह बॉबी ने बंजार विधानसभा क्षेत्र के गुशैनी और सैंज घाटी के मलाना गांव का दौरा कर आपदा प्रभावितों की स्थिति का जायजा लिया। गुशैनी में हाल ही में आई आपदा के चलते क्षतिग्रस्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पुनर्निर्माण हेतु उन्होंने 50,000 की राशि विद्यालय प्रिंसिपल को भेंट की, जबकि तीबर स्कूल के लिए 10,000 की राहत राशि प्रदान की गई। उन्होंने बंदल गांव का भी निरीक्षण किया और प्रभावितों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। साई रोपा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बॉबी ने कहा कि कुल्लू क्षेत्र को आपदा से उबरने में समय लगेगा, ऐसे में हर व्यक्ति को आगे आकर मदद करनी चाहिए। उन्होंने प्रीति जिंटा द्वारा आपदा राहत के लिए दिए गए 30 लाख के योगदान पर आभार जताया और कहा कि कुल्लू घूमने आने वाले अब इस क्षेत्र की मदद को प्राथमिकता दें। बॉबी ने बताया कि 360 पीड़ित परिवारों को राहत फार्म वितरित किए गए हैं और 250 और फार्म भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि सराज क्षेत्र में सवा करोड़ रुपए की राहत बांटी गई है और तीन बीघा जमीन खरीदकर बेघर लोगों के लिए पुनर्वास की योजना पर कार्य हो रहा है। बंजार क्षेत्र में भी 1 करोड़ की राहत वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### बागवानों को झेलना पड़ रहा भारी आर्थिक नुकसान

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** बाढ़ से हुए भारी नुकसान व प्रशासन की लापरवाही के कारण कुल्लू के बागवानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 3 को बाढ़ के लगभग एक माह बाद भी पूरी तरह से ठीक न कर पाने के कारण बागवानों की मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान, प्रेम शर्मा ने प्रशासन और एनएचएआई के ढीले रवैये पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पहले से ही बारिश के कारण आर्थिक नुकसान झेल रहे बागवानों को अब प्रशासन की लापरवाही ने बर्बाद कर दिया है। उनके अनुसार, जिला प्रशासन इस बात को नजरअंदाज कर रहा है कि कुल्लू की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से बागवानी और पर्यटन पर निर्भर है। इसके बावजूद राजमार्ग को खोलने में इतना लंबा समय लेना उनकी उदासीनता को दर्शाता है। प्रेम शर्मा ने बताया कि प्रशासन ने बागवानी संगठनों से बिना कोई बात किए एनएचएआई के अधिकारियों के साथ मिलकर यातायात का समय तय कर लिया, जिससे बागवानों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने सवाल किया, 'क्या बागवान पूरे दिन सेब लोडेड के बाद पूरी रात अपनी गाड़ियों में बैठकर सेब मंडी तक पहुंचने का इंतजार करेंगे। शर्मा ने जोर देकर कहा कि प्रशासन को बागवानी संगठनों के साथ मिलकर यातायात का समय तय करना चाहिए था।

### 'सेवा से शुभ भावना' कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, बंजार।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'शोभला सराज सेवा से शुभ भावना' शीर्षक से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज व एनएसएस ध्वज फहराकर की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर से बंजार बाजार तक रैली निकाली गई जिसमें स्वयंसेवियों ने सामाजिक मुद्दों पर नारे लगाकर जागरूकता फैलाई। ब्रह्मा कुमारी केन्द्र बंजार की श्रद्धेय बहनें निमू, पुष्पलता व प्रियंका विशिष्टतिथि रहीं। सम्मेलन कक्ष में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने भाषण और कविताओं के माध्यम से आपदा प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति जैसे विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों पर लघु वृत्तचित्र प्रस्तुत किया गया एवं रैपिड प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। संगीत विभाग के सहायक आचार्य अंशुल शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मधुर गायन वादन प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि ब्रह्मा कुमारी प्रियंका बहन ने सेवा, नशा व सोशल मीडिया पर व्याख्यान दिया, वहीं निमू बहन ने राजयोग का अभ्यास करवाया। मुख्यातिथि प्रो. राजेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवियों को शुभकामनाएं देते हुए समाज सेवा के महत्व पर बल दिया।

### भेड़पालकों की समस्याओं को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश ऊन फेडरेशन के चेयरमैन, मनोज ठाकुर ने जिला कुल्लू में भेड़-बकरियों की लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं व अन्य समस्याओं को लेकर डीसी कुल्लू तोरुल एस रविश से मुलाकात की। सकारात्मक चर्चा के दौरान डीसी ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक चोरी की घटना की पुलिस रिपोर्ट का नियमित फॉलोअप पशुपालन विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। भेड़पालक के पास इतना समय नहीं होता की वह उसका फॉलोअप करता रहे यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती है, तो इसकी जानकारी सीधे प्रशासन तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही, रात के समय पुलिस गश्त को और सघन करने तथा वाहनों में भेड़-बकरियां ले जाने वालों की सख्त चेकिंग करने के भी निर्देश दिए जाएंगे। चर्चा के दौरान डीसी ने भेड़पालकों से यह आग्रह किया कि जब भी भेड़ पालक अपनी भेड़-बकरियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक वाहन द्वारा ले जाना चाहते हैं, तो उनको ले जाने के लिए अनुमति का प्रमाण पत्र संबंधित पशु पालन विभाग के पशु औषधालय से प्रमाण पत्र साथ ले आएं, ताकि चेकिंग के दौरान उन्हें कोई समस्या न हो।

# लाहौल पहुंचे नेता प्रतिपक्ष, आपदा प्रभावितों से मिलकर बांटा दुख-दर्द

**अनंत ज्ञान, केलांग**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बुधवार को आपदाग्रस्त लाहौल-स्पीति के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और उनका दुख दर्द बांटा। इस दौरान वह केलांग तक गए और आपदा प्रभावित लोगों से मिलकर राहत और बचाव कामों की जानकारी ली।

हर जगह सरकार ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लाहौल के हालत तो और खराब हैं। आपदा ने यहां जमकर तबाही मचाई है और सरकार ने आंखे मूंद रखी हैं, जिससे झालावाड़ और भी भयावह हो गए हैं। वह लोगों के कहने पर खेतों में भी गए जहां गोभी की फसल खराब होने की वजह से किसानों को लाखों का नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा कि गोभी और मटर की लाहौल में बंपर फसल हुई थी, लेकिन आपदा में सड़कें बंद होने से बाजार तक नहीं पहुंच पाई और अब खेतों में ही सड़ रही है। पूरे


नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर लाहौल में प्रभावितों से सुख-दुख साझा करते हुए।

क्षेत्र में महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

इससे निपटने की आवश्यकता है। आपदा और सड़के बंद होने से लोगों को दोहरा नुकसान हो रहा है। इस नुकासन की भरपाई कैसे होगी। सरकार को इसका रास्ता निकालना होगा, लेकिन जिस रास्ते पर सरकार चली है उससे यह साफ है कि सरकार को यहां हुए नुकसान का अंदाजा नहीं है। सरकार को इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए और लोगों के नुकसान की भरपाई का इंतजाम करे। हालात को देखते हुए सरकार लाहौल के आपदा प्रभावितों के लिए विशेष कदम उठाए और केंद्र से मिली राहत लोगों तक पहुंचाए। शाशिन, कोकसर, सीसू, तेलिंग, ट्रिलिंग,यांगला, गोंदला, तांदी संगम घाट, लिंडूर, जालमा, हालिंग, जसराट, जोबरांग, मयार वैली, टिंगरेट, और उदयपुर वैली में प्रभावित लोगों से मिले और किसानों और बागवानों को हुए नुकसान पर उनसे चर्चा की। लिंडूर गांव धंस रहा है, लोगों के घर खतरे में आ चुके हैं इसलिए लोगों के भले के लिए सरकार को जल्दी से जल्दी कड़े कदम उठाने पड़ेंगे। नहीं तो पूरे गांव के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। हालिम गांव में 45 घर के लोगों की जमीन बह रही है। 50 बीघा से ज्यादा जमीन बह गई है। वह वापस नहीं लाया जा सकता, लेकिन बाकी की जमीन बचाने की जिम्मेदारी सरकार की है। सरकार को प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। हम लोगों से मिलकर उनकी पीड़ा को समझने और उसे केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सामने रखना हैं, अगर सरकार आज नहीं मदद करती है, तो भी लोग अपने कागज दुरुस्त रखें, जिससे आने वाले समय में जब भारतीय जानता पार्टी की सरकार आए, तो हम सभी की मदद कर सकें। जयराम ठाकुर ने कहा आज महीने की 24 तारीख हो गई है और एचपीटीडीसी के कर्मचारियों के खाते में तनख्वाह नहीं आई। तनख्वाह हर कर्मचारी के परिवार पालने का साधन होता है। सरकार कहती है कि इस वर्ष एचपीटीडीसी ने 107 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है, तो सवाल यह है कि वह पैसा जा कहां रहा है?

## बेंगलुरु शैक्षणिक भ्रमण से लौटे आनी के नौनिहाल, अविस्मरणीय अनुभव किए साझा


बेंगलुरु शैक्षणिक भ्रमण से लौटे आनी के नौनिहाल, अविस्मरणीय अनुभव साझा करते हुए।

**अनंत ज्ञान, आनी**

समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से प्रदेश के पीएम श्री पाठशालाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित अंतरराज्यीय शैक्षिक भ्रमण का अनुभव विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और अविस्मरणीय रहा। जिला कुल्लू के 32 विद्यार्थियों के साथ पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी के चार मेधावी अभिमन्यु गांधी, नैतिक ठाकुर, मृगांशी ठाकुर और रेखा देवी ने इस भ्रमण में हिस्सा लिया।

इनके साथ गणित अध्यापक पंकज ठाकुर एस्कॉर्ट अध्यापक के रूप में उपस्थित रहे। यह भ्रमण 18 से 22 सितंबर तक उपनिदेशक कुल्लू डॉ. सुनील ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रारंभिक पड़ाव में 18 सितंबर को विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ के चतवीर जियोलॉजिकल पार्क का भ्रमण किया। 20 सितंबर को हवाई जहाज द्वारा बेंगलुरु पहुंचकर उन्होंने वंडर ला फन पार्क, इस्कॉन मंदिर, बेंगलुरु महल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र और अंतिम दिन लाल बाग का सैर किया। 22 सितंबर को विद्यार्थी पुन: हवाई जहाज से चंडीगढ़ लौट आए।

इस शैक्षिक यात्रा में डाइट कुल्लू के प्रधानाचार्य व गुणवत्ता शिक्षा कुल्लू के प्रमुख सुरेंद्र शर्मा व जिला नोडल अधिकारी कुलदीप शर्मा भी सम्मिलित रहे। विद्यार्थियों ने भ्रमण को अत्यंत प्रेरणादायी व ज्ञानप्रद करार दिया। वापसी के बाद एस्कॉर्ट शिक्षक पंकज ठाकुर ने सुबह की सभा में विद्यार्थियों के साथ अनुभव साझा किए। पाठशाला के प्रधानाचार्य प्रभारी नरेश ठाकुर, वरिष्ठ प्रवक्ता श्यामानंद, नोडल अधिकारी कुंदन शर्मा तथा समस्त शिक्षकों ने इन मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया।

## एनएसएस स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, आनी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवियों ने स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष खेम चंद ठाकुर ने की। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत विद्यालय परिसर की सफाई की। दोपहर बाद चित्रकला, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंशिता और सहेलियों ने एनएसएस व लक्ष्य गीत, जबकि मनीष और ज्योति ने एकल गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम अधिकारी प्रवक्ता कुंदन शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एनएसएस की स्थापना व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि खेम चंद ठाकुर ने विद्यार्थियों को बधाई दी। पाठशाला प्रभारी नरेश ठाकुर ने विद्यार्थियों से सेवा भाव एवं स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनने की अपील की।

## सेउबाग में फैला डायरिया, 65 मामले आए सामने, स्वास्थ्य विभाग सतर्क

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** कुल्लू के निकटवर्ती गांव सेउबाग में लोग उल्टी, दस्त (डायरिया) की चपेट में आए हैं।



डायरिया फैलने की जानकारी मिलते ही सीएमओ कुल्लू ने बीएमओ नग्गर को मामले को जल्द गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। बीएमओ नग्गर टीम के साथ डायरिया से प्रभावित गांव सेउबाग पहुंचे। उन्होंने समस्त ग्रामीणों की सेहत की मौके पर जांच की। जांच करने पर 65 मामले प्रकाश में आए। जिनमें 18 पुरुष, 40 महिलाएं व 7 बच्चे शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम दिन भर ग्रामीणों की जांच में जुटी रही। विभाग ने उल्टी-दस्त की चपेट में आए लोगों को तुरंत दवाइयां वितरित की। बीएमओ नग्गर डॉ. कर्ण ने बताया कि सीएमओ कुल्लू से सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जांच के बाद 65 मामले प्रकाश में आए है। एक बच्चे को जिला अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग सतर्क है और परिस्थितियों पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि डायरिया से बचने के लिए हाथों की अच्छी सफाई करें। साफ व उबला हुआ पानी पिएं व प्रोबायोटिक युक्त दही जैसे खाद्य पदार्थ खाएं।

## बिजली परियोजना से मिलने वाले मुआवजे की जानकारी ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला परिषद कुल्लू की अंतिम त्रैमासिक बैठक का आयोजन जिला परिषद हाल कुल्लू में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने की। बैठक में विभिन्न जिला पार्षदों द्वारा उठाई गई मांगों तथा समस्याओं पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई।


जिला परिषद कुल्लू की अंतिम त्रैमासिक बैठक के आयोजन पर मौजूद अधिकारी।

बैठक में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के मामले पर जिला परिषद सदस्यों ने जानकारी हासिल की। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि जिला परिषद की बैठक अपने आप में एक बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जिला परिषद त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो लोकतंत्र में जनता के समस्याओं को हल करने का एक बहुत अच्छा जरिया है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को बैठक में उपस्थित सुनिश्चित बनाने को कहा, ताकि सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों से संबंधित पूरी जानकारी उन्हें प्राप्त हो सके, साथ ही पूर्ण समन्वय के साथ बैठक की सार्थकता सुनिश्चित हो सके। सदस्यों के प्रश्न का जबाव देते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि भुंतर-मणिकर्ण रोड को डबल लेन करने के सम्बन्धी 78.15 करोड़ रुपए की डीपीआर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजी गई है, जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद कार्य आरंभ हो जाएगा। सदस्य पूर्ण चंद द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में राजस्व अधिकारी ने जानकारी दी कि लाडा में प्रभावित जॉन /खंड/क्षेत्र/ तथा पंचायत आदि की विस्तृत जानकारी से संबंधित सूची तथा पिछले तीन वर्षों में यहां खर्च की गई धनराशि का संपूर्ण ब्यौरा उन्हें लिखित रूप में दे दिया गया है। उन्होंने बिजली परियोजना से मिलने वाले मुआवजे की जानकारी हासिल की। सदस्य रुकमणी ने भलाण-1 पंचायत के धारा गांव में बने पानी के टैंक का मामले पर बात करते हुए विभाग से एक बार संयुक्त निरीक्षण करने का निवेदन किया। सदस्य गुलाब ठाकुर, ने भी अपने क्षेत्र के मामले उठाए लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि सड़कों को बहाल करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर हर क्षेत्र में युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

## मशरूम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-दो) में जिला परियोजना प्रबंधन इकाई मंडी द्वारा कुल्लू, लाहौल व स्पीति व मंडी के किसानों को आधुनिक तकनीकों का उचित प्रयोग से गुणवत्तापूर्ण पैदावार व अधिक लाभदायक बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू व मंडी के 12 किसानों के लिए शिमला व सोलन का अध्ययन दौरा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।



कुल्लू, लाहौल-स्पीति व मंडी के किसानों का शिमला-सोलन में तीन दिवसीय अध्ययन दौरा।

इसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल विविधीकरण, मशरूम उत्पादन और कृषि व्यवसाय विकास से संबंधित नवीनतम जानकारियां उपलब्ध करवाना था। किसानों को सोलन स्थित आईसीएआर-डीएमआर मशरूम केंद्र के विशेषज्ञों ने किसानों को मशरूम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि मशरूम की खेती के लिए नियंत्रित तापमान व नमी का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। किसानों को मशरूम के बीज तैयार करने, समय में फसल तैयार करने व उत्पादन बढ़ाने के लिए तकनीक की जानकारी दी। साथ ही उन्हें विभिन्न प्रकार की मशरूम किस्मों जैसे बटन, ऑयस्टर और मिल्की मशरूम आदि की पहचान कराई गई। इस भ्रमण से किसानों को मशरूम उत्पादन में मूल्य संवर्धन व बेहतर आय के अवसरों के बारे में जानकारी मिली। दूसरे दिन किसानों को डॉ. वाईएस परमार उद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी (सोलन) का भ्रमण कराया गया। इस दौरान किसानों ने मृदा विज्ञान विभाग का दौरा कर मृदा स्वास्थ्य व उर्वरते प्रबंधन के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई। उन्हें मृदा जांच के महत्व, उर्वरकों के संतुलित उपयोग और जैविक तरीकों से भूमि की उर्वरता बनाए रखने की तकनीक समझाई गई। इस अवसर पर फ्लोरीकल्चर विभाग में किसानों को फूलों की उन्नत किस्मों व उनकी खेती के तरीकों से अवगत कराया गया। खाद्य प्रसंस्करण विभाग में उन्हें बेकरी उत्पाद, जैम, जैली, कैंडी और अचार बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन दिखाया गया, जिससे किसान भविष्य में अपने उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर बेहतर लाभ कमा सकें। किसानों को सब्जी विज्ञान विभाग में सब्जियों की उन्नत किस्मों और उनके कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

## शौरी ने किया चनौन, देउठा पंचायत के आपदा प्रभावित गांवों का दौरा

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने बुधवार को चनौन व देउठा ग्राम पंचायत के आपदा प्रभावित गांवों का दौरा किया।



इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्र में हुए नुकसान का विस्तृत जायजा लिया। विधायक शौरी ने अपने दौरे के दौरान चनौन, लायड़ा, शलेरा, पजोही और शरण व बलोगी गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि आपदा से इन गांवों में कई परिवार बेघर हुए हैं तथा अनेक घर पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। दोनों पंचायतों में करीब दो दर्जन मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं व इतने ही आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। साथ ही कृषि भूमि, पेयजल व सिंचाई योजनाएं, ग्रामीण सड़कें और अन्य सार्वजनिक ढांचे भी गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा से जहां लोगों की निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। वहीं, सरकारी संस्थानों और भवनों को भी क्षति पहुंची है। प्रभावित विद्यालय भवन पजोही का प्रांगण ढह गया है व भवन असुरक्षित दशा में है और अन्य सार्वजनिक ढांचे क्षेत्र की दिक्कतों को और बढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्रामीण सड़कों की बहाली के लिए बृहद प्रयास किए जाएं व सड़कों को बड़े वाहनों के लिए बहाल किहा जाए।

## हिडव स्कूल के बच्चों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार के तहत आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हिडव के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रभारी दिलीप सिंह मियां और निर्मल ठाकुर प्रवक्ता पॉलिटिकल साइंस, टीजीटी शिवानी ने कहा कि दूरदराज की पाठशाला होने के नाते तथा मैदान की भौगोलिक स्थिति ठीक न होने के बावजूद विद्यालय ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पाठशाला के डीपी गोपीचंद ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष अंडर-19 वर्ग में पांच विद्यार्थी राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो क्षेत्र के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। खाड्डागाड पंचायत की प्रधान नीलम कुमारी एवं समस्त पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पर खुशी जताई है। पाठशाला कि प्रबंधन समिति ने भी इस पर खुशी जाहिर की है।

**समाधान** राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय के सभागार में हुआ

# राजस्व मामलों का जल्द निपटारा करना सुनिश्चित करें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन मुख्यालय केलांग में डीसी कार्यालय के सभागार में किया गया। इसकी अध्यक्षता मंडलाआयुक्त, मध्य जोन, मंडी राज कृष्ण परूथी ने की। इस अवसर पर डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना विशेष रूप से उपस्थित रही।


मंडलायुक्त मंडी केलांग में राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

बैठक में सहायक आयुक्त एव उपमंडाधिकारी केलांग कल्याणी तिवाना, उपमंडलाधिकारी उदयपुर अलीशा चौहान, तहसीलदार केलांग विपिन शर्मा, नायब तहसीलदार उदयपुर रामदयाल व अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों ने भाग लिया व काजा उपमंडल से अतिरिक्त उपायुक्त शिखा आनलाइन माध्यम से जुड़ी थी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि आम जनता से जुड़े सभी राजस्व कार्यों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को समय पर राजस्व मामलों का समाधान मिल सकें। उन्होंने छह महीने से अधिक समय से लंबित निशानदेही व खानगी तकसीम के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए और कहा कि भविष्य में इस प्रकार के मामलों में छह माह से अधिक की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को डिमारकेशन निर्धारित नियमों की पूरी अक्षरश पालन करने के कहा, ताकि अपील की संभावनाएं कम हो। उन्होंने भूमि विवादों को प्राथमिकता से निपटाने, सही राजस्व रिकार्ड बनाए रखने और शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने हाल ही में जिला में आई आपदा के प्रभावितों को राहत पंहुचाने के लिए बनाए गए आरएमएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के संदर्भ में आने वाली दिक्कतों को देखते हुए आमजनता की सहायता के लिए डीसी द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत संबंधित पटवारी व पंचायत सचिव को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए डीसी की प्रशंसा की, उन्होंने कहा कि इससे आमजनता को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 2892 किसान लाभ प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें से 2653 किसानों की ई-केवाईसी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 21247 भूमि मालिकों में से अभी तक 9159 भूमि मालिकों का आधार भूमि के अभिलेखों के साथ जोड़ दिया गया है। उन्होंने बाकि भूमि मालिकों का आधार का भूमि अभिलेख के साथ पंजीकरण करने के लिए निर्देश दिए। बैठक में भूमि से संबंधित लंबित मामलों, ई-हिम भूमि, राष्ट्रीय जेनेरिक दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली, लेखा परीक्षा वसूली, जमीन के पट्टे वितरण, पटवार भवनों के निर्माण व मरम्मत सहित किसानों व आमजनता को समयबद्ध राजस्व सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत व पुनर्वास कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के अंत में डीसी ने मंडलायुक्त का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों व सुझावों की अक्षरश पालना सुनिश्चित करते हुए सभी अधिकारी जिले के विकास और तरक्की के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। एक अन्य बैठक में उन्होंने पुलिस विभाग से जिला की कानून एंव व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की और हाल ही में जिले से अपहृत हुई एक बच्ची की सकुशल बरामदगी ओर उसकी माता के मौत की गुथी को सुलझाने के लिए पुलिस के अधिकारियों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## डबल फोर्टिफाइड नमक की गुणवत्ता बारे उपभोक्ताओं में व्याप्त भ्रांतियां की दूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार व विभाग द्वारा न्युट्रीशनल इंटरनेशनल, जो कि एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक संस्था है, के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है।

एमओयू के अनुसार प्रदेश सरकार व खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को हर माह प्रति किलो प्रति परिवार वितरित करवाए जा रहे डबल फोर्टीफाईड नमक के उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर होने वाले लाभों बारे उपभोक्ताओं को अधिकाधिक जागरूक करना है। न्युट्रीशनल इंटरनेशनल द्वारा प्रदेश में इस जागरूकता अभियान का दायित्व कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट को सौंपा गया है। सरकार व विभाग द्वारा एमओयू हस्ताक्षरित करने के पीछे मूल उद्देश्य सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत डबल फोर्टीफाइड नमक (जो कि आयोडीन एवं आयरन युक्त है) का उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले अच्छे प्रभावों बारे जागरूक करना तथा स्वास्थ्य हितकारी लाभों बारे प्रचार व प्रसार करना है, लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा, जब उपभोक्ता डबल फोर्टीफाईड नमक का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट तथा विभाग द्वारा इस संबंध में जिला कुल्लू में जागरूकता अभियान का शंखनाद कर दिया गया है।

कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट प्रतिनिधि मेघना, जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले तथा निरीक्षक कुल्लू, अनिल कुमार द्वारा कुल्लू शहर की आठ उचित मूल्य की दुकानों पर उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं तथा राशन कार्ड धारकों से डबल फोर्टीफाइड नमक बारे फीडबैक ली गई। इस दौरान डबल फोर्टीफाइड नमक की गुणवत्ता बारे उपभोक्ताओं में व्याप्त भ्रांतियों का निराकरण भी किया गया। उन्हें जागरूक किया गया कि सरकार द्वारा उच्च अनुदानित दरों पर डबल फोर्टीफाइड नमक को राशन कार्ड धारकों में वितरित करवाने का उद्देश्य प्रदेश भर में कुपोषण की समस्या का अंत करना है।

# वायरल की चपेट में आए सोलन के लोग

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** बरसात का मौसम थमते ही सुबह शाम के तापमान में कमी आने और दिन के समय गर्मी बढ़ने से लोग वायरल की चपेट में आ गए हैं। मौसम में घटते बढ़ते तापमान और पानी की अशुद्धता से लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग वायरल की चपेट में आ गए हैं। यही कारण है कि सोलन अस्पताल में वायरल के चलते सर्दी खांसी, गला खराब, छाती जाम और बुखार के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। इसमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक है। चिकित्सकों के मुताबिक टायफाइड और डायरिया का उपचार नहीं होने की स्थिति में यह जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे में बुखार आने और डायरिया होने पर तुरंत चिकित्सा जांच और उपचार जरूरी है। अस्पताल में सर्दी- जुकाम, सिर दर्द और बुखार के रोज करीब 200 रोगी पहुंच रहे हैं। इसका मुख्य कारण मौसम का बदलाव है। इन दिनों सुबह शाम ठंड और दिन को अधिक तापमान चल रहा है। फरवरी के पहले सप्ताह हुई बारिश से पानी और पर्यावरण में बैक्टीरिया पनपने से जल जनित बीमारियां लोगों को जकड़ रही है।


सोलन अस्पताल में उपचार को पहुंचे लोग।

### हलके में न लें वायरल को

**वायरल** के कारण लोगों में खांसी, सांस की तकलीफ या सांस लेने में कठिनाई, थकान, मांसपेशियों-शरीर में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, नाक बंद या नाक बहने जैसी समस्या देखी जा रही है, ऐसे में लोगों को इससे सतर्क रहने की जरूरत है। तीन से चार दिन तक बीमारी ठीक न होने पर नजदीकी अस्पताल में चिकित्सा जांच जरूरी है। वायरल होने पर गर्म पानी का सेवन और ठंड और गर्मी से बचाव जरूरी है।

### क्या कहना है एमएस का

**सोलन** अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राकेश पंवर का कहना है कि बदलते मौसम में डायरिया, टायफाइड, वायरल, हेपेटाइटिस जैसी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि पानी को उबालकर पिए, पानी को 3 दिन से ज्यादा एक जगह इकट्ठा न होने दें। इन सभी बातों का ध्यान रखकर ही बीमारी से बचा जा सकता है।

### दूषित पानी का सेवन खतरनाक

**बारिश** का पानी जल स्रोत में मिलने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग टायफाइड और डायरिया की चपेट में आने लगे हैं। यही कारण है कि इससे लेकर स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। जिले के सब से बड़े अस्पताल सोलन में इन दिनों ओपीडी में इजाफा हुआ है। इसमें श्वास सहित जल जनित बीमारियों के रोगियों की संख्या अधिक है। आमतौर पर सर्दियों में अस्पताल में औसतन 1 हजार रोगियों के ओपीडी होती है, जबकि इन दिनों यह संख्या करीब 1500 तक पहुंच रही है। इसमें आंशिक वायरल के रोगी भी काफी संख्या में सामने आ रहे हैं। वहीं, राहत की बात है कि सोलन सहित आसपास के अलग अलग क्षेत्रों से डायरिया के रोगी अस्पताल में एडमिट है पर पानी को शुद्ध किए और उबाले बगैर उपयोग करने पर आप पीलिया और डायरिया की चपेट में आ सकते हैं।

### ये करें उपाय

**आपातकालीन** जल आपूर्ति के समय बोतलबंद पानी या छानने के बाद उबाल कर किया पानी ही पीना चाहिए। यदि आपके पास बोतलबंद पानी नहीं है तो पानी उबालें। उबालना रोगजनक बैक्टीरिया, वायरस और प्रोटोजोआ को मारने के लिए पर्याप्त है। यदि पानी गंदला है, तो इसे जमने दें और इसे एक साफ कपड़े, कागज के उबलते पानी के तौलिये या कॉफी फिल्टर के माध्यम से छान लें। पानी को कम से कम एक मिनट तक उबालें। पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा होने दें और इसे ढक्कन वाले साफ कंटेनर में रखें। पानी में स्वास्थ्य केंद्रों और आशा वर्कर से क्लोरीन की गोलियां उचित मात्रा में पानी में घोलने से भी बीमारियों का खतरा टल जाता है।

## बाइक सवार ने राहगीर को मारी टक्कर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन राउंड की प्रमुख सड़क पर डाइट संस्थान के नजदीक अचानक हुए एक हादसे में तेज रफ्तार बाइकर ने पैदल जा रहे एक राहगीर को टक्कर मारी और आगे जाकर विपरित दिशा में बाइक से जा भिड़ा। सीसीटीवी में कैद घटना के अनुसार बाइकर की टक्कर से राहगीर सड़क पर जा गिरा और दोनों बाइकों पर सवार तीनों युवक भी सड़क पर जा गिरे। उधर, अचानक हुए हादसे ने एक बार फिर तय साबित कर दिया कि पुलिस तेज रफ्तार बाइकर पर शिकंजा कसने में नाकाम रही है। इस हादसे की पुलिस में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार ओवर स्पीड से होने वाले हादसों की ज्यादातर शिकायतें पुलिस तक नहीं पहुंचती क्योंकि बाइकर घटनास्थल से निकल जाते हैं। डाइट के नजदीक यह स्थल पिछले काफी अरसे से एक्सीडेंटल प्वाइंट बन चुका है। इससे पहले भी यहां कई हादसे हो चुके हैं। ओवरस्पीड बाइकर फिसलते रहते हैं और आमने सामने में इनकी भिड़ंत भी अक्सर होती है। प्रमुख सड़क पर रोज ऐसे हादसों में कई लोग पहले भी चपेट में आ चुके हैं, ऐसे में अब सड़क सुरक्षा दांव पर लगी है। वाहन धारकों की जान तो है ही जोखिम में, लेकिन सड़क पर पैदल चलने वालों के लिए भी खतरा बढ़ रहा है।

## शूलिनी माता मंदिर में तीसरे नवरात्र पर देवी चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की


तीसरे नवरात्र पर शूलिनी माता मंदिर में भजन-कीर्तन में मग्न भक्तजन।

अनंत ज्ञान, सोलन

तीसरे नवरात्र पर चंद्रघंटा माता की पूजा बड़े श्रद्धा व उल्लास के साथ की गई। शूलिनी माता मंदिर में भक्तों की भीड़, दिनभर भजन-कीर्तन और व्रत-पूजा का माहौल रहा।

नवरात्र के तीसरे दिन शूलिनी माता के मंदिर में भक्तों की दिनभर भीड़ रही। सुबह से लंबी कतारें श्रद्धालुओं की लगी रही, लोग व्रत-पूजा के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। व्रत और पूजा-मंत्रव्रतधारी भक्त माता की उपासना कर आत्मबल, साहस और शत्रुओं पर विजय की कामना करते हैं। नवरात्र को लेकर शूलिनी मंदिर दुल्हन की तरह सजाया गया है। श्रद्धालुओं को माता के दर्शन करने में आसानी हो इसके लिए मंदिर के द्वार पर होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। बता दें कि शूलिनी देवी सोलन सहित आसपास के क्षेत्र की कुलदेवी हैं। मंदिर के पुजारी का कहना है कि इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुंच सकते हैं। विशेष धार्मिक उत्सव मंडल एवं नव दुर्गा संकीर्तन मंडल द्वारा माता के नौ स्वरूपों का गुणगान किया जाएगा। इसी तरह शहर के अन्य देवी मंदिरों को भी नवरात्र पर्व को लेकर विशेष रूप से सजाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ईशान राव बने 'यंग कम्युनिटी चैंपियन'

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के युवा समाजसेवी ईशान राव को उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के लिए 'यंग कम्युनिटी चैंपियन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें निफा के 25वें स्थापना दिवस समारोह में प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के साथ ही उनका नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस बुक (इंग्लैंड) में भी दर्ज हो गया है, जिससे हिमाचल का नाम पूरे विश्व में रोशन हुआ है। निफा का रजत जयंती समारोह 21 से 23 सितंबर तक आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत दिल्ली के भारत मंडपम में हुई। इसमें देश-विदेश के कई प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके बाद 23 सितंबर तक का कार्यक्रम करनाल में चला। इस दौरान 22 सितंबर को एक विशाल राष्ट्रीय एकता रैली निकाली गई। इसमें ईशान राव ने हिमाचल प्रदेश की टीम का नेतृत्व किया। नाहन शहर के रहने वाले ईशान राव पिछले 13 वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि साल 2013 से ही वह रक्तदान के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। वर्ष 2018 में उन्होंने 'ड्रॉप्स ऑफ होप सोसायटी सिरमौर' की स्थापना की, जिसमें आज 1500 से ज्यादा सदस्य हैं। यह सोसायटी दिन-रात जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की व्यवस्था करती है। यह समूह हिमाचल के अलावा चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला, देहरादून, अंबाला और दिल्ली जैसे बड़े शहरों के अस्पतालों में भी मरीजों की रक्त संबंधी जरूरतों को पूरा कर रहा है। ईशान ने बताया कि उनके प्रयासों से नाहन मेडिकल कॉलेज में नशे के शिकार युवाओं के लिए एक विशेष ओपीडी भी शुरू करवाई गई है। ईशान राव ने कहा कि वह समाज सेवा का यह प्रयास लगातार जारी रखेंगे।

### उद्योग मंत्री आज सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम व रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 25 सितंबर को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 25 सितंबर को शिलाई के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में जन समस्याओं का निराकरण करेंगे। वहीं मंत्री 25 सितंबर को सोलन जिले के प्रवास पर भी होंगे। मंत्री प्रातः 10.30 बजे शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन में स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंस द्वारा आयोजित 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2025' कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे।

### हाथ धोने के सात कदम के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** पीएम श्री हाई स्कूल सकोड़ी में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत स्कूल में हर रोज दो घंटे इस बारे किसी गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को इस कार्यक्रम में बच्चों ने पेंटिंग करके स्वच्छता का संदेश दिया। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले स्टूडेंट्स को पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में पुरस्कार दिए जाएंगे। मुख्यध्यापिका पूनम शर्मा व अन्य अध्यापकों ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, परिवेश स्वच्छता और हाथ धोने के सात कदम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आह्वान किया कि जीवन में हमेशा अपनी व अपने परिवेश की सफाई की आदत डालना जरुरी है। कूड़ा करकट उचित स्थान पर रखें। कही भी जाएं वहां गंदगी न फैलाएं।

### डॉ. शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 25 सितंबर को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल 25 सितंबर को प्रातः 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायरी में मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करेंगे।

### कमल देव बने गुज्जर कल्याण बोर्ड के सदस्य

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बद्दी के उद्योगपति और घुमारवीं जिला बिलासपुर के निवासी कमल देव राव को प्रदेश सरकार द्वारा गुज्जर कल्याण बोर्ड हिमाचल प्रदेश का सदस्य नियुक्त किया गया। कमल देव राव इससे पूर्व कांग्रेस पार्टी के अहम ओहदों पर तैनात रहे हैं ओर पार्टी की सेवा करते हुए उनको यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कमल देव राव ने कहा कि जिस भरोसे से सरकार ने यह जिम्मेदारी दी है, वह ईमानदारी से निभाते हुए समाज के कल्याण के लिए कार्य करते रहेंगे और सगठन को भी मजबूत करेंगे। कमल देव ने इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और कांग्रेस पार्टी तथा सरकार का आभार जताया। कमल देव की नियुक्ति से कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर व कापियां

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्टूडेंट वेलफेयर सोसायटी सोलन के द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला शिल्ली में जरूरतमंद विद्यार्थिओं को स्कूल के स्वेटर, स्कूल की कापियां पैन व पेंसिल सैट तथा मिठाई का वितरण किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। भाषण व खेल प्रतियोगता का भी बहुत सुंदर ढंग से आयोजन किया गया। स्टूडेंट वेलफेयर सोसायटी की तरफ से सोसायटी के संस्थापक सदस्य आदरणीय डॉक्टर एमआर लांबा, प्रधान अशोक ग्रोवर, महासचिव आरपी राणा, कोषाध्यक्ष शिव कुमार चावला, उपप्रधान संतोष भल्ला व उपसचिव बलवंत सिंह व सदस्य इंजीनियर दीपक शर्मा, मोनिका सेठी व पंकज कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम बहुत ही सुंदर ढंग से बहुत ही सुखद वातावर्ण में संपन्न हुआ। स्कूल के मुख्य अध्यापक रोशन लाल व अध्यापिका कल्पना पाठक व अध्यक्ष प्रबंधन समिति सीमा देवी व इनके सहयोगियों का बहुत सहयोग रहा। सोसायटी का इस प्रकार के कार्य कर्म आगे भी जारी रहेंगे और जरूरतमंद विद्यार्थियों की हर संभव सहायता की जाएगी।

### वैज्ञानिक डॉ. रितेश वर्मा ने मनवाया प्रतिभा का लोहा

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र का छोटा सा गांव टाली भुज्जल आज गौरवान्वित है, क्योंकि इसी गाव के होनहार वैज्ञानिक डॉ. रितेश वर्मा ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रतिष्ठित एल्सेवियर और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की संयुक्त रूप से जारी वर्ष 2025 की वैश्विक रैंकिंग में डॉ. वर्मा का नाम लगातार दूसरे साल विश्व के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुआ है। ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ. रितेश वर्मा की यह उपलब्धि उनके लंबे शोध कार्यों और उच्च स्तर के प्रकाशनों का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि वे पिछले वर्ष भी इसी सूची में शामिल थे। इस सम्मान की खबर से उनके माता-पिता शकुंतला वर्मा और निकाराम वर्मा के साथ पूरा क्षेत्र हर्षित है। राजगढ़ और आसपास के बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि डॉ. वर्मा ने सिरमौर व हिमाचल का नाम विश्व मंच पर रोशन किया है। प्रधानाचार्य भूप सिंह वर्मा, दुर्गा सिंह वर्मा, रविंद्र शर्मा, निहाल रापटा, सुखराम शर्मा, संदीप शर्मा व ओम प्रकाश चौहान सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि युवाओं को वैज्ञानिक अनुसंधान व नवाचार के लिए प्रेरित करेगी। डॉ. वर्मा का यह लगातार दूसरा चयन साबित करता है कि अगर लगन और मेहनत से काम किया जाए, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान पाना किसी सपने से कम नहीं है।

## मकान से नलके चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन

परवाणू निवासी हरजीत सिह ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह सेक्टर 4 में किराये के कमरे में रहते हैं। 17 सितंबर की रात्रि को इनके मकान मालिक के मकान का कोई नामालूम व्यक्ति ताला तोड़कर अंदर से बाथरूम के सारे नलके व कंट्रोलर चोरी करके ले गया।

चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 7000 रुपए है। इस पर पुलिस थाना परवाणू में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना परवाणू की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। इसके विश्लेषण पर पाया गया कि रात्रि के समय एक व्यक्ति मकान के अंदर से सामान को अपनी स्कूटी पर लोड करके ले जाता हुआ पाया गया। इस पर पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकि साक्ष्यों का गहनता से विश्लेषण करके आरोपी



की पहचान की गई तथा मामले में संलिप्त आरोपी रोहित पुत्र बीरेश निवासी सेक्टर-4 परवाणू तह. कसौली जिला सोलन हिप्र उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा मामले में संलिप्त स्कूटी को जब्त करके पुलिस ने कब्जे में लिया। आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि उक्त आरोपी पहले भी अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। इसके खिलाफ पुलिस थाना परवाणू में चोरी का एक मामला पंजीकृत है। इसमें उसने पानी के मीटर चोरी किए थे। आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है ।

## महर्षि वाल्मीकि चौक का निर्माण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन के वाल्मीकि नगर में लंबे समय से चल रही मांग के बाद महर्षि वाल्मीकि चौक का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने इस चौक के लिए 4 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है, जिसके बाद से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से चली आ रही इस मांग को स्वीकार करते हुए, फॉरेस्ट रेंजर ऑफिस के पास निर्माण स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान वाल्मीकि समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे और उन्होंने इस पहल के लिए विधायक अजय सोलंकी का आभार व्यक्त किया। वाल्मीकि सभा के सदस्य राकेश चौहान ने बताया कि 7 अक्तूबर, 2025 को महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के पावन अवसर पर विधायक अजय सोलंकी इस चौक का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वार्ड नंबर-13 के पार्षद योगेश गुप्ता, वाल्मीकि सभा के प्रधान विजय चौरिया, श्याम लाल सोढा, हरीश कल्याण, यशपाल नारनौल, सरोज, भारती, कृष्ण लता, लवली चौहान, राज, अशोक कुमार, अनीता, रुपेश, कान्हा, सुरेश, विशाल, ईशी रानी, अमरनाथ, विजय कुमार और अनिल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## चाइल्ड हेल्पलाइन ने छात्रों को दी गुड टच व बेड टच की जानकारी


चाइल्ड हेल्पलाइन सिरमौर ने जागरूकता कार्यक्रमों का किया आयोजन।

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

चाइल्ड हेल्पलाइन सिरमौर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बर्मा पापड़ी और राजकीय प्रारंभिक पाठशाला बर्मा पापड़ी में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या (इंचार्ज) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान केस वर्कर रामलाल द्वारा बच्चों को हेल्पलाइन के सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। हेल्पलाइन में आने वाले मामले की श्रेणियों को साझा किया गया। बच्चों को उनके मुख्य चार अधिकारों के बारे में बताया गया तथा उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के उपयोग की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसके साथ ही केस वर्कर राजेंद्र सिंह द्वारा बच्चों को हेल्पलाइन के सही इस्तेमाल, गुड टच बेड टच के बारे में बताया गया फिर बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनों जैसे-जेजे एक्ट, पोक्सो एक्ट, चाइल्ड लेबर और आरटीई एक्ट आदि और इसके प्रावधानों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया, ताकि वे किसी भी कठिन परिस्थिति में अपनी सुरक्षा और सहायता के लिए उचित कदम उठा सकें। स्कूल द्वारा बच्चों को हेल्पलाइन सेवा तथा कानूनों की इस महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने पर चाइल्ड हेल्पलाइन सिरमौर के केस वर्कर का धन्यवाद किया गया।

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज में बुधवार को एंटी-ड्रग सेल ने गुंजन ऑर्गनाइजेशन फॉर कम्युनिटी डिवेलपमेंट, धर्मशाला के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता का आयोजन किया। यह संस्था क्षेत्रीय संसाधन व प्रशिक्षण केंद्र और राज्य स्तरीय समन्वय एजेंसी के रूप में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है। कार्यक्रम की शुरुआत एंटी-ड्रग क्लब के संयुक्त सचिव सुमित, संस्था के निदेशक विजय,एसएलसीए रिसोर्स पर्सन पंकज सहित कई अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए शराब, धूम्रपान, कोकीन आदि मादक पदार्थों के शारीरिक एवं मानसिक नुकसानों को विस्तार से बताया। उन्होंने युवाओं को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ नशे से दूर और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों से नशे को पूरी तरह त्यागने और सकारात्मक उदाहरण बनने का आह्वान किया।

## पंचायतों का सर्वे जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

अनिल नेगी, अनंत ज्ञान

**रिकांगपिओ।** डीसी कार्यालय किन्नौर के सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम व प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना पर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने की। डीसी ने अधिकारियों से योजना के माध्यम से आम जनता को हो रहे वास्तविक लाभ का ब्यौरा मांगा और जिला के लघु व सीमांत किसानों-बागवानों के लिए सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने पर बल दिया, ताकि धरातल पर ग्रामीणों को लाभ प्राप्त हो सके और निर्धन एवं उपेक्षित वर्गों का विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत ग्राम पंचायत चगांव के धर्मालिंग गांव की वीडीपी को जिला स्तरीय परियोजना मूल्यांकन व अभिसरण समिति से पास कर दिया गया है और जल्द योजना के तहत मिलने वाले लाभ गांव को प्राप्त होंगे। इसके अलावा डीसी ने जिले की ग्राम पंचायत काफनू व यांगपा-2 के सर्वे कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना का लाभ इन पंचायतों को शीघ्र प्राप्त हो सके।



किन्नौर जिला में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना पर बैठक आयोजित।

### पीएम स्वनिधि योजनाओं पर चर्चा की

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय सभागार कक्ष में लीड बैंक, पंजाब नेशनल बैंक जिला किन्नौर द्वारा जिला समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया और विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। डीसी ने अधिकारियों से गत बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों पर की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा मांगा और बचे हुए कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीसी ने बैंकों को निर्देश दिए कि आम जनता के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी धरातल पर लोगों तक पहुंचाएं, ताकि आम लोगों को वास्तव में लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने इन योजनाओं के माध्यम से वंचित वर्गों को लाभ पहुंचाना पर बल दिया ताकि सस्ते ऋणों के माध्यम से रेहड़ी फड़ी वालों को सशक्त बनाया जा सके।

## नाहन कॉलेज में 'टूरिज्म वीक' की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** 22 से 27 सितंबर तक चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के टूरिज्म यूथ क्लब की ओर से जागरूकता रैली से हुई। बीवॉक विभाग के स्टूडेंट्स और स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य ने रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि पर्यटन ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और सांस्कृतिक समृद्धि का सशक्त साधन है। उन्होंने छात्रों से पर्यटन को लेकर नई सोच व जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। बी वॉक विभाग के नोडल अधिकारी ने बताया कि 24 सितंबर को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता होगी और 27 सितंबर को भव्य सांस्कृतिक संध्या तथा फूड फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हिमाचल, पंजाब और हरियाणा की झलक के साथ-साथ बॉलीवुड थीम पर नृत्य और सोलो सिंगिंग भी आकर्षण का केंद्र होंगी।

## शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, नाहन

डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के जिला कल्याण कार्यालय तथा आस्था वैलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार द्वारा वारिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्य योजना 2024-25 के अंतर्गत आयोजित हुए जागरूकता व प्रचार शिविर में बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रियंका वर्मा ने समाज में वृद्धजनों के अनुभावों तथा युवा पीढ़ी को उनके माध्यम से मिलने वाले संस्कारों की महता पर विशेष बल दिया। उन्होंने युवा पीढ़ी से वृद्धजनों को सम्मान देने तथा उनके साथ अधिक से अधिक समय व्यतित कर उनके अनुभवों से सीख लेने का आह्वान किया। जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोडा तथा आस्था के अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता द्वारा मुख्यातिथि व विशिष्टातिथि का स्वागत किया गया तथा आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वृद्धजनों के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाएं हिमाचल प्रदेश माता-पिता और अश्रित भरण पोषण अधिनियम, 2001 की जानकारी के साथ युवाओं तथा वृद्धों में अंतर-पीढ़ीगत संबध के बारे में भी चर्चा की गई तथा योजनाओं संबंधी पैंपलेटस भी वितरित किए। शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए, जिसमें एमआर एडल्ट होम के विशेष सक्षमों, डीएड कालेज के विद्यर्थियों व वरिष्ठ नागरिक कविता व ललित शर्मा ने भी अपनी प्रस्तुती दी। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष जैन विशिष्टातिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा प्रोफेसर अमर सिंह चौहान ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। शिविर में 100 से अधिक वृद्धजन, युवा विद्यार्थी, जिला कल्याण कार्यालय के कर्मी, आस्था के पदाधिकारी व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## परवाणू में धूमधाम से मनाया जाएगा दो दिवसीय दशहरा मेला

महेंद्र वर्मा, अनंत ज्ञान

**परवाणू।** परवाणू में इस बार भी दशहरा बड़े उत्साह व परंपरा के साथ मनाया जाएगा।

35वां दो दिवसीय परवाणू दशहरा मेला आगामी 1 और 2 अक्तूबर को सेक्टर-5 स्थित दशहरा ग्राउंड में परवाणू वेलफेयर एंड कल्चरल काउंसिल एवं रोटरी क्लब परवाणू की ओर से आयोजित किया जाएगा। इस बार मेले में खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मटका फोड़, रस्साकशी और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताएं विशेष आकर्षण होंगी। इस बारे में परवाणू वेलफेयर एंड कल्चरल काउंसिल के अध्यक्ष रमेश ने बताया कि हमारा प्रयास है की हर वर्ष दशहरे को पिछले वर्ष से बेहतर कर सकें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मेले के आकर्षण को बढ़ाने के लिए मटका फोड़, रस्साकशी और कबड्डी प्रतियोगता शामिल की गई हैं। इनके साथ 100, 200 और 400 मीटर दौड़, लंबी कूद व वॉलीबाल के रोमांचक मुकाबले भी करवाए जाएंगे। इस वर्ष वॉलीबॉल (ओपन टीम) में प्रथम पुरस्कार 31,000 रुपए तथा द्वितीय पुरस्कार 21,000 रुपए रखा गया है। वहीं, वॉलीबाल (लोकल टीम) में प्रथम पुरस्कार 7,100 रुपए तथा द्वितीय पुरस्कार 5,100 रुपए दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन 1 अक्तूबर को खेल प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि 2 अक्तूबर को मटका फोड़, रस्सा कस्सी, कबड्डी आदि खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे।

उन्होंने परवाणू वासियों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में शामिल होने की अपील की साथ ही उन्होंने खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वालों के नंबर भी जारी किए, जो भी कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक हैं वह बृजलाल शर्मा (कैशियर) 9418743041 रोटेरियन चंद कमल शर्मा (सचिव) 9816034121 से संपर्क कर अपना नाम सूचीबद्ध करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दशहरा मेले की संस्थापक स्वर्गीय नरेंदर वालिया द्वारा चलाई गई इस प्रथा को वर्षों तक बेहतर ढंग से करने के लिए हम वचनबद्ध हैं।

**आयोजन** आपदा प्रबंधन, पोषण अभियान, बागवानी, महिला सशक्तिकरण पर वार्तालाप

## आपदा से पहले व बाद प्रबंधन में मीडिया की अहम भूमिका

अनंत ज्ञान, सोलन

भारत सरकार के सूचना व प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय, चंडीगढ़ की ओर से हिमाचल प्रदेश के सोलन में आपदा प्रबंधन, पोषण अभियान, बागवानी, महिला सशक्तिकरण विषयों पर मीडिया कार्यशाला वार्तालाप आयोजित की गई।

इसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर सरकार और चौथे स्तंभ के बीच सार्थक संवाद और विचारों के उपयोगी आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। वार्तालाप का शुभारंभ सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने किया। मीडिया को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि आपदा प्रबंधन एक ऐसा क्षेत्र है, जो मीडिया के समाचारों में सनसनीखेज होने के कारण अनावश्यक रूप से प्रभावित हो सकता है। सोलन मीडिया की परिपक्व और संतुलित भूमिका की सराहना करते हुए डीसी ने कहा कि मीडिया को लोगों को यह आश्वासन देने में भी योगदान देना चाहिए कि सरकार सक्रिय है तथा आपदा के समय कार्रवाई कर



सोलन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते डीसी मनमोहन शर्मा।

रही है। उपायुक्त ने बताया कि मीडिया के कारण ही बड़ी से बड़ी आपदा से निपटने और उसके प्रबंधन में मदद मिलती है।

स्वच्छता अभियान का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता में मीडिया ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डीसी ने कहा कि मीडिया की प्राथमिक भूमिका सरकार से जवाबदेही लेना और अनसुनी आवाजों को प्रशासन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के आने से मीडिया की भूमिका कुछ हद तक बदली है इसलिए अब मीडिया को ज्यादा जिम्मेदार होने की जरूरत है। सोलन जिले के एडीसी राहुल जैन ने कहा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम के लागू होने के बाद हिमाचल में कई आपदाएं आई हैं, लेकिन जानमाल के नुकसान में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रतिक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका प्रभावित समुदाय की होती है। प्रतिक्रिया के अलावा, मीडिया सामुदायिक जागरूकता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जैन ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा युवा स्वयंसेवकों की 2000 टास्क फोर्स को प्रशिक्षित किया गया है इसके अलावा 200 आपदा मित्रों को भी प्रशिक्षित किया गया है। जिला प्रशासन ने 520 राजमिस्त्रियों को भूकंप की दृष्टि से सुरक्षित इमारतों के निर्माण के तरीकों के बारे में प्रशिक्षित किया गया है। प्रशासन ने स्कूलों में सुरक्षित निर्माण मॉडल पर कार्यक्रम भी आयोजित किया है। उन्होंने कहा कि आपदा से पहले और आपदा के बाद मीडिया की अहम भूमिका होती है मीडिया के सकारात्मक भूमिका से दीर्घकालिक आपदा जोखिमों को कम किया जा सकता है जिससे जान-माल के नुकसान से बचा जा सकता है। इस अवसर पर सोलन बागवानी विभाग की उपनिदेशक डॉ. शिफाली ठाकुर ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत जिले में विभिन्न फलों सब्जियों और फूलों की किस्मों को आजमाया जा रहा है, ताकि सेब पर निर्भरता कम की जा सके। इसके अलावा पॉली हाउस और ग्रीन हाउस के माध्यम से संरक्षित खेती एवं जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है एवं मशीनीकरण और सप्लाई चेन भी विकसित की जा रही है। बागवानी क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### शोबन सिंह रावत कुमाऊं सभा के बने प्रधान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** कुमाऊं सभा (रजि.) झामपुर की आम बैठक में हुए चुनाव के परिणाम घोषित किए गए। इस चुनाव में सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए मतदान किया। इस चुनाव बलवंत सिंह बौरा अध्यक्ष, शोबन सिंह रावत प्रधान, लाल सिंह बंगारी महासचिव, राजेंद्र सिंह बिष्ट कोषाध्यक्ष बने। यह जीत न सिर्फ उनकी लोकप्रियता को दर्शाती है, बल्कि सभी सदस्यों के विश्वास और सहयोग का परिणाम है। नए निर्वाचित प्रतिनिधि अपने कार्यकाल में सभा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

### चंडीगढ़ में सिखाई जाएगी विधायी ड्राफ्टिंग की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा और लोकसभा सचिवालय द्वारा 26-27 सितंबर को चंडीगढ़ के महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने इसकी तैयारियों की समीक्षा की। संविधान एवं संसदीय अध्ययन संस्थान की सहायता से इस प्रशिक्षण में अधिकारियों और कर्मचारियों को लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग की तकनीक सिखाई जाएगी। उद्घाटन सत्र सुबह 10 बजे होगा, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भाषण देंगे। समापन समारोह 27 सितंबर को दोपहर में है, जिसमें राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष एवं वरिष्ठ विधायिका नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### हरियाणा में 1600 मेगावाट की नई थर्मल इकाइयां होंगी स्थापित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि पानीपत और हिसार में कुल 1600 मेगावाट की अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जिससे राज्य की बिजली उपलब्धता में बड़ी वृद्धि होगी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। एचपीजीसीएल को कोयला लिंकेज की मांग करने के निर्देश दिए गए ताकि परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। बैठक में बायोमास पैलेट की कमी और अन्य तकनीकी चुनौतियों पर भी चर्चा हुई, जिनका समाधान ऊर्जा मंत्रालय से अपेक्षित है। इसके अलावा, हरियाणा के ट्रांसमिशन नेटवर्क के विस्तार और स्मार्ट मीटर परियोजना को शीघ्र लागू करने पर भी जोर दिया गया। प्रदेश के प्रमुख शहरों सोनीपत और झज्जर के लिए आधुनिक अपग्रेडेशन योजनाएं भी प्रस्तावित हैं।

### बहादुरगढ़ नगर परिषद ने 22 करोड़ का बजट पास

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** बहादुरगढ़ नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने बुधवार को पार्षदों की बैठक में 22 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट पारित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शहर के 31 वार्डों में समान रूप से विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और प्रत्येक वार्ड में कम से कम 50-50 लाख रुपए के काम किए जाएंगे। पार्षदों से वार्डों की प्राथमिकता सूची मांगी गई है ताकि टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी कर विकास कार्य शुरू किए जा सकें। सरोज राठी ने बताया कि बजट की कमी अब विकास में सबसे बड़ी बाधा नहीं रहेगी। प्रदेश सरकार के सहयोग से यह राशि प्राप्त हुई है, जिससे लंबे समय से रुके हुए कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने साफ किया कि नगर परिषद की पहली प्राथमिकता सड़क, सफाई, पेयजल और रोशनी जैसी मूलभूत सुविधाएं बेहतर करना है। बैठक में सफाई व्यवस्था को लेकर उठाए गए सवालों पर चेयरपर्सन ने कहा कि किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ विकास करने का भरोसा दिया और कहा कि जनता को जल्द ही विकास के स्पष्ट परिणाम नजर आएंगे। बैठक में वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, ईओ अरुण नांदल सहित अन्य अधिकारी और पार्षद मौजूद रहे।

### गुरुग्राम में शराबी बेटे ने की पिता की हत्या

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-5 थाना क्षेत्र में शराब पीने से रोकने पर एक युवक ने अपने वकील पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। युवक शराब पीकर घर आया था। पत्नी ने जब उसे टोका तो उसके साथ मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। बीच-बचाव में पिता आए तो उनको भी घायल कर दिया गया। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पिता की मौत हो गई।

# खेलों में पुलिस अनुशासन की मिसाल: सीएम सैनी

## मधुबन पुलिस अकादमी में हुआ प्रतियोगिता का समापन समारोह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को मधुबन पुलिस अकादमी में 74वें अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती प्रतियोगिताओं के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन संस्कृति के शुभ दिन शरद नवरात्रों में हुआ है, जो खुशी की बात है। खेल और पुलिस बलों का गहरा संबंध है। खेल अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करने के साथ-साथ टीम भावना, आपसी सहयोग और अनुशासन सिखाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों व विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने फिटनेस के महत्व को देखते हुए कहा है कि जो फिट है वह हर क्षेत्र में हिट है। इसे साकार करने के लिए उन्होंने फिट इंडिया अभियान 2019 से शुरू किया। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2036 के ओलंपिक खेलों में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने इन खेलों को भारत में आयोजित कराने की इच्छा जताई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा पुलिस के जवानों ने सुरक्षा की ड्यूटी को तो बखूबी निभाया ही है, साथ ही देश को अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी दिए हैं। ऐसे खिलाड़ियों ने देश का मान और गौरव बढ़ाया है। हरियाणा पुलिस का प्रदेश में खेलों के प्रति उत्साहजनक माहौल बनाने में सराहनीय योगदान दिया है। हरियाणा पुलिस के खिलाड़ियों ने पद्मश्री, खेल रत्न, मेजर ध्यानचंद, अर्जुन, द्रोणाचार्य अवार्ड जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। कुश्ती हरियाणा का खेल है।

### खेलों के लिए किया विजन विकसित

**सीएम** सैनी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने लगभग 11 साल पहले खेलों के लिए एक विजन विकसित किया था। यह विजन है- हर बच्चे, हर युवा को खेल से जोड़ने व उसे अवसर देने का जिसमें खेल के प्रति ललक है, हर गांव में खेल का मैदान बनाने का। इस विजन का लक्ष्य है हरियाणा को भारत की खेल राजधानी बनाने का। सरकार ने खेल ढांचे को आधुनिक बनाया है। वर्ष 2015 में हरियाणा स्पोर्ट्स एंड फिजिकल फिटनेस पॉलिसी लागू की। इस नीति से खेल के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ा। तभी वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार द्वारा खेल नर्सरी योजना आरंभ की गई। इस समय प्रदेश में एक हजार 489 खेल नर्सरियां हैं जिनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021 बनाए गए। इसके तहत 550 नए पद बनाए गए। 224 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी गई। खिलाड़ियों के लिए श्रेणी-एक से चार तक के पदों की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया। 15 हजार 634 खिलाड़ियों को खेल उपकरण प्रदान किए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि हरियाणा पुलिस में खेल कोटे से शीघ्र भर्ती की जाएगी। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

# हरियाणा की 100 मंडियों में खरीफ दलहन और तिलहन की खरीद शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बुधवार को विपणन सीजन 2025-26 के लिए खरीफ दलहन और तिलहन खरीद की तैयारियों एवं उत्पादन की समीक्षा की। राज्य सरकार द्वारा 100 से अधिक मंडियों में खरीद का शेड्यूल तय किया गया है और फसलवार मंडियों को नामित किया गया है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मूंग की खरीद 23 सितम्बर से 15 नवंबर तक 38 मंडियों में की जाएगी। अरहर की खरीद दिसंबर में 22 मंडियों और उड़द की खरीद 10 मंडियों में होगी। मूंगफली की खरीद एक नवंबर से 31 दिसंबर तक 7 मंडियों में होगी, जबकि तिल की खरीद दिसंबर में 27 मंडियों में की जाएगी। सोयाबीन और रामतिल या काला तिल की खरीद अक्टूबर-नवम्बर में क्रमशः 7 और 2 मंडियों में होगी।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खरीद प्रक्रिया में किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने समय पर खरीद पर बल देते हुए कहा कि मंडियों में पर्याप्त भंडारण सुविधाएं और बोरियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

**मुख्य सचिव ने की खरीद तैयारियों और उत्पादन की समीक्षा**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि मूंग का क्षेत्रफल 2024-25 के 1.09 लाख एकड़ से बढ़कर 2025-26 में 1.47 लाख एकड़ हो गया है। पैदावार भी 300 किलोग्राम प्रति एकड़ से बढ़कर 400 किलोग्राम प्रति एकड़ तक पहुंच गई है। इसके परिणामस्वरूप मूंग का उत्पादन 32,715 मीट्रिक टन से बढ़कर 58,717 मीट्रिक टन तक होने का अनुमान है। अरहर एवं उड़द में भी क्षेत्रफल और उत्पादकता दोनों में सुधार हुआ है। वहीं तिल की खेती 800 एकड़ से बढ़कर 2,116 एकड़ तक पहुंच गई है और उत्पादन लगभग 446 मीट्रिक टन तक पहुंचने की संभावना है।

बैठक में सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विजयेंद्र कुमार, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रधान सचिव श्री डी. सुरेश, कृषि निदेशक श्री राजनारायण कौशिक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिग-21 को अंतिम सलामी: चंडीगढ़ में विदाई समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारतीय वायुसेना ने चंडीगढ़ के एयरफोर्स स्टेशन 12 विंग में मिग-21 फाइटर जेट की विदाई समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल की। यह ऐतिहासिक लड़ाकू विमान छह दशकों तक वायुसेना की ताकत रहा और अब 26 सितंबर को अपनी आखिरी उड़ान भरेगा। अभ्यास के दौरान मिग-21 को वाटर कैनन सैल्यूट भी दिया गया। दोपहर को वायुसेना के जंगी जहाजों ने आसमान में करतब दिखाए, जिनकी गर्जन आवाज पूरे शहर में गूंज उठी।

विदाई समारोह में आकाश गंगा स्काईडाइवर्स की टीम ने 8,000 फीट की ऊंचाई से पैराशूट के साथ शानदार करतब पेश किए, जिससे सभी दर्शक हैरान रह गए। उत्तर प्रदेश के आगरा से एयरफोर्स की विशेष टीम भी 26 सितंबर को इस समारोह में शामिल होगी। सूर्य किरण एरोबेटिक टीम भी मिग-21 को अंतिम सलामी देने के लिए चंडीगढ़ पहुंच चुकी है। इस विदाई समारोह के माध्यम से भारतीय वायुसेना मिग-21 की सेवा में योगदान देने वाले जांबाजों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगी।

# आईएएस शेखर विद्यार्थी बने झज्जर के प्रभारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर दो अहम फैसले लिए हैं। झज्जर जिले का नया प्रभारी अधिकारी शेखर विद्यार्थी को नियुक्त किया गया है, जबकि परियोजना भूमि चकबंदी के मामलों में अब प्रदेशभर के एसडीओ (सिविल) सक्षम प्राधिकारी होंगे। अभिलेखागार विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा अग्निशमन सेवाओं के महानिदेशक शेखर विद्यार्थी को उनके वर्तमान कार्यभार के साथ झज्जर जिले की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, विद्यार्थी तिमाही रिपोर्ट मॉनिटरिंग एवं कोऑर्डिनेशन सेल को भेजेंगे। इसमें 25 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की प्रगति, अपराधों की स्थिति, सेवा अधिकार अधिनियम के तहत सेवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक क्षेत्रों की समीक्षा शामिल होगी। वे सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों से जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में संवाद करेंगे। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से जुड़े किसी एक महत्वपूर्ण स्थल का निरीक्षण भी करेंगे। दूसरे अहम फैसले के तहत, हरियाणा सरकार ने परियोजना भूमि चकबंदी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2017 की धारा 4(1) के अंतर्गत सभी उप-मंडल अधिकारियों (नागरिक) को अपने-अपने क्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी नामित किया है।

# मौसमी बदलाव से स्वास्थ्य बचाव के लिए डाबर च्यवनप्राश का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



पंचकूला में गवर्नमेंट मॉडल प्राइमरी संस्कृति स्कूल में आयोजित जागरूकता सत्र में बच्चों और स्टाफ को मौसमी बदलाव के दौरान स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा बढ़ाने के उपाय बताए गए। काउंसलर रेणु माथुर ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है, जिससे सर्दी-खांसी और एलर्जी जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने सरल और प्रभावी उपाय अपनाने पर जोर दिया।

डाबर इंडिया के मार्केटिंग हेड अमित गर्ग ने डाबर च्यवनप्राश को प्रतिरक्षा बढ़ाने वाला प्राचीन और वैज्ञानिक रूप से समर्थित आयुर्वेदिक फॉर्मूला बताया। उन्होंने कहा कि यह त्रिदोष को संतुलित कर कीटाणुओं से लड़ने में मदद करता है और संक्रमणों से बचाव में असरदार है। डाबर के मैनेजर दिनेश कुमार ने भी च्यवनप्राश की विश्वसनीयता और आयुर्वेदिक विरासत पर जोर देते हुए इसे सुरक्षित और किफायती समाधान बताया। यह सत्र मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवन के लिए जागरूकता फैलाने में सहायक रहा।

## देश-विदेश

# भारत उभरती हुई ताकत : स्टब

## बोले- इंडिया को चीन या रूस न मानें पश्चिमी देश

**एजेंसी, हेलसिंकी**

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि भारत उभरती हुई महाशक्ति है। उसे रूस और चीन की तरह नहीं माना जा सकता। स्टब ने हेलसिंकी सिक्योरिटी फोरम 2025



की बैठक में पश्चिमी देशों को दिल्ली के साथ और गहरे संबंध बनाने के लिए कहा। स्टब ने रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने में भारत की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। फोरम 2025 में बोलते हुए स्टब ने कहा, मैंने पीएम मोदी से यूक्रेन के हालात पर बात की है। भारत का इसमें भू-राजनैतिक हित है, इसलिए हमें उन्हें शांति प्रयासों में शामिल करना होगा।' एक्सपर्ट्स का मानना है कि छोटे देशों में स्टब की बराबरी का कोई भी नेता नहीं है। उनकी ट्रम्प तक बहुत अच्छी पहुंच है। इतनी ताकत इससे पहले किसी भी छोटे यूरोपीय देश के नेता को नहीं मिली। (अनंत ज्ञान)

### यूक्रेन में शांति प्रक्रिया की शुरुआत सीजफायर से हो

**स्टब** ने कहा है कि यूक्रेन में शांति प्रक्रिया की शुरुआत युद्धविराम से होनी चाहिए। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक की औपचारिक तारीख तय होनी चाहिए। स्टब ने कहा कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंध जारी रखना चाहिए और साथ ही यूक्रेन को सैन्य मदद भी बढ़ानी होगी।

### कहा-भारत के साथ अच्छे से पेश आना बहुत जरूरी

**स्टब** ने पिछले महीने एक बयान में कहा था कि भारत के साथ, विदेश नीति में अधिक सम्मान और सहयोग दिखाना जरूरी है। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका इस खेल में हार जाएगा। स्टब ने चीन के तियानजिन में हुए शंघाई सहयोग संगठन समिट का भी जिक्र किया था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी शामिल थे।

# ऑनलाइन बेटिंग ऐप केस में सोनू सूद से पूछताछ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पूछताछ के लिए पहुंचे। एजेंसी ने उनसे कथित अवैध ऑनलाइन बेटिंग ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की। जानकारी के मुताबिक यह वही मामला है, जिसमें हाल ही में कई क्रिकेटर्स और फिल्मी हस्तियों से पूछताछ की जा चुकी है। ईडी की जांच 'वनएक्सबेट' नामक सट्टेबाजी ऐप से जुड़ी हुई है। यह ऐप भारत में गैरकानूनी है, लेकिन कथित तौर पर इसके जरिए बड़े पैमाने पर पैसों का लेन-देन और टैक्स चोरी की गई। आरोप है कि इस ऐप से जुड़ी कंपनियों ने सेलिब्रिटीज से विज्ञापन कराकर लोगों को प्लेटफॉर्म से जोड़ने की कोशिश की। इससे पहले इसी मामले में ईडी पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, सुरेश रैना और शिखर धवन से लंबी पूछताछ कर चुकी है। 23 सितंबर को युवराज सिंह से पूछताछ की गई थी। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में संत बन गया शैतान

## चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 स्टूडेंट्स ने लगाए यौन शोषण के आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के पूर्व चीफ स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण के आरोपों का बुधवार को खुलासा हुआ। छात्राएं इंस्टीट्यूट में ईडब्ल्यूसी स्कॉलरशिप के तहतपोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट कर रही हैं।



चैतन्यानंद पर उनसे गंदी बातें करने, अश्लील मैसेज भेजने और जबरन छूने का आरोप है। चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ 4 अगस्त को वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। तब वह इंस्टीट्यूट का प्रमुख था। उसे 9 अगस्त को पद से हटाकर निष्कासित किया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से चैतन्यानंद फरार है।

दिल्ली पुलिस ने शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से चैतन्यानंद की एक वॉल्वो कार जब्त की है। उस पर यूनाइटेड नेशन (यूएन) की नंबर प्लेट लगी थी। आमतौर पर ऐसे नंबर राजनयिकों को जारी किए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि चैतन्यानंद को यह नंबर यूएन से जारी नहीं हुआ था, उसने खुद ही लिखवाया था। (अनंत ज्ञान)

### छात्राएं बोलीं-हमें वार्डन ने मिलवाया था चैतन्यानंद से

**दिल्ली** पुलिस के मुताबिक, मठ और उसकी संपत्तियों के एडमिनिस्ट्रेटर पीए मुरली ने चैतन्यानंद के खिलाफ 4 अगस्त को शिकायत की थी। पूछताछ के दौरान 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। इनमें से 17 ने चैतन्यानंद पर यौन शोषण के आरोप लगाए। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले कुछ वार्डन ने उन्हें आरोपी से मिलवाया था। महिला फैकल्टी और कर्मचारी उनपर आरोपी की बातें मानने का दबाव डालती थीं।

# रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद 730 रुपए गिरा सोना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 24 सितंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 730 रुपए गिरकर 1,13,584 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,14,314 रुपए पर था। यह इसका ऑल टाइम हाई भी है। वहीं, चांदी भी 1,178 रुपए गिरकर 1,34,089 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले यह 1,35,267 रुपए पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत 37,422 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,13,584 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 48,072 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,34,089 रुपए प्रति किलो हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 386 अंक टूटा, निफ्टी 25100 के नीचे



**एजेंसी, मुंबई।** विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि की चिंता के कारण बुधवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 386.47 अंक या 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,715.63 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.60 अंक या 0.45 प्रतिशत गिरकर 25,056.90 पर आ गया। वहीं, इस बीच, रुपया शुरुआती निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.72 पर लगभग स्थिर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपया 88.80 तक गिर गया था, लेकिन बाद में सुधरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.67 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)

# असम राइफल्स पर हमले का मुख्य आरोपी काबू

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में 19 सितंबर को असम राइफल्स के काफिले पर हुए घात लगाकर हमले के मुख्य आरोपी को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर लिया है। इस हमले में असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए थे और पांच अन्य घायल हुए थे। मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर जिला पुलिस, 33 असम राइफल्स और अन्य सुरक्षा बलों ने बुधवार तड़के करीब 1 बजे कामेंग इलाके में विशेष अभियान चलाया। 47 वर्षीय खोमद्राम ओजित सिंह उर्फ केइलाल को पकड़ा गया।

**खोमद्राम ओजित सिंह ने कबूली हमले की बात**

पुलिस की पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) का जमानत पर बाहर आया सदस्य है और सीधे तौर पर 19 सितंबर के हमले में शामिल था। (अनंत ज्ञान)

# सीबीएसई 10वीं-12वीं कक्षाओं की परीक्षाएं 17 फरवरी से

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से होंगी। यह पहली बार है जब कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा एक शैक्षणिक सत्र में दो बार होगी। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, पहली परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक होने की संभावना है। जबकि दूसरी बार परीक्षा 15 मई से 1 जून तक हो सकती है। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 9 अप्रैल, 2026 तक होने की संभावना है। भारद्वाज ने कहा, सामान्य दिशानिर्देश के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रत्येक विषय की परीक्षा के लगभग 10 दिन बाद शुरू होगा और 12 दिन के भीतर पूरा हो जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि कक्षा 12वीं की फिजिक्स की परीक्षा 20 फरवरी, 2026 को होगी, तो मूल्यांकन 3 मार्च, 2026 को शुरू होगा और 15 मार्च, 2026 तक समाप्त होगा। (अनंत ज्ञान)

# पहलगाम हमले के आतंकियों का मददगार गिरफ्तार

**एजेंसी, श्रीनगर।** पहलगाम हमले के आतंकियों का मददगार पकड़ा गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार शाम को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम यूसुफ कटारी है। 26 साल का आरोपी कुलगाम का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यूसुफ ने हमले को अंजाम देने वाले द रेसिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराया था। उसे गिरफ्तार करने के बाद 14 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया है। पुलिस को कटारी के बारे में सुराग ऑपरेशन महादेव में बरामद हथियारों की जांच के दौरान मिला था। (अनंत ज्ञान)

# महाराष्ट्र में बाढ़, चार दिन में 8 लोगों की मौत

## आठ जिलों में 766 घर बाढ़ से प्रभावित, 33010 हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद

**एजेंसी, मुंबई**



महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गईं। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है। इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुईं। 10 में से 9 लोगों की मौत करंट लगने से हुई। कोलकाता के कई इलाके लगातार दूसरे दिन जलमग्न हैं।

वहीं, कोलकाता में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक 251.4 मिमी बारिश हुई थी। कोलकाता में 39 साल बाद एक दिन में इतनी ज्यादा बारिश हुई थी। इससे पहले 26 सितंबर 1986 को एक दिन में 259.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। भारी बारिश के चलते पूरा कोलकाता के ज्यादातर इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। 30 से ज्यादा फ्लाइट्स और कई ट्रेनें कैंसिल की गईं। स्कूल-कॉलेजों में 25 सितंबर तक छुट्टी की गई है। मूसलाधार बारिश से कई दुर्गा पूजा पंडालों और मूर्तियों को भी नुकसान पहुंचा है। (अनंत ज्ञान)

**जजमेंट** किसी एक सदस्य के अपराधी होने पर पूरे परिवार को परेशान नहीं किया जा सकता

# बुलडोजर एक्शन के खिलाफ आदेश देना सही: सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मंगलवार को कहा कि बुलडोजर एक्शन के खिलाफ आदेश देने पर उन्हें बेहद संतुष्टि मिली थी। इस फैसले में मानवीय पहलू भी जुड़ा था। किसी परिवार को सिर्फ इसलिए परेशान नहीं किया सकता कि उस परिवार का एक सदस्य अपराधी है। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के एक एकेडमिक समूह, 269वें फ्राइडे ग्रुप के कार्यक्रम में बोलते हुए गवई ने कहा- बेंच में उनके साथ जस्टिस केवी विश्वनाथन भी शामिल थे। हालांकि ज्यादातर श्रेय मुझे दिया गया है, लेकिन मैं



यह भी कहना चाहता हूं कि इस फैसले को लिखने का क्रेडिट जस्टिस विश्वनाथन को भी जाना चाहिए। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2024 में बुलडोजर एक्शन पर फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि अफसर जज नहीं बन सकते। वे तय न करें कि दोषी कौन है। बेंच ने ये भी कहा था कि 15 दिन के नोटिस के बगैर निर्माण गिराया तो अफसर के खर्च पर दोबारा बनाना पड़ेगा। अदालत ने 15 गाइडलाइंस भी दीं थीं।

### भारत में काम करने के लिए कानून का पालन करना होगा: कर्नाटक हाईकोर्ट

**एजेंसी, बेंगलुरु।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' को कर्नाटक हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने एक्स द्वारा केंद्र सरकार के टेकडाउन ऑर्डर को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट से साफ कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भारत में काम करने के लिए देश के कानून का पालन करना होगा। एक्स ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मांग की थी कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79(3)(बी) सरकारी अधिकारियों को अवरुद्ध करने के आदेश जारी करने का अधिकार नहीं देती। इसके बजाय, कंपनी ने तर्क दिया कि केवल अधिनियम की धारा 69ए, सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2009 के साथ, ऐसी कार्रवाई के लिए उचित कानूनी ढांचा प्रदान करती है।

**एक्स की केंद्र सरकार को चुनौती देने वाली याचिका खारिज**

## स्पोर्ट्स विंडो

### हॉकी इंडिया लीग संचालन परिषद ने ली यूपी रूद्राज की जिम्मेदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग की संचालन परिषद यूपी रूद्राज टीम का कामकाज देखेगी, चूंकि फ्रेंचाइजी ने आर्थिक चुनौतियों का हवाला देकर 2026 सत्र से नाम वापस ले लिया है। यूपी टीम ने इस सप्ताह लीग से हटने का फैसला किया। आयोजकों ने बुधवार को एक बयान में कहा, ''संचालन परिषद नई फ्रेंचाइजी खरीदने के इच्छुक पक्षों से बातचीत के लिए तैयार हैं।'' भारतीय उपकप्तान हार्दिक सिंह और उत्तर प्रदेश के दिग्गज खिलाड़ी ललित उपाध्याय इस टीम से जुड़े हैं। बयान में कहा गया, ''हमने यह कदम इसलिए उठाया है, ताकि हीरो हॉकी इंडिया लीग 2026 में यूपी रूद्राज के खिलाड़ियों की भागीदारी पर आंच नहीं आए और लीग में प्रतिस्पर्धी संतुलन बना रहे।'' वित्तीय कारणों और टीम मालिकों के सहयोग नहीं करने से हॉकी इंडिया लीग 2017 में बंद हो गई थी। पिछले साल सात साल के अंतराल के बाद इसे फिर शुरू किया गया। (अनंत ज्ञान)

### ग्लोबल शतरंज लीग खिलाड़ियों का ड्राफ्ट 26 सितंबर को

**एजेंसी, मुंबई।** ग्लोबल शतरंज लीग के तीसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों का ड्राफ्ट यहां शुक्रवार को निकाला जाएगा, जिसमें विश्व चैंपियन डी गुकेश, पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और आर प्रज्ञानानंदा 'आइकन खिलाड़ियों' में से होंगे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन चेन्नई में 13 से 24 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। उन्होंने यूएई और लंदन में पिछले दो सत्र खेले थे। टेक महिंद्रा और फिडे के संयुक्त टूर्नामेंट जीसीएल में छह फ्रेंचाइजी हैं। इसके लिए 36 खिलाड़ियों के ड्राफ्ट पूल में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारू नकामूरा, फेबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव भी हैं। वहीं, नीदरलैंड के अनीश गिरि, भारत के अर्जुन एरिगेसी, विश्व कप उपविजेता कोनेरू हम्पी, चार बार के विश्व चैंपियन होउ यिफान जैसे सितारे भी इसमें होंगे। पूल में आइकन, पुरुष, महिला और अंडर-21 वर्ग होंगे। हर फ्रेंचाइजी छह खिलाड़ियों को चुनेगी, जिसमें एक आइकन, दो पुरुष, दो महिला और एक अंडर-21 होगा। तीसरे सत्र की फ्रेंचाइजी में गत चैंपियन त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स, पीबीजी अलास्कन नाइट्स, अपग्रेड मुंबा मास्टर्स, गेंजेस ग्रैंडमास्टर्स, अल्पाइन एसजी पाइपर्स और अमेरिकन गैंबिट्ज हैं। गुकेश ने पिछले साल चीन के डिंग लिरेन के साथ विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के कारण इसमें भाग नहीं लिया था। (अनंत ज्ञान)

### भारत से हारने के बाद टीम का मनोबल नहीं टूटा: हुसैन तलत

**एजेंसी, अबुधाबी।** पाकिस्तान के हरफनमौला हुसैन तलत ने इन अटकलों को खारिज किया है कि भारत से एशिया कप सुपर 4 मैच में हारने के बाद टीम का मनोबल गिरा है। बल्लेबाजी हरफनमौला तलत ने श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट लेकर पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान की फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनी हुई है। इसके लिए पाकिस्तान को अब वीरवार को बांग्लादेश को हराना होगा। तलत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'श्रीलंका के खिलाफ मैच से पहले टीम में कोई मायूसी नहीं थी, लेकिन भारत से सुपर-4 का पहला मैच हारने के बाद किसी को अच्छा नहीं लग रहा था। यही वजह थी कि हमने इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।'' उन्होंने कहा, ''हम पर कोई दबाव नहीं था। आलोचना हो रही थी, लेकिन हमने उसे दरकिनार किया। कई बार अहम मुकाबले से पहले आलोचना टीम के लिए अच्छी नहीं होती।'' (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में ईवा लिस

**जर्मनी।** ईवा लिस अपने देश की नंबर-एक टेनिस खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने दुबई में हुए डब्ल्यूटीए 1000 चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। उनके पिता व्लादिमीर एक पूर्व टेनिस खिलाड़ी रह चुके हैं। ईवा लिस के खूबसूरती के चर्चे हर जगह होते हैं।



**एशिया कप : सुपर-4** दोनों टीमों को हार नहीं मंजूर, अब सिर्फ जीत का मिशन

# पाक-बांग्लादेश में करो या मरो की जंग आज

**एजेंसी, दुबई**

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच एशिया कप सुपर-4 का पांचवा मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान टीम ने एशिया कप सुपर-4 के अपने दूसरे मैच में श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। बता दें कि पाकिस्तान को सुपर 4 के अपने पहले मैच में भारत के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ी है। पाकिस्तान टीम ने पिछले मैच में पहले गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को 133 रन पर रोका। इस मैच में टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज शहीन अफरीदी ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए और हुसैन तलत और हारिस रऊफ ने भी 2-2 विकेट लिए है।

दूसरी पारी में पाकिस्तान टीम की शुरुआत भी खराब रही



और 80 रन पर आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। हुसैन तलत और मोहम्मद नवाज ने टीम को संभाला और इस करो-मरो मैच में जीत दिलाई। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को हराकर सुपर-4 में जीत के साथ खाता खोला है। बांग्लादेश अगर 24 तारीख को भारत के खिलाफ मैच हार जाती है तो पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश को बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 20 फॉर्मेट में पिछले 10 मैचों में पाकिस्तान ने 7 मैच जीते हैं और बांग्लादेश 3 मैच जीतने में कामयाब रही है। (अनंत ज्ञान)

### मौसम और पिच रिपोर्ट

**इस** मैच की वेदर रिपोर्ट अच्छी है। तापमान इस मैच में 35 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है और ह्यूमिडिटी 56 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 152 रन और दूसरी पारी का औसत स्कोर 146 रन रहा है। पाकिस्तान में इस मैदान पर अपना पिछला मैच भारत के खिलाफ खेला जिसमें वह 171 रन तक पहुंचने में कामयाब रही थी

# भारत ने की बांग्लादेश के गेंदबाजों की धुनाई



शॉट खेलता भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा।

**एजेंसी, दुबई**

भारत और बांग्लादेश के बीच एशिया कप का 16वां मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। बांग्लादेश के कार्यवाहक कप्तान जाकिर अली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करने आए भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने धीमी शुरुआत के बाद पांचवें ओवर में हाथ खोले और चौके-छक्कों की बारिश शुरू कर दी। भारत ने पावरप्ले में बांग्लादेश के गेंदबाजों की खूब कुटाई की और दोनों ने मिलकर 6 ओवर में 72 रन बना दिए, लेकिन 7वें ओवर में रिशाद हुसैन ने शुभमन गिल को तंजीम हसन साकिब के हाथों कैच करवाया। गिल 19 गेंदों में 29 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए शिवम दुबे कुछ खास नहीं कर पाए और मात्र तीन गेंदों में 2 रन बनाकर चलते बने। उन्हें भी रिशाद हुसैन ने तौहीद हृदोय के हाथों कैच करवाया। समाचार लिखे जाने तक टीम इंडिया ने 9 ओवर में 2 विकेट गंवाकर 91 रन बना लिए थे। अभिषेक शर्मा (57) रन बनाकर खेल रहे थे और उनका साथ कप्तान सूर्यकुमार यादव दे रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## बिग बैश लीग में सिडनी थंडर से जुड़ेंगे रविचंद्रन अश्विन

**एजेंसी, सिडनी**

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग के आगामी सत्र में सिडनी थंडर से जुड़ेंगे और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बन जाएंगे। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन ने थंडर को हामी भर दी है। फ्रेंचाइसी इस सप्ताह के अंत में इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकती है। अश्विन आईएलटी 20 नीलामी में भी शामिल हुए हैं। चार जनवरी को लीग के खत्म होने के बाद वह थंडर से जुड़ सकते हैं। बिग बैश लीग 14 दिसंबर से 18 जनवरी तक होगी।



क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने खुद इस महीने अश्विन से संपर्क करके बीबीएल में उनकी भागीदारी की संभावना पर बात की थी। अश्विन ने पिछले महीने आईपीएल से संन्यास ले लिया जिससे अब वह दुनियाभर में फ्रेंचाइजी लीग खेलने के लिए स्वतंत्र हैं। बीसीसीआई के सक्रिय खिलाड़ी विदेशी लीग नहीं खेल सकते जब तक कि वह राष्ट्रीय टीम या आईपीएल टीम से जुड़े हों। अश्विन ने बीबीएल विदेशी खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था लिहाजा क्रिकेट आस्ट्रेलिया उन्हें विशेष अनुमति देगा। अश्विन ने भारत के लिए 537 टेस्ट विकेट लिए हैं और आईपीएल में 221 मैचों में 187 विकेट चटकाए हैं। (अनंत ज्ञान)

## श्रेयस अय्यर ने लिया टेस्ट क्रिकेट से ब्रेक

**एजेंसी, हैदराबाद**

भारतीय टीम 2 अक्तूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज खेलने वाली है, लेकिन उससे पहले युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड से टेस्ट क्रिकेट से ब्रेक लेने की मांग करके सबको हैरान कर दिया है।



बता दें कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने श्रेयस अय्यर को नजरअंदाज कर दिया था, जिसकी वजह से उनकी काफी आलोचना भी हुई, लेकिन अब जब उनको वेस्टइंडीज टूर से पहले भारत की ए टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया तो यह कहा जाने लगा कि अब अय्यर की टेस्ट में वापसी लगभग तय है।

हालांकि, श्रेयस अय्यर ने उस वक्त सबको चौंका दिया जब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहला चार दिवसीय टेस्ट मैच खेलने के बाद दूसरे टेस्ट में कप्तानी से इस्तीफा दे दिया और सीरीज के बीच में ही लखनऊ कैंप को छोड़ दिया था। इसके बाद अब उन्होंने ने टेस्ट से ब्रेक लेने की मांग की है और खुद को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अय्यर ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि वह बार-बार होने वाली शारीरिक समस्याओं के कारण लगातार चार या उससे ज्यादा दिन नहीं खेल पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## एशियाई खेल-2026 के लिए कड़े चयन मानदंड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने 2026 एशियाई खेलों और अन्य बहु-खेल टूर्नामेंटों के लिए चयन मानदंड जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि सिर्फ पदक के प्रबल दावेदारों को ही मौका मिलेगा। मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी दस्तावेज में कहा गया है कि व्यक्तिगत खिलाड़ियों को तभी नामित किया जाएगा जब वे एशियाई स्तर पर रैंकिंग में शीर्ष छह में हों, जबकि टीम खेलों के लिए यह सीमा शीर्ष आठ तय की गई है। केवल वही खिलाड़ी, कोच और सपोर्ट स्टाफ भारतीय दल का हिस्सा होंगे, जिन्हें सरकारी खर्च पर भेजने की स्वीकृति मिली हो। निजी खर्च पर भी अतिरिक्त स्टाफ की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि यदि कोई खिलाड़ी सिर्फ भागीदारी के उद्देश्य से भेजा जा रहा है, तो उसे रोका जाएगा। यह नीति राष्ट्रमंडल खेल, पैरा एशियाड, युवा ओलंपिक जैसे आयोजनों पर भी लागू होगी। चयन का आधार पिछले 12 महीने का प्रदर्शन होगा। (अनंत ज्ञान)

## योगराज सिंह बोले-शुभमन और अभिषेक युवराज के 'बब्बर शेर'

**एजेंसी, चंडीगढ़**

एशिया कप में भारत की पाकिस्तान पर चार विकेट से जीत के बाद पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता और कोच योगराज सिंह ने शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की जमकर तारीफ की है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को युवराज सिंह के 'बब्बर शेर' बताते हुए कहा कि एक बाईं तो दूसरी दाईं बाजू हैं। अगर अभिषेक और शुभमन 15 ओवर खेलेंगे, तो वे हर मैच जीतेंगे।

योगराज सिंह ने कहा कि मैंने पहले ही कहा है जैसे कोच, वैसे चेले। जिस तरह युवराज खेल रहा था, उसी तरह अभिषेक खेल रहा है और वैसे ही शुभमन गिल खेल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि युवराज सिंह ने शुभमन गिल को अपने घर पर रखा है और उन्हें मां-बाप की तरह कोचिंग दी है। जब युवराज टीवी पर बैठकर उनके खेल को देखता है तो उसे गर्व होता है। ऐसे लगता है मेरे बच्चे खेल रहे हों। योगराज सिंह ने दोनों को बच्चों को घर में रखा। उन्हें प्यार देकर, मां-बाप की तरह कोचिंग दी। इसी तरह आज युवराज सिंह भी कर रहा है। उसने शुभमन गिल को अपने घर पर रखा। आपने कई वीडियो देखी होंगी, कभी वह गाड़ी चला रहा होता है, कभी अभिषेक उसके साथ होता है। जब युवराज टीवी पर बैठता है तो उनके खेल को देखकर गर्व करता है। मैंने उससे पूछा कि पहले तो ऐसा नहीं किया करता था। वह कहता है 'पापा, इनसे मुझे प्यार है। ऐसे लगता है जैसे ये मेरे अपने बच्चे हों।' जब इनकी बात करता है तो आंखें भी नम हो जाती हैं। यही खुदा से मिलने जैसा सुख है। (अनंत ज्ञान)

**नैया मझधार में छोड़कर न आया करो, मैच खत्म करके आओ**

### शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा को दी नसीहत

**शुभमन** गिल और अभिषेक को मैं समझाना चाहता हूं कि मैच खत्म करने करके आओ। बाद में देखो तुम अपना शतक बना सकते थे, दूसरा 60-70 रन बना सकता था। जब 15 ओवर में 171 बिना किसी विकेट के होते, तो मजा आ जाता। मैच ऐसे छोड़कर न आया करो।

## वनडे विश्व कप फाइनल का सपना नहीं, अब मिशन है : वोल्वार्ट



**एजेंसी, बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने कहा है कि अतीत से सबक लेते हुए उनकी टीम इस महीने महिला वनडे विश्व कप में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी और लक्ष्य पहली बार फाइल में जगह बनाने का का होगा। दक्षिण अफ्रीका पिछले दो वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा और लगातार दो टी20 विश्व कप में उपविजेता रहा। हाल ही में उसने पाकिस्तान को सीरीज में 2-1 से हराया।

वोल्वार्ट ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा, ''हमने इस टूर्नामेंट की बहुत अच्छी तैयारी की है और अतीत के आईसीसी टूर्नामेंटों से सबक लिया है। पिछले कुछ वनडे विश्व कप में हम सेमीफाइनल तक पहुंचे।'' उन्होंने कहा, ''मुझे याद है कि 2017 में पहली बार सेमीफाइनल में हारने पर कितने दुखी थे, लेकिन इससे हमने सीखा कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों का सामना कर सकते हैं और फाइनल में पहुंचना असंभव नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''इस बार हम पूरे आत्मविश्वास के साथ उतर रहे हैं और लय कायम रखना चाहेंगे। हमें कठिन हालात में अच्छी क्रिकेट खेलनी है।'' दक्षिण अफ्रीका को पहला मैच तीन अक्तूबर को गुवाहाटी में इंग्लैंड से खेलना है। (अनंत ज्ञान)

## अबरार और हसरंगा ने सेलिब्रेशन कॉपी करके एक-दूजे को चिढ़ाया

**एजेंसी, अबुधाबी**



पाकिस्तान के खिलाड़ी अबरार अहमद ने वानिंदु हसरंगा को आउट करने के बाद उनके विकेट सेलिब्रेशन की नकल उतारी, लेकिन इस बदतमीजी का जवाब हसरंगा ने अबरार को उन्हीं की भाषा में दिया। इसके बाद अबरार का मुंह देखने लायक था। हालांकि, श्रीलंका इस मैच को हार गई और अब उसकी एशिया कप 2025 के फाइनल में पहुंचे की संभावना लगभग खत्म हो गई है।

पाकिस्तान के खिलाडियों ने रविवार को भारत के खिलाफ भी बदतमीजी की थी। ऐसी ही घटिया हरकत पाकिस्तानी प्लेयर्स ने श्रीलंका के खिलाफ भी की, लेकिन भारतीय प्लेयर्स की ही तरह श्रीलंका के खिलाडियों ने उन्हें तगड़ा जवाब दिया। हसरंगा ने अपनी पारी की अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन अबरार की गेंद पर बोल्ड हो गए। इस विकेट के बाद अबरार ने हसरंगा के विकेट जश्न की नकल उतारी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि, हसरंगा ने तब तो कुछ नहीं कहा, लेकिन समय आने पर बदला ले लिया।

हसरंगा ने गेंदबाजी में बदला भी लिया। उन्होंने फखर जमां का शानदार कैच पकड़ने के बाद अपनी गेंदबाजी में सईम अयूब और सलमान अली आगा के विकेट लिए। तीनों बार उन्होंने अबरार के विकेट सेलिब्रेशन की कॉपी की। इस पर कैमरा सीधे अबरार के चेहरे पर गया तो उनका मुंह देखने लायक था। अब कोई चमत्कार ही श्रीलंका को फाइनल में पहुंचा सकता है, मतलब आधिकारिक तौर पर श्रीलंका अभी फाइनल की दौड़ से बाहर नहीं हुई है। अगर बांग्लादेश भारत और पाकिस्तान को बड़े अंतर से हरा दे, तो उसके 6 अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान के 2 ही अंक रह जाएंगे और फिर श्रीलंका भारत को बड़े अंतर से हराए। बांग्लादेश को छोड़कर अन्य 3 टीमों के 2-2 अंक हो जाएंगे। फिर नेट रन रेट के आधार पर सबसे ऊपर वाली टीम दूसरी फाइनलिस्ट होगी। (अनंत ज्ञान)

**रिव्यू गंवाकर अपने बॉलर पर भड़के पाकिस्तानी कप्तान, बाउंसर से फखर का टूटा हेलमेट**

एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा

## बेन स्टोक्स कप्तान और हैरी ब्रूक बने उपकप्तान

**एजेंसी, लंदन**



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित कर दी गई है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड को 21 नवंबर से 8 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 5 टेस्ट मैच खेलने हैं।

ओली पोप से उपकप्तानी छीन ली गई है। उनकी जगह युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को यह जिम्मेदारी दी गई है। भारत के खिलाफ जुलाई-अगस्त में हुई सीरीज में ओली पोप उपकप्तान थे। हालांकि, पोप 16 मेंबर्स वाली टीम में अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड में होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज के लिए भी इंग्लैंड की टीम घोषित कर दी गई है। ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड जाएगी। वहां 18 अक्तूबर से नवंबर तक इंग्लैंड को तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने हैं। (अनंत ज्ञान)

### टीम में 6 फास्ट बॉलर्स शामिल

**इंग्लैंड** की टीम में 6 तेज गेंदबाज शामिल हैं। जोफ्रा आर्चर पूरी तरह फिट हैं और वे इंग्लैंड के पेस अटैक को लीड करेंगे। उनके अलावा ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स, जोश टंग, मार्क वुड और खुद कप्तान स्टोक्स टीम के अन्य तेज गेंदबाज हैं। पूरी तरह फिट नहीं होने की वजह से क्रिस वोक्स बाहर हो गए हैं। शोएब बशीर और विल जैक्स के रूप में दो स्पेशलिस्ट स्पिनर्स को भी शामिल किया गया है।

### नंबर-3 पर खेल सकते हैं जैकब बेथल

**ओली** पोप ने भले ही टीम में जगह बना ली है लेकिन उनका नंबर-3 पर खेल पाना मुश्किल माना जा रहा है। युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल को इस नंबर पर मौका मिल सकता है। बेथेल ने भारत के खिलाफ अगस्त में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज में डेब्यू किया था। उन्हें हैरी ब्रूक के बाद इंग्लैंड में इस समय सबसे प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज माना जा रहा है।

## मेरा फोकस अब फ्रीस्टाइल पर : श्रीहरि नटराज

**एजेंसी, अहमदाबाद।** भारत के स्टार बैकस्ट्रोक तैराक श्रीहरि नटराज ने कहा है कि अब उनका फोकस फ्रीस्टाइल पर अधिक है, जिसमें बिना विशेष प्रशिक्षण के उन्होंने प्रभावी प्रदर्शन किया है। नटराज 28 सितंबर से 11 अक्तूबर तक यहां होने वाली एशियाई एक्वाटिक चैम्पियनशिप में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे। उन्होंने कहा, ''बैकस्ट्रोक हमेशा से मेरी मुख्य स्पर्धा रही है, लेकिन इस साल मैं फ्रीस्टाइल पर अधिक फोकस कर रहा हूं, खासकर 100 और 200 मीटर पर।''

उन्होंने कहा, ''मैंने महसूस किया है कि विशेष प्रशिक्षण के बिना भी फ्रीस्टाइल में मेरी टाइमिंग साल दर साल बेहतर हो रही है। इससे हमें इस सत्र में प्राथमिकतायें तय करने में मदद मिली है।'' नटराज ने इस साल एफआईएसयू ग्रीष्मकालीन विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 49.46 सेकंड का समय निकालकर एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाड़े का 17 साल पुराना 49.47 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भी एक मिनट 48.11 सेकंड का समय निकाला जो किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। (अनंत ज्ञान)

**एक्शन** टी-20 वर्ल्ड कप और एलए-2028 ओलंपिक में खेलती रहेंगी अमेरिकी टीमें

## आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट को किया सस्पेंड

**एजेंसी, हैदराबाद**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यूएसए क्रिकेट की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की घोषणा की है। आईसीसी ने कहा कि यह निर्णय पिछले एक साल में मामलों की गहन समीक्षा और प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक बातचीत के बाद लिया गया है।

आईसीसी ने कहा, पिछले एक साल में मामलों की गहन समीक्षा और प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक बातचीत के बाद आईसीसी ने आज यूएसए क्रिकेट की आईसीसी सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की पुष्टि की है। एक मीडिया बयान में आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट पर आईसीसी सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का बार-बार



और लगातार उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। यह निर्णय 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के साथ ओलंपिक कैलेंडर में क्रिकेट की वापसी से पहले आया है, लेकिन आईसीसी ने अमेरिकी राष्ट्रीय टीमों को अपनी प्रतियोगिताओं में भाग लेने और इस भव्य आयोजन की तैयारी करने की अनुमति दी है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहा आईसीसी ने

**आईसीसी** ने अपने बयान में कहा कि, आईसीसी बोर्ड द्वारा अपनी बैठक में लिया गया निर्णय यूएसए क्रिकेट द्वारा आईसीसी संविधान के तहत एक आईसीसी सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का बार-बार और लगातार उल्लंघन करने पर आधारित है। इसमें एक कार्यात्मक शासन संरचना को लागू करने में विफलता, संयुक्त राज्य अमेरिका ओलंपिक और पैरालंपिक समिति के साथ राष्ट्रीय शासी निकाय का दर्जा प्राप्त करने की दिशा में प्रगति की कमी, और संयुक्त राज्य अमेरिका और दुनिया भर में क्रिकेट की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कार्रवाइयां शामिल हैं।